
kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ़ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-70 ❒ शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



ममता दीदी को किसानों से नहीं, बल्कि कुर्सी से प्रेम है। सत्ता हासिल करने के लिए किसानों की भावनाओं का इस्तेमाल किया गया, लेकिन बाद में उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया गया।

शिवराज सिंह चौहान

आरसीबी और रॉयल्स के मुकाबले में नजरें शीर्षक्रम के बल्लेबाजों पर 10

पटियाला के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं जांच जारी 12

## संक्षेप

### आस्ट्रिया के चांसलर 14 अप्रैल को चार दिन की भारत यात्रा पर आयेंगे

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रिया के चांसलर डॉ. क्रिश्चियन स्टॉकर 14 से 17 अप्रैल तक चार दिन की भारत पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही यात्रा में चांसलर के साथ आस्ट्रिया के अर्थव्यवस्था, ऊर्ज़ा और पर्यटन मंत्री डॉ. वोल्फगैंग हैटमैनसडॉर्फर, वरिष्ठ अधिकारी और व्यापारिक नेता भी आ रहे हैं। यह चांसलर स्टॉकर का भारत का पहला और एशिया का पहला औपचारिक दौरा भी होगा। श्री मोदी और डॉ स्टॉकर अनेक क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे।वह क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे जिसमें बहुपक्षीय मंचों में सहयोग भी शामिल है। प्रधानमंत्री सम्मानित अतिथि के सम्मान में दोपहर का भोज भी आयोजित करेंगे।

### औद्योगिक इकाइयों को मिलेगा 70% एलपीजी कोटा, नए दिशा-निर्देश

**लखनऊ।** केन्द्र सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने देश की प्रमुख औद्योगिक इकाइयों के लिए बल्क नॉन-डोमेस्टिक एलपीजी यानी थोक गैर-घरेलू एलपीजी के आवंटन के लिए नए दिशा निर्देश जारी किए हैं। सरोजनीनगर उद्योग क्षेत्र के कारोबारियों ने बताया कि मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल की ओर बुधवार को आधिकारिक आदेश जारी किया गया है। इसके अनुसार, फार्मा, फूड, स्टील, एग्रो और पेंट जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की औद्योगिक इकाइयों को मार्च 2026 से पहले के उनके औसत उपभोग का 70 प्रतिशत एलपीजी कोटा आवंटित किया जाएगा।

# युद्धविराम पर संकट गहराया

## ईरान-अमेरिका टकराव, इजरायल के लेबनान पर भीषण हमले से शांति प्रक्रिया डगमगाई

एजेंसी

❒ ईरान के तीन-सूत्री उल्लंघन के दावों पर बोले वेंस, 'हमेशा पेचीदा होते हैं युद्धविराम'

❒ ईरान ने अपने प्रतिनिधिमंडल के पाकिस्तान पहुंचने संबंधी पोस्ट को हटाया, वार्ता को लेकर संदेह की स्थिति

तेहरान/तेलअवीव/वाशिंगटन। मध्य पूर्व में जारी तनाव एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है, जहां अमेरिका और ईरान के बीच हुआ युद्धविराम समझौता लागू होने के कुछ ही घंटों के भीतर गंभीर विवादों और हिंसक घटनाओं में उलझ गया। एक ओर ईरान ने समझौते के तीन प्रमुख बिंदुओं के उल्लंघन का आरोप लगाया है, वहीं अमेरिका के उपराष्ट्रपति ने इन आरोपों को युद्धविराम की स्वाभाविक जटिलता बताते हुए स्थिति को सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा करार दिया है। इस बीच इजरायल द्वारा लेबनान में अब तक के सबसे बड़े हमले ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर दिया है, जिससे शांति प्रयासों पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

वॉशिंगटन में मीडिया से बातचीत करते हुए वेंस ने कहा कि यदि ईरान के पास केवल तीन असहमति के बिंदु हैं, तो इसका अर्थ है कि व्यापक स्तर पर सहमति बनी हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ह्लकोई भी युद्धविराम पूरी तरह सुचारू नहीं होता, इसमें उतार-चढ़ाव स्वाभाविक हैं।ङ्क वेंस ने यह भी कहा कि अमेरिका का प्राथमिक उद्देश्य बमबारी को रोकना है और इसके लिए वह अपने सहयोगियों के साथ-साथ ईरान से भी संयम की अपेक्षा करता है।

हालांकि, ईरान की ओर से प्रतिक्रिया काफी सख्त रही। ईरानी संसद के अध्यक्ष ने अमेरिका पर समझौते के तीन अहम प्रावधानों के जानबूझकर उल्लंघन का आरोप लगाया। उनके अनुसार पहला उल्लंघन लेबनान में युद्धविराम लागू न करना, दूसरा ईरान के हवाई क्षेत्र में ड्रोन की घुसपैठ, और तीसरा ईरान के परमाणु संवर्धन के अधिकार को नकारना है। गालिबाफ ने कहा कि जब समझौते की मूल शर्तों का ही पालन नहीं किया जा रहा, तो वार्ता का कोई औचित्य नहीं रह जाता।

स्थिति तब और अधिक जटिल हो गई जब इजरायल ने युद्धविराम के तुरंत बाद लेबनान में व्यापक सैन्य अभियान शुरू कर दिया। राजधानी बेरूत, बेका घाटी और दक्षिणी क्षेत्रों में हुए हवाई हमलों में सैकड़ों लोगों की मौत और हजारों के घायल होने की खबर है। इजरायली सेना ने इन हमलों को हिजबुल्ला के ठिकानों को नष्ट करने की कार्रवाई बताया है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इसे शांति प्रयासों के लिए बड़ा झटका माना है।

इजरायल के प्रधानमंत्री ने इन हमलों का बचाव करते हुए दावा किया कि इजरायल और अमेरिका ने ईरान के खिलाफ असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि ईरान की मिसाइल और परमाणु क्षमताओं को गंभीर नुकसान पहुंचाया गया है।



### लेबनान पर इजरायली हमलों में 254 लोगों की मौत

**मास्को।** लेबनान पर इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 254 लोग मारे गए और 1,165 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी अल जज़ीरा ने लेबनानी नागरिक सुरक्षा के हवाले से गुरुवार को दी। बुधवार को, इजरायली विमानों ने मध्य बेरूत के मज़रा, मनारा, ऐन अल मरेसेह और बरबोर इलाकों के साथ-साथ दक्षिणी उपनगरों के आठ इलाकों पर हमला किया। लेबनानी आंदोलन हिजबुल्लाह ने कहा कि इजरायल द्वारा लेबनान पर की गई बमबारी आंदोलन को जवाबी कार्रवाई का अधिकार देती है। तुर्की ने लेबनान पर इजरायल के हमलों की निंदा की है, जिसके परिणामस्वरूप कई लोग हताहत हुए हैं। तुर्की के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''हम लेबनान पर इजरायल के बढ़ते हमलों की कड़ी निंदा करते हैं जिनके परिणामस्वरूप भारी जानमाल का नुकसान हुआ है। ये हमले देश में मानवीय स्थिति को और भी बदतर बना रहे हैं।

### समझौता होने तक ईरान के आसपास तैनात रहेंगे अमेरिकी जहाज़, विमान : ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ अंतिम समझौते के पूरी तरह लागू होने तक उनके युद्धपोत, विमान और सैन्य बल ईरान के आसपास तैनात रहेंगे। श्री ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर कहा, '' अमेरिका के सभी जहाज, विमान और सैन्य कर्मी, अतिरिक्त गोला-बारूद, हथियार और अन्य सभी चीजें ईरान में और उसके आसपास तब तक तैनात रहेंगे, जब तक कि वास्तविक समझौते का पूरी तरह से पालन नहीं हो जाता। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समझौता लागू नहीं हुआ, तो संघर्ष पहले से कहीं अधिक बड़ा, बेहतर और अधिक ताकतवर'' रूप ले सकता है।अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अमेरिका लंबे समय से इस बात पर कायम है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा और होर्मुज जलडमरूमध्य खुला तथा सुरक्षित रहेगा। उन्होंने संकेत दिया कि अमेरिकी सेना हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है और आगे की कार्रवाई के लिए पूरी तरह से सतर्क है।

# कई मंदिरों में चढ़ती है, शराब क्या कोर्ट रोकेगा!

## सबरीमाला बहस में केंद्र बोला—हस्तक्षेप सीमित हो

एजेंसी



❒ सुप्रीम कोर्ट में धार्मिक प्रथाओं बनाम अधिकारों पर बहस, आस्था, महिलाओं के अधिकार और न्यायिक दखल की सीमा तय करने में जुटी 9 जजों की पीठ

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मामले की सुनवाई के दौरान गुरुवार को धार्मिक परंपराओं, महिलाओं के अधिकारों और न्यायिक हस्तक्षेप की सीमाओं पर गहन बहस हुई। नौ जजों की संविधान पीठ इस मामले में लगातार तीसरे दिन सुनवाई कर रही है, जिसमें यह तय किया जा रहा है कि धार्मिक स्वतंत्रता और समानता के अधिकार के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए।

केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने बहस के दौरान एक अहम उदाहरण देते हुए कहा कि देश के कई मंदिरों में प्रसाद के रूप में शराब भी चढ़ाई जाती है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या भविष्य में अदालत ऐसे धार्मिक रीति-रिवाजों पर भी रोक लगाएगी? उनका तर्क था कि धार्मिक प्रथाओं में हस्तक्षेप करने से पहले उनकी प्रकृति और परंपरा को समझना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार शाकाहारी मंदिरों में कोई व्यक्ति मांसाहारी भोजन की मांग नहीं कर सकता, उसी तरह किसी विशेष सम्प्रदाय की धार्मिक प्रथाओं में बाहरी व्यक्ति अपनी पसंद या अधिकार के नाम पर बदलाव की मांग नहीं कर सकता। यह उस समुदाय के श्रद्धालुओं के अधिकारों में दखल होगा। इससे पहले सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अपनी दलीलों में कहा कि सबरीमाला पर पहले दिया गया फैसला एक गलत धारणा पर आधारित था, जिसमें यह माना गया कि पुरुषों को श्रेष्ठ और महिलाओं को निम्न समझा जाता है। उन्होंने कहा कि देश में कई ऐसे मंदिर हैं जहां केवल महिलाओं को ही प्रवेश मिलता है, कहीं अविवाहित पुरुषों का प्रवेश वर्जित है, और कहीं विवाहित पुरुषों को महिलाओं के वेश में ही प्रवेश करना पड़ता है। ऐसे में किसी एक परंपरा को भेदभावपूर्ण मान लेना उचित नहीं है। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि सबरीमाला का मुद्दा 'पुरुष प्रधान पूजा' का नहीं है, बल्कि यह धार्मिक परंपराओं और संवैधानिक अधिकारों के बीच संतुलन का मामला है। सरकार ने अपनी दलीलों को संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 तक सीमित रखते हुए कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार पूर्ण नहीं है, लेकिन इसमें न्यायिक हस्तक्षेप भी सीमित होना चाहिए। एएसजी नटराज ने संविधान की व्याख्या करते हुए बताया कि अनुच्छेद 25 धार्मिक स्वतंत्रता देता है, जबकि राज्य को इसे नियंत्रित करने का अधिकार भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 25

● शेष पेज 11 पर

# असम, केरलम, और पुडुचेरी में बम्पर मतदान

❒ पुडुचेरी में सबसे अधिक 86.92, असम में रिकॉर्ड 84.42% मतदान, केरल में 75 फीसदी के साथ स्थिर रहा वोटिंग

एजेंसी



नई दिल्ली। गुरुवार को असम, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान में जोरदार रुझान देखा गया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पुडुचेरी में सबसे अधिक 86.92 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसके बाद असम में 84.42 प्रतिशत और केरल में 75.01 प्रतिशत मतदान होने की खबर है। हालांकि यह अंतिम आंकड़ा नहीं है।

असम में सभी 126 विधानसभा सीटों पर एक चरण में मतदान हुआ। शाम 5 बजे तक अनुमानित 84.42 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो 2021 के विधानसभा चुनावों के 82.04 प्रतिशत से अधिक है। प्रदेश में कड़ी टक्कर देखी जा रही है। भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए लगातार तीसरी बार सत्ता में बने रहने की कोशिश कर रहा है, जबकि कांग्रेस एक दशक बाद सत्ता में वापसी का लक्ष्य लेकर चुनाव लड़ रही है।

असम के दलगांव विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 94.57 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जबकि अमरी क्षेत्र में सबसे कम 70.40 प्रतिशत मतदान रहा। इस चुनाव में कुल 722 उम्मीदवार मैदान में हैं। राज्य के 35 जिलों में फैले 31,490 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान चला। केरल में सभी 140 विधानसभा सीटों के लिए मतदान शाम 6 बजे समाप्त हुआ। हालांकि, कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लगी रहीं। निर्धारित समय के बाद भी कतार में खड़े मतदाताओं को टोकन जारी कर उन्हें वोट डालने की अनुमति दी गई। शाम 5 बजे तक केरल में 75.01 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो 2021 के 74.06 प्रतिशत से थोड़ा अधिक है।

## सीबीएसई ने तीसरी भाषा शुरू करने के लिए स्कूलों को दिया सात दिन का समय

नयी दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने गुरुवार को जारी एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा है कि बोर्ड से जुड़े सभी विद्यालयों में 2026-27 के अकादमिक सत्र से छठी कक्षा से तीसरी भाषा (आर3) शुरू करना अनिवार्य है। बोर्ड ने इस कदम को ज़रूरी और अनिवार्य बताते हुए कहा कि भले ही पाठ्य पुस्तक उपलब्ध न हों, सभी विद्यालयों को इसे तुरंत लागू करना शुरू कर देना चाहिए। सीबीएसई ने कहा, ''हमें पता चला है कि कई स्कूलों ने पहले ही आर3 को लागू करना शुरू कर दिया है... बाकी सभी स्कूलों को निर्देश दिया जाता है कि वे इस अधिसूचना के जारी होने की तारीख से सात दिनों के भीतर इसका पालन सुनिश्चित करें। बोर्ड ने विद्यालयों से कहा है कि वे आधिकारिक पाठ्य पुस्तक आने तक, स्थानीय रूप से उपलब्ध किताबों और अध्ययन सामग्री का इस्तेमाल करके तीसरी भाषा पढ़ाना तुरंत शुरू कर दें। अधिसूचना में स्कूल अधिकारियों को बताया गया है कि आर3 के लिए पाठ्य पुस्तक जल्द ही उपलब्ध करा दी जाएंगी।

# यूपी में 12 आईपीएस अधिकारियों के तबादले, कई जिलों में नई तैनाती

कैनविज टाइम्स ब्यूरो




लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने गुरुवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 12 अधिकारियों का तबादला कर दिया।

इस संबंध में पुलिस मुख्यालय की तरफ से जारी आदेश के तहत विभिन्न जनपदों और पुलिस कमिश्नरेट में तैनात अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी सूची के अनुसार, आईपीएस अधिकारी सागर जैन को सहारनपुर (ग्रामीण) से प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। मनोज कुमार रावत को गोंडा (पूर्वी) से संभल (दक्षिणी) में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर भेजा गया है। वहीं आयुष विक्रम सिंह को मेरठ (नगर) से बहराइच (नगर) में नई तैनाती दी गई है।

इसी क्रम में विनायक गोपाल भोसले को सीतापुर से मेरठ (नगर) और अंतरिक्श जैन को मेरठ से बुलंदशहर (ग्रामीण) में अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। सुश्री दिविकल जैन को गौतमबुद्धनगर से लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट तथा सुश्री लिपि नागायच को गाजियाबाद से वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त के पद पर नियुक्त किया गया है। राजकुमार मीणा को प्रयागराज से मिर्ज़ापुर (नक्सल) और कुशभ रूनवाल को लखनऊ से सोनभद्र (नक्सल) में अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में तैनाती मिली है। आलोक कुमार को संभल से प्रतापगढ़ (नगर पूर्वी) तथा डॉ. ईशान सोनी को वाराणसी से जालौन भेजा गया है। इसके अलावा मयंक पाठक को अलीगढ़ से सहारनपुर (ग्रामीण) में अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

### यूपी में बड़े पैमाने पर एएसपी व डीएसपी के तबादले, जिलों में मिली नई तैनाती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को बड़े स्तर पर पुलिस विभाग में फ़ेरबदल करते हुए कई अधिकारियों के तबादले किए हैं। जारी आदेश के तहत विभिन्न जिलों, पुलिस कमिश्नरेट और विशेष इकाइयों में तैनात अपर पुलिस अधीक्षकों (एएसपी) व पुलिस उपाधीक्षकों (डीएसपी) को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। पुलिस मुख्यालय की तरफ से जारी सूची के अनुसार, सतीश चंद्र शुक्ला को भदोही से चंदौली, प्रेमचंद को उन्नाव से राज्य मानवाधिकार आयोग लखनऊ, तथा अभिषेक प्रताप अजय को कन्नौज से बुलंदशहर में अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में तैनात किया गया है। इसके अलावा राजेन्द्र कुमार मिश्र को मेरठ से गोरखपुर

● शेष पेज 11 पर

# टीएमसी राज में मां-माटी और मानुष परेशान : पीएम

एजेंसी

❒ मोदी ने बंगाल के हल्दिया में छह गारंटियों के साथ भय, भ्रष्टाचार के मुद्दे पर तृणमूल पर किया तीखा प्रहार

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पूर्वी मेदिनीपुर के हल्दिया में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य के लोगों के लिए छह गारंटियों का एलान किया।

श्री मोदी द्वारा घोषित इन गारंटियों में शासन-प्रशासन में लोगों का भरोसा फिर से कायम करना, जवाबदेही सुनिश्चित करना, भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई, संवैधानिक अधिकारों की रक्षा और सातवें वेतन आयोग को लागू करना शामिल है।

प्रधानमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 'विजय संकल्प सभा' को संबोधित करते हुए कहा, '' पश्चिम बंगाल में बदलाव की शुरुआत तब हुई, जब भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम में सुश्री ममता बनर्जी को हराया। इस चुनाव में वह भवानीपुर में सुश्री ममता को हराएंगे, और भाजपा राज्य की बाकी सभी सीटों पर तृणमूल कंग्रेस को शिकस्त देगी।''


गौरतलब है कि पूर्वी मेदिनीपुर जिले में विधानसभा की 16 सीटें हैं। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत 'भारत माता की जय' के नारों के साथ की और सत्ताधारी तृणमूल कंग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा, '' तृणमूल की यह बेरहम सरकार अब जाने वाली है। उन्होंने तृणमूल पर शासन-प्रशासन के हर स्तर पर डर फैलाने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा, तृणमूल ने लोगों और सिस्टम के अंदर डर फैला दिया है। हम इस डर को भरोसे में बदल देंगे।'' अपनी छह गारंटियों को गिनाते हुए श्री मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार लोगों के प्रति जवाबदेह होगी, अपराध और दुष्कर्म के सभी मामलों की फाइलें फिर से खोलेगी और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार

● शेष पेज 11 पर

## पॉवरलूम बुनकरों के बिजली बिल में कमी लाने को बनाएं व्यवहारिक योजना : योगी

# बुनकरों का सम्मान करना हमारी प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि बुनकर केवल परम्परा के संवाहक नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था के सशक्त आधार हैं। ऐसे में उनकी आय, सम्मान और आजीविका की स्थिरता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। वर्तमान में बुनकरों के सामने कच्चे माल की बढ़ती लागत, डिजाइन और आधुनिक तकनीक का अभाव तथा सीमित बाजार पहुंच जैसी चुनौतियां हैं। इन समस्याओं का समाधान केवल योजनागत सहायता से नहीं, बल्कि एक सुदृढ़ एवं समन्वित तंत्र विकसित कर सम्भव है। मुख्यमंत्री ने इस दिशा में परिणामोन्मुख, क्लस्टर-आधारित नई कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आहूत एक बैठक में हथकरघा विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्रदेश में लगभग 1.99 लाख बुनकर कार्यरत हैं और उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में देश में छठवें स्थान पर है। कालीन, दरी एवं मैट के उत्पादन में प्रदेश अग्रणी है, जबकि बेडशीट, फर्निशिंग और ब्लैंकेट जैसे उत्पादों में भी राज्य की मजबूत उपस्थिति है। वर्ष 2024-25 में देश का कुल हथकरघा निर्यात 1178.93 करोड़ रुपये रहा, जिसमें उत्तर प्रदेश का योगदान 109.40 करोड़ रुपये (लगभग 9.27 प्रतिशत) रहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुनकर बहुल क्षेत्रों की पहचान कर वहां क्लस्टर विकसित किए जाएं, ताकि उत्पादन, गुणवत्ता और विपणन को एकीकृत किया जा सके। यह क्लस्टर केवल उत्पादन तक सीमित न रहकर पूर्ण वैल्यू चेन के रूप में विकसित हों, जहां डिजाइन, ब्राण्डिंग, पैकेजिंग और बाजार तक पहुंच एक ही ढांचे में सुनिश्चित की जाये। बैठक में क्लस्टर चयन, बेसलाइन सर्वे, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी0पी0आर0) तैयार करने, इन गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा सतत अनुश्रवण जैसे पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक क्लस्टर में सीमित संख्या में बुनकरों को संगठित कर पंजीकृत इकाइयों के रूप में विकसित किया जाए, जिससे सामूहिक उत्पादन और विपणन को बढ़ावा मिले। साथ ही, इन क्लस्टरों को आधुनिक तकनीक, उन्नत उपकरणों और कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जाए, ताकि उत्पादों की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार हो।

डिजाइन और विपणन को सुदृढ़ बनाने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्पाद की सफलता बाजार की मांग के अनुरूप होने पर ही सम्भव है। मुख्यमंत्री ने 'डिजाइनर-कम-मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव' तथा 'डिजाइन हाउस/सोर्सिंग-बाइंग एजेंसी/एक्सपोर्ट हाउस' जैसे संस्थागत तंत्र को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश देते हुये कहा कि इससे उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, बड़े बाजारों तक पहुंच और बुनकरों की आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी। डिजिटल प्लेटफॉर्म, ई-कॉमर्स और ब्राण्डिंग के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जाय, ताकि बुनकरों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ा जा सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पावरलूम बुनकरों के विद्युत बिल में कमी लाने के लिए बेहतर प्रयासों की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस सम्बन्ध में हथकरघा विभाग और पावर कॉर्पोरेशन मिलकर कार्ययोजना तैयार करेंगे। मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्ज़ा को बढ़ावा देने पर विशेष बल देते हुए कहा कि इससे बुनकरों की विद्युत लागत में कमी आएगी और उन्हें दीर्घकालिक राहत मिलेगी। उन्होंने इस दिशा में प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का बुनकर समुदाय राज्य की समृद्ध परम्परा, रोजगार और अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए ऐसी संतुलित, पारदर्शी और व्यावहारिक नीति तैयार की जाए, जिससे बुनकरों को वास्तविक राहत, उद्योग को नई गति मिले और प्रदेश की पारम्परिक बुनकरी को सशक्त आधार प्राप्त हो सके। इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# निजी स्कूलों में अभिभावकों का शोषण करने व मोटी फीस लेने पर गरजे शिव सैनिक

**कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से बेसिक में माध्यमिक शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया**



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मुरादाबाद । शिवसेना (शिंदे गुट) मुरादाबाद के जिला प्रमुख नन्हे चौधरी के नेतृत्व में गुरुवार को शिवसैनिकों ने नया शिक्षण सत्र शुरू होते ही निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों का जमकर शोषण करने और वार्षिक शुल्क व नवीनीकरण के नाम पर मोटी फीस लिए जाने के खिलाफ कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से बेसिक में माध्यमिक शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया।

इस दौरान शिवसेना के मंडल प्रमुख गुड्डू सैनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के समस्त शिक्षण संस्थान मे बेहतर सुविधा न होने के कारण आज-कल अभिभावकों के बीच प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने का चलन प्रचलित है। महंगी फीस, महंगी ड्रेस और महंगा पाठ्यक्रम स्कूलों द्वारा व्यवसाय के नाम पर जमकर लूटपाट की जा रही है। जिससे अभिभावकों का जमकर शोषण किया जा रहा है। स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं से वार्षिक शुल्क/नवीनीकरण के नाम पर दोबारा हजारों रुपए फीस के रूप में लिये जा रहे हैं।ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से राज्य सचिव रामप्रसाद प्रजापति, राज्य प्रचारक बाबा कुशाल सिंह, मंडल प्रभारी नितिन वर्मा, महानगर प्रमुख रजत श्रोत्रिय, युवा जिला प्रमुख राकेश प्रजापति, नकुल यादव, ठाकुरदास सैनी, मुकेश सक्सेना, सूरजपाल सैनी, इंद्रजीत सिंह, मुकेश दिवाकर, गुरमीत सिंह बेदी, ओम प्रकाश सैनी आदि मौजूद रहे।

# रानीखेड़ा के पास तेज रफ्तार ई-रिक्शा की टक्कर से मासूम की मौत, युवक गंभीर घायल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ । मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के रानीखेड़ा इलाके में बीते दो अप्रैल सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में सात वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई, जबकि उसके चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ई-रिक्शा चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

घटना से परिवार में कोहराम मच गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार रवि कुमार पुत्र स्वर्गीय रामसिंह, निवासी ग्राम कोराना, पोस्ट भीलमपुर, थाना मोहनलालगंज, जनपद लखनऊ के भाई अमरेश कुमार पुत्र स्वर्गीय रामसिंह बीते गुरुवार 02 अप्रैल को सुबह लगभग 8:40 बजे रवि कुमार के सात वर्षीय पुत्र पीयूष को साइकिल पर बैठाकर किसी आवश्यक कार्य से मोहनलालगंज जा रहे थे।मिली जानकारी के अनुसार जब अमरेश कुमार रानीखेड़ा के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक ई-रिक्शा वाहन संख्या UP32 RT 6348 ने तेज गति और लापरवाही से साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अमरेश कुमार सड़क पर गिर पड़े, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई और उनका सिर फट गया। वहीं साइकिल पर बैठे मासूम पीयूष को भी शरीर पर गंभीर चोटें आईं।हादसे के तुरंत बाद ई-रिक्शा चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को इलाज के लिए तत्काल सरकारी अस्पताल मोहनलालगंज पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने मासूम पीयूष की हालत नाजुक देखते हुए उसे एसजीपीजीआई ट्रामा सेंटर, लखनऊ रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसी दिन पीयूष ने दम तोड़ दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।वहीं गंभीर रूप से घायल अमरेश कुमार का इलाज जारी है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा फरार ई-रिक्शा चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में बढ़ती लापरवाह वाहन चालकों की समस्या पर चिंता जताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## दीवार गिरने से शिशु की मौत, मौके पर पहुंचे विधायक

लखनऊ । अलीगंज क्षेत्र स्थित हनुमान मंदिर चौधरी टोला के पास झोपड़ी में रह रहे गजोधर के चार माह के पुत्र रूपलाल की बाउंड्रीवॉल गिरने से दर्दनाक मृत्यु हो गई। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल शिशु को परिजन तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार में इस घटना से कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक डा. नीरज बोरा मौके पर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़ित परिवार को शासन स्तर से हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। स्थानीय प्रशासन द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन संपन्न

रायबरेली। प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु बासंतिक नवरात्रि के पर्व पर 19 मार्च, 2026 से 30 दिवसीय ल्लमिशन शक्ति5.0 विशेष अभियान के द्वितीय चरण की जारी कार्ययोजना के क्रम में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता के निर्देशानुसार व जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में ल्लमिशन शक्तिङ्क5.0 के विशेष अभियान के अन्तर्गत ल्लकार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम-2013ङ्क पर आधारित एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन आधारशिला कॉलेज ऑफ प्रोफ़ेशनल कोर्सेज में किया गया। जिसमें कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम-2013, पॉश एक्ट की समस्त धाराओं एवं शी बाक्स पोर्टल की समस्त प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। समस्त जिला स्तरीय सरकारी/गैर सरकारी कार्यालयों, प्रतिष्ठान, उपक्रमों आदि में अन्तरिक परिवाद समिति का गठन कर गठित समिति की सूचना सहज दृश्य स्थान/नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाना अनिवार्य है।

## करेली में दिनदहाड़े गोलीकांड, इरफान की हत्या

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** करेली थाना क्षेत्र के बिस्मिल्ला चौराहे के पास दिनदहाड़े सनसनीखेज वारदात में इरफान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि इरफान, जो पूर्व विधायक/सांसद स्व. अतीक और स्व. अशरफ के साथ ड्राइवर व सुरक्षाकर्मी के रूप में जुड़ा रहा था, चाय पी रहा था तभी दो बाइक पर सवार चार नकाबपोश बदमाश पहुंचे। हमलावरों ने बेहद करीब से उसके सीने में ताबड़तोड़ गोलियां दाग दीं और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## अतरसुया में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अतरसुया थाना क्षेत्र में एक महिला ने श्याम सुंदर पटेल नामक आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसे सिविल लाइंस स्थित पत्रिका चौराहे के पास बुलाया और बहाने से होटल ले जाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आरोपी की तलाश जारी है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पटरी दुकानदारों का धरना चौथे दिन भी जारी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सरोजिनी नायडू मार्ग पर अपनी मांगों को लेकर पटरी दुकानदारों का धरना गुरुवार को चौथे दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि प्रशासन उनकी आजीविका पर असर डाल रहा है और वैकल्पिक व्यवस्था किए बिना हटाया जा रहा है। इस बीच आंदोलन को उस समय और मजबूती मिली जब सोनकर समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सोनकर धरना स्थल पहुंचे और अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि गरीब और छोटे व्यापारियों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। धरनारत दुकानदारों ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## जनसुनवाई में महिला ने थाना प्रभारी पर लगाए आरोप

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस कमिश्नर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान एक महिला ने औद्योगिक थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाए। महिला का कहना है कि उसके साथ छेड़खानी करने वाले आरोपियों को थाना प्रभारी ने पैसे लेकर छोड़ दिया। पीड़िता ने अधिकारियों के सामने बयान देते हुए न्याय की गुहार लगाई और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। इस घटना के बाद पुलिस विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## उजाड़े जाने के डर से फुटपाथ दुकानदारों ने पीएम को लिखा पत्र, सुरक्षित वेंडिंग जोन की मांग



**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सरोजनी नायडू मार्ग (एजी ऑफिस) के सैकड़ों फुटपाथ दुकानदारों ने नगर निगम की संभावित बेदखली कार्रवाई के खिलाफ आवाज बुलंद कर दी है। 'आजाद स्ट्रीट वेंडर यूनियन हॉकर जॉइंट एक्शन कमेटी' के बैनर तले दुकानदारों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड भेजकर सुरक्षित वेंडिंग जोन घोषित करने की मांग की है।दुकानदारों का कहना है कि वे नगर निगम में पंजीकृत हैं और अधिकतर 'पीएम स्वनिधि योजना' के लाभार्थी हैं। एक ओर सरकार उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऋण दे रही है, वहीं दूसरी ओर हटाने की कार्रवाई उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा कर रही है।धरना-प्रदर्शन को स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी समर्थन मिला। पार्षद पंकज जायसवाल और रवि शंकर द्विवेदी ने बिना वैकल्पिक व्यवस्था के हटाने को गलत बताया। दुकानदारों ने मांग की है कि वेंडिंग जोन तय होने तक उन्हें न हटाया जाए। इस दौरान कई अधिवक्ता, व्यापारी नेता और सैकड़ों वेंडर मौजूद रहे।

0 खरीद नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नं0-0522-2786040 सक्रियरायबरेली। जिला खाद्य विपणन अधिकारी रायबरेली सोनी गुप्ता ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत गेहूँ खरीद के प्रभावी अनुश्रवण हेतु कार्यालय सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, लखनऊ सम्भाग, लखनऊ में खरीद नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। खरीद नियंत्रण कक्ष, कार्य दिवसों में कार्यालय समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक सक्रिय रहेगा। इसके अतिरिक्त रविवार व अन्य राजपत्रित अवकाशों को छोड़कर अन्य अवकाश के दिनों में भी प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक क्रियाशील रहेगा। खरीद नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नं0-0522-2786040 है।

## नगर आयुक्त ने सीसी मार्ग निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**वाराणसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम, वाराणसी के नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल द्वारा फुलवरिया क्षेत्र में चल रहे सीसी मार्ग निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वयं मौके पर सीसी मार्ग के कंक्रीट बेस की खुदाई कराकर उसकी मोटाई (थिकनेस) की जांच की गई। जांच में कंक्रीट बेस की मोटाई निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई गई, जिस पर नगर आयुक्त ने संतोष व्यक्त किया।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता इसी प्रकार बनाए रखी जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। नगर आयुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने यह भी कहा कि गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्यों से आम जनमानस को दीर्घकालिक एवं सुरक्षित सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी।निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक (जलकल), सहायक अभियंता (सिविल), सहायक अभियंता (जलकल) एवं अवर अभियंता (सिविल) सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संविधान बचाओ संकल्प दिवसङ्क के रूप में सपा मनाएगी अम्बेडकर जयंती

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) ने व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी की ओर से इस अवसर पर प्रयागराज जिले में सेक्टर स्तर पर गोष्ठियां, बैठक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही होर्डिंग, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से प्रचार अभियान भी चलाया जा रहा है। यह जानकारी गुरुवार को सपा प्रवक्ता दान बहादुर मधुर ने पत्रकारों को दी।उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने सभी जिला और महानगर अध्यक्षों को पत्र जारी कर बूथ एवं सेक्टर स्तर तक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

# डीएम ने जनसुनवाई में आयी आवेदिका को दिलाया पारिवारिक पेंशन का लाभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**जनसुनवाई के दौरान वर्षों से लंबित प्रकरण का हुआ समाधान**

रायबरेली । जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान प्राप्त एक प्रकरण में त्वरित संज्ञान लेते हुए आवेदिका को पेंशन का लाभ दिलाया गया। जनसुनवाई में ग्राम छोटी केसरिया निवासी उषा सिंह पुत्री स्वर्गीय शिव बक्श सिंह ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर पेंशन लाभ प्रदान किये जाने का अनुरोध किया। उल्लेखनीय है कि उनके पिता स्वर्गीय शिव बक्श सिंह पंचायती राज विभाग, रायबरेली में सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्हें वर्ष 1996 तक पेंशन प्राप्त हुई. उनके तथा उनकी पत्नी के निधन के उपरांत आश्रित पुत्री उषा सिंह को वर्ष 2005 तक पारिवारिक पेंशन प्राप्त हुई। वर्ष 2012 में शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार अविवाहित आश्रित पुत्री को आजीवन पेंशन दिये जाने का प्रावधान किया गया, किन्तु इसकी जानकारी आवेदिका को नहीं थी,जानकारी प्राप्त होने पर उन्होंने जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ कोषाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ. भावना श्रीवास्तव द्वारा तत्परता के साथजिला पंचायती राज अधिकारी से वांछित सहयोग प्राप्त कर तथा पेंशन निदेशालय से संपर्क एवं समन्वय स्थापित कर प्रकरण का निराकरण किया गया. फलस्वरूप आवेदिका उषा सिंह को वर्ष 2012 से मार्च 2026 तक लगभग 14 वर्ष की पेंशन एरियर राशि प्रदान करते हुए पुनः नियमित पारिवारिक पेंशन का लाभ दिलाया गया। आवेदिका ऊषा द्वारा जिलाधिकारी हर्षिता माथुर,वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ. भावना श्रीवास्तव एवं जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# बस स्टॉप अब राहगीरों के लिए बन रहा काल, आये दिन हो रहे हादसे

**कुछ दिन पहले ही यहाँ एक 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला को ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया**



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। कस्बे का बस स्टॉप अब आम राहगीरों के लिए काल का पर्याय बनता जा रहा है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि अभी कुछ दिन पहले ही यहाँ एक 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला को ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया।

हादसा इतना वीभत्स था कि महिला के शरीर के अंग सड़क पर बिखर गए और उन्हें समेटना तक भारी पड़ गया। इस रूह कपा देने वाली घटना के बाद भी न तो पुलिस जागी है और न ही प्रशासन।हैरानी की बात यह है कि घटना स्थल से चंद कदमों की दूरी पर ही पुलिस चौकी स्थित है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चौकी की पुलिस का पूरा जोर सिर्फ राहगीरों का चालान काटने और वसूली करने पर रहता है, लेकिन सड़क पर फैले इस जानलेवा अतिक्रमण को हटवाने की सुध लेने वाला कोई नहीं है। दुकानों का सामान और अवैध रूप से खड़े ठेले मुख्य सड़क को निगल चुके हैं, जिससे हाईवे अब एक पतली गली में तब्दील हो गया है।लखनऊ जाने वाली बसें और डग्गामार वाहन बीच सड़क पर ही सवारी भरने के लिए खड़े हो जाते हैं, जिससे पीछे से आने वाले भारी वाहनों के लिए हर पल हादसे की स्थिति बनी रहती है। लोगों का कहना है कि पुलिस अपनी नाक के नीचे हो रहे इस अतिक्रमण को देखकर भी अनजान बनी हुई है। आखिर प्रशासन और कितनी मौतों का इंतजार कर रहा है? क्या पुलिस की जिम्मेदारी सिर्फ कागजों की जांच तक सीमित है या जनता की जान की सुरक्षा भी उनके एजेंडे में है? यदि समय रहते इस बेतरतीब अतिक्रमण और

# पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल की टी-20 मैच में रेलवे सुरक्षा बल ने मारी बाजी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल क्रीड़ा स्थल में चल रही अंतर विभागीय ग्रीष्मकालीन टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज का पहला मैच रेलवे सुरक्षा बल और यांत्रिक पावर के बीच में खेला गया। रेलवे सुरक्षा बल ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 218 रन बनाए।

रेल सुरक्षा बल की तरफ से संतोष यादव ने 58 बाल पर 11 चौके और सात छक्के की मदद से 107 रन, जावेद ने 14 बाल पर एक चौके और चार छक्के की मदद से 34 रन, शेषनाथ यादव ने 28 बाल पर तीन चौके और एक छक्के के मदद से 36 रन तथा गिरिजेश विश्वकर्मा ने 13 बाल पर दो चौके और छक्के की मदद से 19 रन बनाए। यांत्रिक पावर की तरफ से इमरान अंसारी ने दो ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिए नीतीश और राजेश को एक-एक विकेट प्राप्त हुआ। 219 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए यांत्रिक पावर की पूरी टीम 18.2 ओवर में 124 रन बनाकर आउट हो गई। रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने 94 रन से मैच जीतकर पूरे 2 अंक प्राप्त कर लिए। रेल सुरक्षा बल की तरफ से रामबहादुर ने चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट, स्वास्तिक ने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट, संतोष ने चार ओवर में 37 रन देकर दो विकेट लिए सुमित और शेषनाथ को एक-एक विकेट प्राप्त हुआ। रेल सुरक्षा बल के संतोष यादव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पूर्वोत्तर रेलवे कबड्डी टीम के वरिष्ठ खिलाड़ी राजेश कुमार यादव के द्वारा दिया गया।पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल क्रीडा स्थल में चल रही अंतर विभागीय ग्रीष्मकालीन ट्ठ-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज प्रतियोगिता का दूसरा मैच चिकित्सा और रेल विकास निगम लिमिटेड के बीच खेला गया । चिकित्सा की टीम पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 168 रन बनाकर आल आउट हो गई। चिकित्सा की तरफ से ने डॉक्टर आशीष गुप्ता ने 23 बाल पर तीन चौके की मदद से 26 रन, राम भुवन ने 19 बाल पर चार चौके और एक छक्के की मदद से 29 रन, संजय कुमार ने 14 बाल पर दो चौके के मदद से 21 रन ,विकास यादव ने 20 बाल पर दो चौके की मदद से 21 रन एवं पवन ने 13 बाल पर एक चौके और एक छक्के की मदद से 17 रन बनाए।

आरवीएनएल की तरफ से अमितोष राय ने 3.2 ओवर में 11 रन कर तीन विकेट अमित त्रिपाठी ने चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट, ज्ञान वर्मा ने 2.5 ओवर में 34 रन देकर के दो विकेट, एक के शुक्ला ने एक ओवर में 13 रन देकर दो विकेट लिए कुलदीप पाल को एक विकेट प्राप्त हुआ। 169 रनों के लक्ष्य का पीछा करती हुई आरवीएनएल की पूरी टीम 11.4 ओवर में 96 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। चिकित्सा विभाग में 72 रनों से मैच जीतकर पूरे दो अंक प्राप्त कर लिए।

## बरेली के विकास को लेकर मुख्यमंत्री से मिले महापौर, अतिक्रमण अभियान जारी रखने के निर्देश

बरेली । बरेली के महापौर डॉ. उमेश गौतम ने गुरुवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। करीब आधे घंटे चली इस मुलाकात में बरेली के विकास, अतिक्रमण हटाओ अभियान, नगर निगम की नई योजनाओं और प्रदेश के अन्य नगर निगमों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई।महापौर डॉ. गौतम ने मुख्यमंत्री को बरेली में चल रहे विकास कार्यों, शहर की प्रमुख जरूरतों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगर निगम शहर में जनसुविधाओं के विस्तार, सड़क, सफाई, जलनिकासी, पार्क और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है।डॉ. उमेश गौतम उत्तर प्रदेश महापौर परिषद के अध्यक्ष भी हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 17 नगर निगमों में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री ने जल्द ही सभी नगर निगमों की समीक्षा बैठक बुलाने का आश्वासन दिया। माना जा रहा है कि इस बैठक में शहरी विकास, नई परियोजनाओं, नगर निगमों की वित्तीय स्थिति और जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने बरेली में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान की प्रगति की भी जानकारी ली।

## पारिवारिक कलह से तंग युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

फर्रुखाबाद । कायमगंज नगर के रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को पारिवारिक कलह से परेशान एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। मृतक की पहचान अताईपुर निवासी 35 वर्षीय सोहेल पुत्र अजीम के रूप में हुई है। प्रारम्भिक जांच में घटना के पीछे घरेलू विवाद को कारण माना जा रहा है।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सोहेल आजरेलवे स्टेशन पहुँचा था। इसी दौरान कासगंज-कानपुर एक्सप्रेस जैसे ही प्लेटफॉर्म पर पहुँची, उसने अचानक पटरी पर छलांग लगा दी। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाने की कोशिश की, लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से घायल हो चुका था। मौके पर मौजूद जीआरपी और आरपीएफ टीम ने तुरंत घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल में परिजनों की भीड़ लग गई।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै अनुराधा त्रिपाठी पत्नी सरोज कुमार त्रिपाठी, निवासी ग्राम उतरावां, थाना निगोहां, जिला लखनऊ, मुझे अनुराधा नाम से भी जाना जाता है। दोनों नाम एक ही हैं। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिनों के भीतर सूचित करें, अन्यथा कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

अनुराधा त्रिपाठी, दिनांकः 09/04/2026

# जानलेवा हमले के तीन दोषियों को 10 वर्ष का कारावास

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

औरैया । उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में जिला एवं सत्र न्यायाधीश मयंक चौहान की कोर्ट ने औरैया जिले की सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव पुर्वा सबसुख निवासी जानलेवा हमले के तीन दोषियों को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। कोर्ट ने तीनों पर अर्थदंड भी लगाया।उक्त मामले की अभियोजन पक्ष से पैरवी कर रहे जिला शासकीय अधिवक्ता अभिषेक कुमार मिश्र ने गुरुवार को बताया कि यह मामला लगभग 10 वर्ष पुराना है। गांव पुर्वा सबसुख निवासी प्रबल प्रताप पुत्र अरुण कुमार सिंह ने रिपोर्ट लिखाई कि 18 अगस्त 2016 की शाम आठ बजे वह अपने घर के दरवाजे पर बैठा था। तभी विपक्षीगण नरेंद्र सिंह, हरी सिंह व अवध नरायन एक राय होकर प्रार्थी के दरवाजे पर आए व गालियां देते हुए पिता की खोज करने लगे। उसने विरोध किया तो सभी घर में घुस आए व लाठी डंडों से प्रार्थी को पीटने लगे। बचाव में बहनें आईं तो उनके साथ भी मारपीट की। प्रार्थी के पिता अरुण कुमार शोरगुल सुनकर आए तो आरोपितों ने उनका कालर पकड़ा व घर के बाहर सड़क पर ले आए। एक ने प्रार्थी के पिता की पीठ में गोली मार दी। जिससे वह बेहोशी अवस्था में जमीन पर गिर पड़े। इस घटना की सूचना गांव वालों ने 100 नंबर पर दी तो पुलिस मौके पर पहुंची व घायल पिता को अस्पताल ले गई।

# कार्यालय नगर पंचायत हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी

संख्या- 10/ई-निविदा/न0पं0 है0/2026-27 दिनांक 08 अप्रैल 2026

**ई-निविदा सूचना**

शासनादेश संख्या-3890/नौ-5-19-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग -5 लखनऊ दिनांक-20 सितम्बर 2019 के क्रम में समस्त सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों / फर्मों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस निकाय को शहरी क्षेत्रों में अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना एवं पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत वर्ष-2025-26 में शासन द्वारा प्राप्त धनराशि की प्रस्तावित कार्ययोजना क्रियान्वयन हेतु ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदाएं प्रतिशत दर के आधार पर आमंत्रित की जाती है विवरण निम्नवत है :-

| क्र.सं. | विवरण | तिथि | अन्तिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रकाशन की तिथि | 08.04.2026 | - |
| 02 | निविदा डाउनलोड/अपलोड की तिथि | 08.04.2026 | 28.04.2026 05.00 PM तक |
| 03 | निविदा खोलने की तिथि | 29.04.2026 | |
| 04 | निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत हैदरगढ, बाराबंकी | |

निविदा से संबंधित नियम एवं शर्ते, कार्य का नाम, धनराशि सहित विस्तृत विवरण बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा से संबंधित किसी भी जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत हैदरगढ से सम्पर्क किया जा सकता है।

(इन्द्रभान)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी

(आलोक तिवारी)
अध्यक्ष
नगर पंचायत हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर नगर आयुक्त सख्त, अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

❒ सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालय और कूड़ा प्रबंधन को सुधारने के लिए समयबद्ध कार्य योजना लागू

कैनविज टाइम्स संवाददाता।




लखनऊ। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को ध्यान में रखते हुए नगर आयुक्त गौरव कुमार ने स्मार्ट सिटी कार्यालय में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की। इस बैठक में अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पंकज श्रीवास्तव, अरुण कुमार गुप्त एवं डॉ. अरविंद कुमार राव, उप नगर आयुक्त रश्मि भारती सहित नगर निगम के सभी प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई।

## सफाई व्यवस्था और शिकायत निस्तारण पर विशेष जोर

नगर आयुक्त ने सभी जोनल अधिकारियों और जोनल सेनेटरी ऑफिसरों को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि नागरिकों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का ल्सेम डेङ्क निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही कमर्शियल क्षेत्रों में जेब्रा क्रॉसिंग बनाए जाने के भी निर्देश दिए गए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

## सार्वजनिक शौचालय और यूरिनल सुधारने के निर्देश

बैठक में शहर के सार्वजनिक शौचालयों और यूरिनल की स्थिति सुधारने पर विशेष ध्यान दिया गया। नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि पहले चरण में 86 सार्वजनिक शौचालयों का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पब्लिक टॉयलेट की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई, तो संबंधित जोनल अधिकारी, जोनल सेनेटरी ऑफिसर और अधिशासी अभियंता के वेतन रोके जाएंगे। साथ ही यूरिनल की स्थिति सुधारने के लिए एक सप्ताह की समयसीमा तय की गई।

## अवैध होर्डिंग और बैनर हटाने के लिए अभियान

शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए अवैध होर्डिंग, पोस्टर और बैनरों को हटाने के निर्देश भी दिए गए। नगर आयुक्त ने सभी जोनल अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने को कहा, ताकि शहर की सुंदरता बनी रहे।

## कूड़ा प्रबंधन और नालों की सफाई पर सख्ती

नगर आयुक्त ने कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिया कि सुबह 6 बजे से ही फील्ड में गाड़ियां उतारी जाएं, जिससे समय पर कूड़ा उठान सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा चीफ इंजीनियर सिविल और चीफ इंजीनियर आरआर को नालों की नियमित सफाई के निर्देश दिए गए, ताकि जलभराव जैसी समस्याओं से निपटा जा सके।

## जनजागरूकता अभियान को बढ़ावा देने के निर्देश

बैठक में आईईसी (सूचना, शिक्षा एवं संचार) गतिविधियों को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। नगर आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जाएं, जिससे आमजन की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। नगर आयुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में बेहतर प्रदर्शन के लिए टीम भावना से कार्य करें और निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करें।

# मंदिर की दीवार झुग्गी पर गिरी मलबे में दबकर तीन माह के मासूम की मौत



कैनविज टाइम्स संवाददाता।

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के राजधानी लखनऊ के अलीगंज थाना क्षेत्र में स्थित एक मंदिर की जर्जर दीवार गुरुवार को अचानक गिर गई। दीवार का मलबा बगल में बनी झुग्गी पर जा गिरा और उसमें सो रहे तीन माह के अबोध बच्चे की दबकर मौत हो गई।एसीपी अलीगंज सर्किल शशिकांत मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में पुराना हनुमान मंदिर है। मंदिर की एक जर्जर दीवार आज अचानक ढह गई। दीवार का मलबा पास बनी झुग्गी पर जा गिरा, जहां एक तीन महीने का मासूम सो रहा था। दीवार के मलबे में बच्चे के दबने से परिजन और क्षेत्रीय लोग मदद के लिए पहुंचे। इस सूचना पर थाना पुलिस भी कुछ समय में मौके पर पहुंच गई और रेस्क्यू कराते हुए मलबे में दबे बच्चे को निकलवाया। गंभीर हालत में बच्चे को नजदीकी अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए केजीएमयू रेफर किया, जहां इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई। बच्चे रूपलाल की मौत के बाद से मां संध्या, पिता गजोधर एवं बाबा मेवालाल गमजदा है।फिलहाल थाना पुलिस हादसे की जांच शुरू करते हुए अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# महिला से छेड़छाड़ व युवक का तोड़ा हाथ फिर भी नहीं जागी चौकी पुलिस

❒ चार दिन बाद इंस्पेक्टर के संज्ञान में आने पर दर्ज हुई एफआईआर, आरोपियों की तलाश शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ । बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के चंद्रिका देवी चौकी अंतर्गत कठवारा गांव में महिला से छेड़छाड़ और युवक की पिटाई के मामले में चौकी प्रभारी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पीड़िता कीर्ति का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद दी गई लिखित तहरीर पर चौकी स्तर से कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद रहे।

जानकारी के अनुसार, 4 अप्रैल की शाम महिला के साथ छेड़छाड़ और मारपीट की घटना हुई थी, जिसमें बचाव करने पहुंचे अली अहमद को भी बुरी तरह पीटा गया और उनका हाथ तीन जगह से टूट गया। बावजूद इसके, पीड़िता और घायल युवक को न तो तत्काल न्याय मिला और न ही उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि चौकी प्रभारी शशी प्रकाश सिंह ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और तहरीर देने के बावजूद कई दिनों तक कार्रवाई टालते रहे। इससे पुलिस की संवेदनशीलता और जवाबदेही पर प्रश्नचिह्न लग गया।बुधवार को जब पीड़िता ने प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह को दोबारा शिकायत दी, तब जाकर मामले ने तूल पकड़ा। प्रभारी निरीक्षक ने तत्काल चौकी प्रभारी को कड़ी फटकार लगाई और एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।इस पूरे घटनाक्रम ने चंद्रिका देवी चौकी प्रभारी की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई होती, तो पीड़ितों को इस तरह दर-दर भटकना नहीं पड़ता। अब देखना होगा कि उच्चाधिकारी इस लापरवाही पर क्या कदम उठाते हैं और दोषियों के साथ-साथ जिम्मेदार पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई होती है या नहीं।

# प्रेस क्लब की मासिक बैठक में पत्रकारों का शक्ति प्रदर्शन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ । निगोहां प्रेस क्लब की मासिक बैठक गुरुवार को सम्पन्न हुई, जिसमें क्षेत्र के पत्रकारों ने संगठन की मजबूती, पत्रकार हितों की सुरक्षा और जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में बड़ी संख्या में पत्रकारों की उपस्थिति रही और सभी ने एकजुट होकर पत्रकार सम्मान और अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया।

बैठक के दौरान जी के न्यूज़ के संपादक नागेश्वर द्विवेदी ने प्रेस क्लब की सदस्यता ग्रहण करते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और पत्रकारों को जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार योगेंद्र तिवारी ने पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान पर जोर दिया, जबकि अखिलेश द्विवेदी ने संगठन को मजबूत बनाने और नए पत्रकारों को जोड़ने की आवश्यकता बताई। बैठक का संचालन जय शुक्ला ने किया। इस अवसर पर नागेश्वर द्विवेदी ने पत्रकार साथियों को नोटबुक और पेन वितरित कर सम्मानित किया तथा पत्रकार सुजीत गुप्ता का जन्मदिन भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बैठक में संरक्षक मुकेश द्विवेदी, अध्यक्ष विमल सिंह, महामंत्री प्रदीप द्विवेदी सहित पांच दर्जन से अधिक पत्रकार उपस्थित रहे और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

## 2 चिनहट में कूड़ा डंपिंग से हालात बदतर, नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल


**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के चिनहट क्षेत्र में पैराडाइज़ बेबी मॉडर्न स्कूल के सामने स्थित खाली पड़ी जमीन अब खुलेआम कूड़ा घर में तब्दील हो चुकी है। नगर निगम की लापरवाही के चलते यहां प्रतिदिन बड़े पैमाने पर कूड़ा डंप किया जा रहा है, जिससे पूरे इलाके के हालात चिंताजनक हो गए हैं।जानकारी के मुताबिक, हर सुबह नगर निगम के कर्मचारी चिनहट क्षेत्र में घरों के सामने डंप किए गए कूड़े को इकट्ठा कर इसी खाली पड़ी जमीन पर डाल देते हैं। इस प्रक्रिया के कारण एक ही स्थान पर भारी मात्रा में कूड़ा जमा हो रहा है, जिससे गंदगी और दुर्गंध तेजी से फैल रही है।आंधी और बारिश के दौरान यह कूड़ा आसपास के घरों और सड़कों पर फैल जाता है, जिससे न केवल वातावरण दूषित होता है बल्कि लोगों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़ते कूड़े से उठती बदबू ने क्षेत्रवासियों का जीना मुश्किल कर दिया है। क्षेत्र में बढ़ती गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ रहा है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो आने वाले गर्मी के मौसम में डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की पूरी आशंका है। बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर इसका सबसे ज्यादा खतरा मंडरा रहा है, इस मामले में स्थानीय पार्षद अरुण राय ने बताया कि उन्हें इस समस्या की कोई जानकारी नहीं है।

## किसानों के लिए आफत बनी बारिश गेहूं-सब्जियों तथा आम की फसल को भारी नुकसान



**बंथरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बुधवार की रात क्षेत्र तथा आसपास के किसानों के लिए कयामत की रात बनकर आई देखते ही देखते आंधी के साथ तेज बारिश होने लगी और उसके साथ ही ओले भी पड़ने लगे खेतों में खड़े किसानों के गेहूं तेज हवा चलने से जमींदोष हो गए उसके बाद गिरे ओलों के कहर ने गेहूं की बाल को चकनाचूर करके रख दिया। जिससे बाल से निकल कर गेहूं खेतों में भरे पानी में ही बिखर गए। सब्जी वर्गीय फैसले लौकी,कद्दू, तोरी आदि तहस-नहस हो गई। वहीं बागवानी किसानों की मुख्यतः आम की फसल अपने आरंभिक चरण में ही थी कि आसमान से गिरे ओलों ने अपना शिकार बना लिया। रोज-रोज से खराब हो रहे मौसम से किसान वैसे ही तबाही की कगार पर था। लेकिन कल आसमान से बरसी आफत ने किसानों की कमर को तोड़ कर रख दिया। किसानों के मुंह से निवाला छीन लिया। स्थानीय किसानों की माने तो गेहूं की फसल 50% से अधिक खराब हो गयी वहीं सब्जियों व खीरे के खेत लगभग खराब हो गए जबकि आम की फसल के नुकसान का आंकलन करना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में किसानों को राजस्व, कृषि विभाग की टीमों तथा जनप्रतिनिधियों से मौके पर आकलन कर सरकार को रिपोर्ट सौंपकर कुछ सहायता की उम्मीद थी लेकिन इक्का दुक्का जगह को छोड़ दिया जाए तो कोई भी जनप्रतिनिधि किसान नेता तथा सरकारी कर्मचारी गांवों में किसानों के बीच नहीं पहुंचे।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का शनिवार को लखनऊ आगमन, तीन दिवसिय कार्यक्रम घोषित



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ से सांसद केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार 11, 12, 13 अप्रैल को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के दौरे पर रहेंगे । महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार 11 अप्रैल अपराह्न 03:20 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से 5-ए कालिदास मार्ग जाएंगे । सायं 4.30 बजे गोमतीनगर स्थित विवेक खंड दो, टंकी वाला पार्क में ''गोमतीनगर जन कल्याण महासमिति वार्षिकोत्सव'' कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे ।सायं 5.45 बजे कैंट स्थित सूर्या ऑडिटोरियम में ''वार हीरोस एंड वीर नारिश'' अभिनंदन कार्यक्रम सम्मिलित होगे।सायं 6.35 बजे '' स्मृतिका वार मेमोरियल एंड लाइट, साउंड शो'', कार्यक्रम सम्मिलित होने के उपरांत शाम 7.15 बजे कालिदास मार्ग आवास जाएंगे और अगले दिन रविवार 12 अप्रैल को सायं 5 बजे गोमती नगर स्थित पूरब मंडल-एक, सेट एमआर जयपुरिया स्कूल गोमतीनगर में ''वरिष्ठ जन संवाद'' कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।सायं 6 बजे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लाल जी टंडन फाउंडेशन द्वारा पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम उपरांत कालिदास मार्ग आवास जाएंगे।फिर सोमवार 13 अप्रैल को सुबह 9.30 बजे के.डी.सिंह बाबू स्टेडियम में ''सांसद खेल महाकुंभ'' का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत पूर्वाह्न 10:35 पर एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे और 11:00 बजे लखनऊ एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। ये समस्त जानकारी महानगर अध्यक्ष आंनद द्विवेदी द्वारा साझा की गई है।

# उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याणकारी महासंघ की मासिक बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । महासंघ की बैठक सोपान एंक्लेव में अरविंद वर्मा , व दिवाकर नाथ तिवारी जी के सौजन्य में संपन्न हुई। बैठक का संचालन एस.के. मिश्रा, संगठन मंत्री द्वारा किया गया।

बैठक में अधिवक्ता हितों को लेकर महत्वपूर्ण व्यक्तव संगठन के अध्यक्ष श्री अरविंद कुमार पांडे जी, सह अध्यक्ष श्री मनमोहन शुक्ला जी व महामंत्री प्रवेश कुमार तिवारी के द्वारा दिया गया संगठन के विस्तार हेतु वक्तव्य संरक्षक राकेश कुमार त्रिपाठी, प्रदीप कुमार सिंह द्वारा किया गया संगठन में वक्तव्य धीरेंद्र कुमार अग्निहोत्री, नैमिषपाण्डेय,संतोष पाण्डेय बिजेन्द्र कुमार मिश्रा, विपुल मिश्रा, आशीष तिवारी, आशीष मिश्रा अटल, अशोक शर्मा आदि द्वारा दिया गया बैठक में मनीष पाण्डेय, रजत वर्मा, संजय कुमार शुक्ला, अंकित अग्निहोत्री, अनुज कुमार, अनुराग द्विवेदी, निर्भय सिंह, संजय पांडेय, वीरेंद्र प्रताप सिंह, रितेश, सौरभ सैनी, आशुतोष मिश्रा सहित तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे तथा बैठक में नव आगंतुक अधिवक्ता सुधीर यादव, सूरज मिश्रा, शाश्वत सिंह, ऋषभ सिंह, रवींद्र शुक्ला, राहुल दुबे जफर सिद्दीकी सहित अन्य अधिवक्ताओं को सदस्यता प्रदान कर संगठन के द्वारा उनको सम्मानित किया गया।

# प्रधानमंत्री आवास के नाम पर बड़ा घोटाला: चेयरमैन प्रतिनिधि का नाम लेकर 29 महिलाओं से 4.56 लाख की वसूली

❒ चेयरमैन प्रतिनिधि ने कहा उनके नाम का गलत इस्तेमाल किया गया है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ । निगोहां थाना क्षेत्र के ग्राम लालता खेड़ा मजरा रामदासपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर गरीब महिलाओं से लाखों रुपये की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि मोहनलालगंज निवासी एक महिला ने खुद को चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. अजय पांडे 'सत्यम' का करीबी बताकर 29 महिलाओं और ग्रामीणों से 4 लाख 56 हजार रुपये वसूल लिए, लेकिन किसी को भी आवास नहीं दिलाया।

पीड़ित ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को सामूहिक शिकायती पत्र भेजकर आरोपित महिला और उसके सहयोगियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि उनसे 4 हजार से 85 हजार तक की रकम ली गई और पैसे वापस मांगने पर टालमटोल व धमकी दी जा रही है, जिससे गांव में भारी आक्रोश व्याप्त है। मामले की जानकारी मिलने पर चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. अजय पांडे 'सत्यम' ने पीड़ितों से मुलाकात कर स्पष्ट किया कि उनके नाम का गलत इस्तेमाल किया गया है इसी सम्बन्ध में सोशल मीडिया पर वीडियो डालते हुए कहा उनके नाम का गलत इस्तेमाल किया गया ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है और ग्रामीणों को कार्रवाई का भरोसा दिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ जल्द मुकदमा दर्ज कर उनकी मेहनत की कमाई वापस दिलाई जाए, ताकि भविष्य में कोई गरीब परिवार सरकारी योजनाओं के नाम पर ठगी का शिकार न हो।

# जनता दरबार में महापौर ने सुनीं जनसमस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



❒ अधिकारियों को सख्त निर्देश, शिकायतों के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नगर निगम मुख्यालय में आयोजित जनता दरबार में महापौर ी सुषमा खर्कवाल ने नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने जलभराव, सफाई, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं महापौर के समक्ष रखीं।

महापौर ने प्रत्येक शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं।जनता दरबार के दौरान महापौर ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है और इसके लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## उप्र में आंधी-बारिश का दौर थमा, 10 अप्रैल से शुष्क रहेगा मौसम

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में कई दिनों से रुक-रुक कर हो रही और तेज हवाओं के बाद गुरुवार से मौसम थोड़ा सामान्य होने लगा है। मौसम विभाग ने प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव खत्म होने से शुक्रवार से मौसम शुष्क होने के साथ-साथ तापमान में वृद्धि की संभावना जतायी है। हालांकि 10 से 12 अप्रैल की अवधि में प्रदेश के कुछ हिस्सों में तेज हवाएं चलने व बादल छाये रहने का अनुमान है।राजधानी लखनऊ में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने से तापमान में लगभग 10 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी है। हवाओं में नरमी आने से रात और सुबह ठंडक का अहसास हो रहा है। हालांकि गुरुवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा और तेज धूप खिली रही। मौसम विभाग ने लखनऊ और आसपास के जिलों में शुक्रवार से शुष्क मौसम होने की संभावना जतायी है। इस अवधि में प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 32 व 18 डिग्री सेल्सियस रहने की अनुमान है। पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है और मौसम विभाग ने 13 अप्रैल तक किसी प्रकार की कोई चेतावनी नहीं जारी की है।

# शराब पार्टी के बाद खूनी विवाद: 600 रुपये और मोबाइल के लिए मजदूर की पीट-पीटकर हत्या

❒ पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी साथी को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निगोहां, लखनऊ । निगोहां थाना क्षेत्र के नंदौली गांव निवासी 22 वर्षीय मजदूर रैकिश रावत की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी साथी धनराज उर्फ टाटू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि शराब के नशे में 600 रुपये और मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपी ने बेरहमी से पिटाई कर युवक की हत्या कर दी।

बीते मंगलवार को बेनीगंज मार्ग पर सड़क किनारे युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जहां शरीर पर कई गंभीर चोटों की पुष्टि हुई। मृतक के भाई की तहरीर पर गांव के ही धनराज उर्फ टाटू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी अनुज तिवारी के मुताबिक मजदूरी से लौटते समय रास्ते में शराब पीने के दौरान दोनों के बीच विवाद हुआ। इसी दौरान आरोपी ने 600 रुपये और मोबाइल को लेकर मारपीट कर दी, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से भी मुकदमे दर्ज हैं और उससे पूछताछ जारी है। घटना के बाद नंदौली गांव में शोक का माहौल है और मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# भाकियू सम्राट गुट ने थामा पीड़ित का हाथ मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

❐ मछरेहटा पुलिस की कार्यशैली पर उठे गंभीर सवाल,पुलिस ने न्याय में की देरी तो कोर्ट पहुंचा किसान

❐ पीड़ित किसान मोनू सिंह ने लगाए पक्षपात और लीपापोती के आरोप,कोर्ट में की शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जनपद के मछरेहटा थाना क्षेत्र के ढहरऊ गांव में एक किसान के साथ हुए भूमि विवाद और पुलिस की संदिग्ध भूमिका ने जिले के प्रशासनिक गलियारों में भूचाल ला दिया है।

पीड़ित किसान मोनू सिंह पुत्र रघुराज सिंह ने थानाध्यक्ष और स्थानीय चौकी इंचार्ज धीरेंद्र सिंह चौहान पर लापरवाही,पक्षपात और आरोपियों को संरक्षण देने के संगीन आरोप लगाए हैं।पीड़ित किसान मोनू सिंह का आरोप है कि विपक्षी प्रभाती लाल और राम अवध ने चौकी के भीतर ही उसकी फसल गन्ना को जोत देने की धमकी दी थी इसके बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।परिणाम स्वरूप, विपक्षियों ने घटना को अंजाम दिया। आरोप है कि घटना के समय पुलिस ने एफआईआर तक दर्ज नहीं की जिससे पीड़ित को न्याय के लिए दर-दर भटकना पड़ा।थक हारकर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली और अपनी आपबीती सुनाई।

## जांच प्रक्रिया और 'लीपापोती' के आरोप

मामले में सबसे चौंकाने वाला पहलू पुलिस की जांच रिपोर्ट है।पीड़ित का कहना है कि जमीन के मामले में जो जांच की जाती है उसमें राजस्व विभाग के अधिकारियों को शामिल किया जाता है जिससे सही खेत की नाप लेखपाल कर सके और दोनों पक्षों को उनका हक मिल सके लेकिन मछरेहटा थाने के पुलिस चौकी इंचार्ज धीरेन्द्र सिंह चौहान ने ऐसा नहीं किया और बिना राजस्व अधिकारीयों को जानकारी दिए खेत की जांच रिपोर्ट उच्च स्तरीय अधिकारियों को भेज दी।इसकी जानकारी पीड़ित किसान को तब हुई जब उसने अपनी जनसुनवाई पोर्टल पर की गई शिकायत के निस्तारण को देखा।

## राजस्व विभाग की अनदेखी

जमीन से जुड़े इस गंभीर विवाद की जांच में पुलिस ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को शामिल करना जरूरी नहीं समझा।बिना पैमाइश और राजस्व कर्मियों के पुलिस ने अपनी मर्जी से जांच पूरी कर ली।आरोप है कि चौकी इंचार्ज धीरेंद्र सिंह चौहान ने उच्चाधिकारियों को गुमराह करने के लिए जनसुनवाई पोर्टल पर फर्जी और भ्रामक जांच रिपोर्ट लगाकर शिकायत का निस्तारण कर दिया।बचाव का खेल शुरु किया जब पुलिस ने कथित तौर पर आरोपियों को बचाने के लिए केवल निरोधात्मक कार्रवाई कर मामले को रफा दफा करने की कोशिश की जबकि मामला गंभीर धाराओं का था।

## क्षेत्रीय जनता अब पुलिस प्रशासन से सीधे सवाल पूछ रही है

आखिर पीड़ित मोनू सिंह की एफआईआर दर्ज करने में इतनी देरी क्यों हुई।क्या बिना राजस्व विभाग की टीम के भूमि विवाद की निष्पक्ष जांच संभव है।विपक्षियों पर कड़ी धाराओं में कार्रवाई न करके पुलिस किसे बचा रही है।

## भाकियू (सम्राट गुट) ने थामा पीड़ित का हाथ

मामले को बढ़ता देख भारतीय किसान यूनियन (सम्राट गुट) पीड़ित किसान के समर्थन में उतर आया है। यूनियन के नेताओं का कहना है कि वे जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल के साथ उच्च स्तरीय अधिकारियों से मिलेंगे।संगठन ने चेतावनी दी है कि मामले में संलिप्त पुलिसकर्मियों आरोपियों को संरक्षण देने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी जांच की मांग की जाएगी।यदि पीड़ित किसान के साथ न्याय करने में पुलिस आनाकानी करती है तो संगठन आगे का निर्णय लेगा। फिलहाल मछरेहटा पुलिस की कार्यप्रणाली पर लगे इन आरोपों ने खाकी की छवि पर सवालिया निशान लगा दिया है। अब देखना यह है कि उच्चाधिकारी इस मामले में क्या निष्पक्ष जांच कराते हैं या पीड़ित किसान की गुहार फाइलों में ही दबी रह जाएगी।

# आंधी पानी से गेहूं की फसल को भारी क्षति, 20 प्रतिशत गेहूं का नुकसान

❐ कई एकड़ गेहूं की फसल काटी हुई खेतों में पड़ी।दर्जनों किसानों की नहीं हुई थ्रेशरिंग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां, सीतापुर। गत दिनों आई तेज आंधी और भारी बारिश से सैकड़ों किसानों की गेहूं की फसल को भारी नुक्सान हुआ है। क्षेत्र में लगभग 300 बीघा गेहूं की फसल पककर खेतों में तैयार खड़ी है। जिसकी कटाई लगभग शुरू हो गई है। अचानक बुधवार शाम को आई तेज आंधी और भारी बारिश के कारण गेहूं की फसल को भारी क्षति पहुंची है। छठवान गांव निवासी हरिनाम वर्मा बताते हैं कि उन्होंने मौसम की नजाकत को देखते हुए फसल की कटाई शुरू कर दी थी अचानक तेज आंधी आने के कारण खेत में कटी पड़ी फसल खेत में बिखर गयी तथा भीग गई।बृजेन्द्र वर्मा ने बताया कि गेहूं की एक एकड़ फसल जो बिल्कुल तैयार खड़ी थी। तेज आंधी से खेतों में ही गिर गई जिससे लगभग 20 प्रतिशत गेहूं का नुक्सान होने की संभावना है। किसान अवध शरण ने बताया कि उनका 1.5 एकड़ गेहूं की थ्रेशरिंग होनी थी,आज ही कल में फसल का दाना घर आ जाता लेकिन अचानक भारी बारिश से लगभग 20 प्रतिशत गेहूं का नुक्सान हो गया है।किसान बैजनाथ ने बताया कि पानी बरस जाने से खेत में खड़ी फसल भीग गई है।

जिससे गेहूं की उपज पर लगभग 20 प्रतिशत का फर्क पड़ जायेगा। क्षेत्र के किसान रामनरेश, अशोक वर्मा, सर्वजीत वर्मा, गोविंद प्रसाद, शिव प्रकाश, अमरेन्द्र यादव, नरेंद्र कुमार, योगेन्द्र प्रताप सिंह,गुलाब सिंह व वीरेंद्र कुमार आदि ने बताया कि बेमौसम अचानक एक सप्ताह में दो बार आई भीषण आंधी तूफान और बारिश से गेहूं की फसल को भारी नुक्सान हुआ है।

# वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विद्युत उपकेंद्र का किया शिलान्यास

❐ विद्युत उपकेंद्र बनने से किसान उपभोक्ता के साथ उद्योगों को मिलेगा लाभः वित्त मंत्री



कैनविज टाइम्स संवाददाता।

शाहजहांपुर । उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के बिजनेस प्लान 2026-27 के अन्तर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र बनतारा में क्षमता ढाई एमवीए तथा सम्बंधित 33 केवी लाईन, 11 केवी लाईनों के निर्माण कार्य कुल लागत 9.90 करोड़ रूपए की लागत का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।

इस दौरान वित्त मंत्री ने कहा कि विद्युत उपकेंद्र के बनने से किसान उपभोक्ता के साथ उद्योगों को लाभ मिलेगा। नौ करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से उपकेंद्र छह महीने में बनकर तैयार हो जाएगा। इसका लाभ क्षेत्र के किसानों के साथ उद्योगों व अन्य ग्रामीण क्षेत्रों को मिलेगा। 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति होगी। इससे ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि विद्युत उपकेंद्र के निर्माण से आसपास के इलाकों में लंबे समय से चली आ रही वोल्टेज की समस्या एवं बार-बार होने वाली बिजली कटौती से लोगों को स्थायी निजात मिलेगा। उपकेंद्र के चालू हो जाने के बाद उपभोक्ताओं को बाधा रहित व गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। घरेलू, व्यावसायिक एवं कृषि कार्यों को काफी सहूलियत होगी। विद्युत उपकेंद्र निर्माण क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान ददरौल विधायक अरविंद सिंह, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल, एसई अनुज प्रताप सिंह, जोन चीफ विद्युत बरेली राघवेंद्र सिंह, ओपी वर्मा, आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, उद्योगपति सुरेश सिंघल, भाजपा नेता सुरेंद्र वाल्मीकी, प्रदीप अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, सहित विद्युत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# नेटवर्क बाधित होने से उपभोक्ता परेशान

बिसवां , सीतापुर । इधर कई दिनों से समय-समय पर मोबाइल सिमों से नेटवर्क गायब हो जाने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। मोबाइल में जियो, बीएसएनएल और एयरटेल आदि कम्पनियों के सिमों से नेटवर्क गायब हो जा रहा है जो कई कई बार घंटों तक गायब रहता है जिससे बातचीत के अलावा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के कार्यों में खासी दिक्कतें आ रही हैं। जहांगीराबाद क्षेत्र में वृहस्पतिवार को सुबह से ही जियो,बीएसएनएल व एयरटेल के नेटवर्क मोबाइल सेटों से एकदम से गायब हो गये जिससे घंटों लोग परेशान दिखे। जियो नेटवर्क दो घंटे बाद बहाल हो गया किन्तु एयरटेल का नेटवर्क सुबह 11 बजे तक भी नहीं सही हो सका। ग्रामीणों का कहना है कि जब जब आंधी पानी या बारिश आती है तब तब बिजली सप्लाई बंद हो जाती है। टावर वाले जेनरेटर नहीं चलाते हैं, डीजल बचाते हैं जिससे बैट्रियां न चार्ज होने से घंटों नेटवर्क बाधित रहता है तथा बिजली,सप्लाई शुरू होने पर नेटवर्क पुनः बहाल हो जाता है। उपभोक्ता सबाहुद्दीन, रामू नाग, रामसिंह वर्मा, प्रशांत श्रीवास्तव, विशाल नंद,मो0 जुबेर,डा0 वकील अहमद खान, आशीष गौड़,शिवम् गुप्ता व शशांक अमन सहित दर्जनों लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों से इस समस्या का स्थाई समाधान कराये जाने की मांग की है।

# सुनार ने धागा डलवाने आए व्यक्ति का हार किया चोरी, पुलिस ने भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



शाहजहांपुर। थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस ने हार चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बीती 02 अप्रैल को थाना रामचन्द्र मिशन क्षेत्र के गांव गुवारी के रहने वाले वीरपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वो अपने एक सोने के हार में धागा डलवाने के लिए रौसर कोठी स्थित दुर्गा ज्वैलर्स की दुकान पर गए थे। वहां उन्होंने अपने हार में धागा डालने के लिए ज्वैलर्स के मालिक विनीत कुमार रस्तागी को दिया।

विनीत रस्तोगी ने वो हार अपनी दुकान में छिपा दिया और उससे कहा कि तुमने हार उसे नहीं दिया। काफी बहस के बाद भी विनीत रस्तोगी उसका हार देने को तैयार नहीं है। पुलिस ने वीरपाल की तहरीर पर दुर्गा ज्वैलर्स के मालिक विनीत रस्तोगी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विनीत रस्तोगी से पूछताछ की, लेकिन विनीत ने पुलिस को वही बताया कि वीरपाल से उसे हार नहीं दिया है। इसके बाद पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला और जिसमें वीरपाल अपने थैले से हार निकालकर विनीत को देते हुए दिखे। आज पुलिस ने विनीत रस्तोगी को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से चोरी किया गया हार बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त विनीत रस्तोगी ने बताया कि वो थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बकसरियां का रहने वाला और दुर्गा ज्वैलर्स के नाम से उसने रौसर कोठी में किराए पर दुकान ले रखी है। बताया कि 02 अप्रैल को वीरपाल अपने भाई के साथ सोने के हार में धागा डलवाने आए थे। उन्होंने थैले से निकालकर उसे हार दिया। उसने लालच में आकर वीरपाल की नजरों से बचाकर वो हार अपनी दुकान में ही छिपा दिया था और उससे कहा कि तुमने उसे हार नहीं दिया है। कहा कि वो भूल गया था कि उसकी दुकान पर सीसीटीवी लगे हैं। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त विनीत रस्तोगी को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना आरसी मिशन के क्राइम इंस्पेक्टर अमित कुमार के साथ एसआई विक्रम कुमार और सुनील कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे।

# वित्त मंत्री ने सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का किया शिलान्यास




कैनविज टाइम्स संवाददाता।

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विकासखंड ददरौल के ग्राम शाहबाजनगर में त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत 111.88 लाख रुपए की स्वीकृत लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस दौरान वित्त मंत्री ने बताया कि शाहबाजनगर, सुभाषनगर अजीजगंज, श्यामतगंज गोटिया एवं भावलखेड़ा में कुल पांच सामुदायिक भवन स्वीकृत हुए हैं। इस क्षेत्र में सामुदायिक भवन की आवश्यकता थी। कहा कि छोटे-मोटे उत्सव एवं कार्यक्रम इन सामुदायिक भवनों में आसानी से संपन्न हो सकेंगे। क्षेत्रवासियों की मांग पर यह सामुदायिक भवन स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस दौरान जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, जिला विकास अधिकारी ऋषि पाल सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, अजय प्रताप सिंह यादव, ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

# चेकिंग के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग

❐ जवाबी फायरिंग में अपराधी के पैर में लगी गोली, अस्पताल में भर्ती

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



शाहजहांपुर। बीती रात थाना कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर न्यू सिटी ककरा खुर्द रोड तिराहे पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस को बाइक सवार दो लोग आते हुए दिखाई दिए, पुलिस ने उन्हें रूकने का इशारा किया, तो बाइक की स्पीड बढ़ाकर वो लोग भागने लगे। इससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इसके बाद बाइक सवारों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली एसआई रंजीत सिंह के हाथ के पास से निकल गई।

पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बाइक सवार के गोली लगी, जबकि दूसरा अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस ने घायल अभियुक्त के कब्जे तमंचा कारतूस बरामद किया है। पकड़ा गया अभियुक्त थाना निगोही क्षेत्र के मोहल्ला ककरा का रहने वाला भूरे उर्फ भूरिया है। एसपी सिटी ने बताया कि पकड़े गए घायल अभियुक्त को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस अभियुक्त पर शाहजहांपुर के अलावा जनपद लखीमपुर खीरी के विभिन्न थानों में गोवध अधिनियम, हत्या का प्रयास, चोरी, गुण्डा एक्ट आदि के 11 अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के फरार अभियुक्त की तलाश में जुट गई है।

## बिसवां में दर्दनाक हादसाः डंपर की चपेट में आकर 17 वर्षीय छात्र की मौत, मचा कोहराम

**बिसवां, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिसवां कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को कस्बे मे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में 17 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना पाकर कोतवाली तत्काल मौके पर पहुंची विधिक कार्यवाही शुरु की। प्राप्त जानकारी के अनुसार शौर्य गुप्ता पुत्र आशीष गुप्ता, निवासी मोहल्ला गोपाल नगर, बिसवां देहात अपने चचेरे भाइयों को मंशाराम स्थित एल्पिस स्कूल छोड़कर वापस घर लौट रहा था। शौर्य गुप्ता भी एल्पिस स्कूल में ही इंटरमीडिएट का छात्र था बताया जा रहा है कि जैसे ही वह बिसवां के बड़े चौराहे पर सब्जी मंडी के पास वाइन शॉप के निकट पहुंचा, उसी दौरान एक डम्फर की चपेट में आ गया उसकी बाइक अचानक फिसल गई। बाइक असंतुलित होकर डंपर के नीचे चली गई, जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है जबकि चालक फरार हो गया हैघटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के एक बहन है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## बिसवां बार एसोसिएशन चुनाव सम्पन्न, सचिव पद पर नीरज श्रीवास्तव की शानदार जीत



**बिसवां, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिसवां बार एसोसिएशन की वार्षिक कार्यकारिणी का चुनाव एल्डर्स कमेटी चेयरमैन ब्रजेश कुमार गुप्ता के निर्देशन में सहायक चुनाव अधिकारी राजेश कुमार वर्मा,प्रमोद कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में बड़ी ही गहमागहमी व सुरक्षा व्यवस्था व बैंड बाजे के बीच ऐतिहासिक तौर पर सम्पन्न हुआ। कुल 65 सदस्यों मे 59 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।चुनाव के बाद मतगणना प्रारंभ हुई जिसमें सचिव पद पर नीरज कुमार श्रीवास्तव को 48 मत प्राप्त हुए उनके प्रतिद्वंद्वी इंद्रपाल वर्मा को मात्र 11 मत हासिल हुए। सचिव पद पर नीरज कुमार श्रीवास्तव विजय घोषित किए गए। जबकि अध्यक्ष पद पर राजकिशोर यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कटोरिया,उपाध्यक्ष इंतखाब आलम,संयुक्त सचिव बिपिन कुमार यादव, निर्विरोध निर्वाचित किये जा चुके थे।विजयी प्रत्याशियों को पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव व उनके समर्थकों द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया।

## रामकुंड चौराहा सौंदर्यीकरण कार्य ठप, खुदी सड़क से बढ़ी जाम की समस्या

**महमूदाबाद, सीतापुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रामकुंड चौराहे के सौंदर्यीकरण को लेकर सरकार से मिली मंजूरी के बाद शुरू हुआ निर्माण कार्य अब अधर में लटकता नजर आ रहा है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कराए जा रहे इस कार्य के तहत चौराहे से दोनों ओर 100-100 मीटर लंबाई तक 1.81 मीटर सड़क चौड़ीकरण होना है, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही से पूराद काम ठप पड़ा हुआ है।बताया जा रहा है कि ठेकेदार द्वारा सड़क के दोनों किनारों को खोद तो दिया गया, लेकिन करीब बीस दिन बीत जाने के बावजूद निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ सका है। नतीजतन, यह व्यस्त चौराहा अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। रोजाना यहां जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।गौरतलब है कि कार्य शुरू होने के समय महमूदाबाद के उपजिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि निर्माण कार्य तेजी से और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। इसके बावजूद ठेकेदार पर इन निर्देशों का कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है। अब सवाल यह उठ रहा है कि प्रशासन इस लापरवाही पर कब कार्रवाई करेगा और कब तक आम जनता को इस समस्या से राहत मिलेगी। लोगों की निगाहें एक बार फिर उपजिलाधिकारी के अगले कदम पर टिकी हैं।

## गोबर डालने को लेकर दो पक्षों में विवाद

**रायबरेली।** घर के सामने गोबर डालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के कुबना गांव निवासी सुखेंद्र बहादुर सिंह ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि गुरुवार सुबह वह अपने घर के सामने झाड़ू लगा रहे थे। विपक्षियों द्वारा वही से गोबर फेंकने को मना करने पर गांव के ही धर्मेंद्र,जितेंद्र, योगेंद्र, अरविंद, पुष्पेंद्र, गोविंद पुत्र गण योगेंद्र बहादुर आदि ने पुरानी रंजिश के चलते एक राय होकर उनके, उनकी पत्नी और पुत्र के साथ मारपीट की। आरोप यह भी है कि ईंट-गुम्मा भी चलाए और अरविंद ने कट्टा लेकर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने धर्मेंद्र, जितेंद्र, अरविंद, पुष्पेंद्र और गोविंद पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

# जर्जर तार और टूटे खंभों के कारण दर्जनों गांवों की बिजली आपूर्ति ठप्प

❐ बिजली विभाग की घोर लापरवाही के चलते जनता त्राहि-त्राहि ,तूफान और बारिश ने विभाग की पोल खोलकर रख दी



कैनविज टाइम्स संवाददाता।

रायबरेली। एक तरफ सरकार निर्बाध बिजली आपूर्ति के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर महराजगंज क्षेत्र में बिजली विभाग की घोर लापरवाही के चलते जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। पिछले शनिवार को आए तूफान और बारिश ने विभाग की पोल खोलकर रख दी है। जर्जर तार और टूटे खंभों के कारण दर्जनों गांवों की बिजली आपूर्ति ठप्प है, जिससे क्षेत्र में अब पेयजल का संकट भी गहरा गया है।

महराजगंज पावरहाउस से जुड़े कुसुढी सागरपुर, पूरे पलटगीर, गहिरा, बखतखेरा, कुसमहुरा और गोसाईं का पुरवा समेत दर्जनों गांवों में पिछले 6 दिनों से बिजली नहीं आई है। विभाग लाइनों को ठीक करने के बजाय 'जुगाड़ू तकनीक' से जोड़-गांठ कर काम चलाने की कोशिश कर रहा है, जो पहली ही बारिश में जवाब दे गई।

## हैंडपंपों पर लगी लंबी कतारें

बिजली न होने से घरों में लगे सबमर्सिबल पंप और मोटर शोपीस बनकर रह गए हैं। आलम यह है कि लोग पीने के पानी के लिए गांव के हैंडपंपों पर निर्भर हैं, जहाँ सुबह से ही लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। गुरुवार तक भी आपूर्ति बहाल न होने से ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे रहा है। विभागीय सुस्ती का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मोन गांव निवासी शिव शंकर गोस्वामी ने बताया दो साल पहले आई आंधी में उनके घर के पास का पोल टूट गया था, जो आज तक नहीं लगा। झूलते तारों के सहारे बिजली लेने को मजबूर हैं। नारायनपुर गांव में नरसिंह बहादुर के घर की छत पर चलती लाइन का एक पोल करीब डेढ़ साल से पड़ा है। आजतक नही बना। एक तरफ ग्रामीण परेशान हैं, वहीं जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। इस संबंध में जब जेई अजय सैनी से बात की गई तो उन्होंने कहा हमें जानकारी ही नहीं है कि कहां बिजली आपूर्ति हो रही है और कहां नहीं।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनायेगी ओबीसी कांग्रेस, कई राज्यों के बड़े नेता होंगे शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ । ओबीसी कांग्रेस देशभर में सत्यशोधक महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती मना रही है। इसी क्रम में 11 अप्रैल 2026 को लखनऊ स्थित, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स ऑडिटोरियम में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, तेलंगाना के पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत कांग्रेस के कई बड़े नेता शामिल होंगे। यह जानकारी कांग्रेस के ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद ने गुरूवार को एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी। डॉ. अनिल जयहिंद ने कहा कि महात्मा फुले ने अकेले ही सामाजिक क्रांति का बिगुल फूंका और ओबीसी, एससी, एसटी समाज को सामाजिक गुलामी से मुक्त किया। आज इस अधूरी सामाजिक क्रांति को ल्लन्याय योद्धाङ्क राहुल गांधी आगे बढ़ा रहे हैं। डॉ. जयहिंद ने मोदी सरकार से मांग की कि देश में एक वैज्ञानिक जाति जनगणना कराई जाए, जिसमें केवल जातियों की गिनती ही नहीं, बल्कि उनकी आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक स्थिति, सरकारी नौकरियों, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और नौकरशाही में हिस्सेदारी का विस्तृत डेटा एकत्र किया जाए।

उन्होंने बताया कि जनगणना के हाउसिंग फॉर्म में ओबीसी का अलग से उल्लेख नहीं है, जो यह दर्शाता है कि सरकार ओबीसी समाज की वास्तविक स्थिति को जानने और सुधारने के प्रति गंभीर नहीं है। डॉ. जयहिंद ने स्पष्ट किया कि यदि ओबीसी महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार नहीं दिया गया, तो देशव्यापी सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते उत्तर प्रदेश के सशक्त कदम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूँ। उत्तर प्रदेश के विकास की धुरी मानी जाने वाली विद्युत आपूर्ति के क्षेत्र में राज्य ने एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित किया है। प्रदेश सरकार के कुशल एवं दूरदर्शी विजन के फलस्वरूप राज्य की ऊर्जा उत्पादन क्षमता को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए घाटमपुर तापीय विद्युत परियोजना की तीसरी इकाई (यूनिट-3) का सफलतापूर्वक ग्रिड सिंक्रोनाइजेशन पूर्ण कर लिया गया है। 660 मेगावाट की इस विशाल क्षमता वाली इकाई का 765 केवी ग्रिड से जुड़ना न केवल तकनीकी उत्कृष्टता का प्रमाण है, बल्कि यह प्रदेश की निरंतर बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में राज्य सरकार का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रभावी कदम है। नेवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड द्वारा संचालित यह परियोजना, जो एनएलसी इंडिया लिमिटेड (51 प्रतिशत) एवं उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (49 प्रतिशत) का संयुक्त उपक्रम है, अब अपने पूर्ण वाणिज्यिक संचालन की दिशा में सफलतापूर्वक अग्रसर है।

प्रदेश की औद्योगिक और आर्थिक प्रगति के लिए निर्बाध बिजली की उपलब्धता एक अनिवार्य शर्त है। इस तीसरी इकाई के जुड़ने से राज्य की कुल स्थापित उत्पादन क्षमता बढ़कर लगभग 13,388 मेगावाट तक पहुँचने की संभावना है, जो उत्तर प्रदेश की बढ़ती ऊर्जा सामर्थ्य को दर्शाता है। परियोजना के पूर्ण रूप से संचालित होने के पश्चात प्रतिदिन लगभग 47.52 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया जाएगा, जिससे प्रदेश के आम नागरिकों, किसानों और उद्यमियों को बेहतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि यूनिट-1 एवं यूनिट-2 पहले ही क्रमशः दिसंबर 2024 और दिसंबर 2025 से सफलतापूर्वक संचालन में हैं, जो सरकार की समयबद्ध कार्यप्रणाली का परिचायक है। भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा निर्धारित आवंटन के अनुसार, इस परियोजना से उत्पादित लगभग 93.11 प्रतिशत बिजली उत्तर प्रदेश को प्राप्त होगी, जो राज्य को ऊर्जा के क्षेत्र में स्वावलंबी बनाने में मुख्य भूमिका निभाएगी। इसके साथ ही, भविष्य में निर्बाध एवं सतत विद्युत उत्पादन सुनिश्चित करने हेतु झारखंड स्थित पचवारा साउथ कोल ब्लॉक का विकास भी तीव्र गति से किया जा रहा है।

आधुनिक उत्तर प्रदेश की यह परियोजना केवल उत्पादन क्षमता बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्यावरणीय मानकों पर भी पूरी तरह खरी उतरती है। अत्याधुनिक तकनीकों से सुसज्जित इस संयंत्र में प्रदूषण नियंत्रण के लिए एफजीडी (फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन) एवं एससीआर (सेलेक्टिव कैटालिस्ट रिडक्शन) जैसी उन्नत प्रणालियों का उपयोग किया गया है। शजीरो लिक्विड डिस्चार्जश की व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि औद्योगिक विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता अक्षुण्ण रहे। ऊर्जा क्षेत्र में हासिल यह ऐतिहासिक उपलब्धि उत्तर प्रदेश को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक निर्णायक मोड़ है। राज्य सरकार उपभोक्ताओं को विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह उल्लेखनीय प्रगति न केवल ऊर्जा क्षेत्र में प्रदेश की बढ़ती साख को दर्शाती है, बल्कि बड़े पैमाने पर निवेश को आकर्षित करने और समग्र आर्थिक वृद्धि को नई गति प्रदान करने वाली है। घाटमपुर की यह सफलता उत्तर प्रदेश के ऊर्जावान और उज्ज्वल भविष्य का एक सशक्त जयघोष है।

## जेल में मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह की हालत बिगड़ी, मेडिकल कॉलेज में कराया गया भर्ती

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। एचपीसीएल प्लांट के दो अफसरों की हत्या के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह की जेल में हालत बिगड़ गई। उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बताई गई है। बदायूं के सैजनी गांव स्थित एचपीसीएल प्लांट में दो अफसरों की हत्या के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह की बुधवार रात अचानक तबीयत बिगड़ गई। अजय की हालत गंभीर होते देख जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। उसे तत्काल पुलिस अभिरक्षा में राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाकर भर्ती कराया गया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार, अजय प्रताप सिंह के दाहिने पैर में अब भी गोली फंसी हुई है, जिसके कारण उसे लगातार दर्द और संक्रमण की आशंका बनी हुई थी। बताया जा रहा है कि इसी कारण उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। जेल में उपचार के बावजूद हालत में सुधार नहीं हुआ तो डॉक्टरों की सलाह पर उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। डॉक्टरों की टीम कर रही निगरानी अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, आरोपी की स्थिति गंभीर बनी हुई है और डॉक्टरों की टीम उसकी लगातार निगरानी कर रही है। जरूरत पड़ने पर सर्जरी की भी संभावना जताई जा रही है। वहीं, सुरक्षा के लिहाज से मेडिकल कॉलेज परिसर में कड़ी पुलिस व्यवस्था की गई है। आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है और अस्पताल के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। गौरतलब है कि 12 मार्च को दातागंज क्षेत्र स्थित एचपीसीएल प्लांट में दो अधिकारियों की हत्या के बाद यह मामला पूरे जनपद में चर्चा का विषय बना हुआ है। घटना के बाद पुलिस ने अजय प्रताप के सरेंडर करने पर पुलिस उसे हत्या में प्रयुक्त तमंचा बरामद करने के लिए जंगल लेकर गई थी, वहां उसने अचानक हमला कर दिया था। इस पर हुई मुठभेड़ में उसके दोनों पैरों के घुटने में गोलियां लगी थीं।

## नई सराय नई बस्ती में सीसी सड़क इंटरलाकिंग व नाली का निर्माण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। नई सराय नई बस्ती में विकास कार्यों को गति देते हुए पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने को सीसी इंटरलॉकिंग सड़कों का उद्घाटन किया। वार्ड संख्या 27 में इण्टरलाकिंग सड़क, सीसी सड़क का निर्माण कार्य 16 लाख रुपये की लागत से पूरा किया गया है। गुरुवार को वार्ड संख्या 27 नई सराय नई बस्ती में लईक के मकान से छोटे के ममान तक इण्टरलाकिंग सड़क उच्चीकरण का निर्माण कार्य में पांच लाख 51 हजार रुपये तथा रंगीन मस्जिद से नूर उददीन से अख्तर के होटल तक सीसी रोड मय नाली निर्माण कार्य में दस लाख 58 हजार की लागत से बनने वाली सीसी सड़क, इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य का पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने उदघाटन किया। कार्यक्रम के दौरान वार्ड में पहुंचने पर स्थानीय नागरिकों और महिलाओं ने पालिकाध्यक्ष का फूल-मालाओं से अभिनंदन कर गर्मजोशी से स्वागत किया।इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं भी सुनीं और भरोसा दिलाया कि शहर में विकास की रफ्तार आगे भी इसी तरह जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि नगर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखने में नगर पालिका का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि 15वें वित्त आयोग से प्राप्त निधि के अंतर्गत शहर के कई वार्डों में सड़क, नाली व अन्य निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से अधिकांश अब पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर सभासद मोहित सक्सेना , मुकेश साहू , पूर्व सभासद इन्दु सक्सेना,हबीब खां उर्फ गुड्डू, डा. नन्नू, असरार खाँन उर्फ बाबू , आसिफ शेख, दानिश फरीदी, अरशद, अफजल, नगमा, सीमा वेगम, समी अहमद, शहनावाज, अशरफ भाई,शाहवाज, जाकिर, अनवार, जोहव, फसी उद्दीन, गुड्डू मजीद, निहाल, अरमान, फरमान गुड्डो,फरजाना, इमराना, कहकशां समेत कार्यालय अधीक्षक सूर्य प्रकाश सक्सेना, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यब, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक केशव गंगवार, निर्माण जेई सूर्य प्रकाश, निर्माण लिपिक सचिन सक्सेना, लवी कुमार, लिपिक नवैद इकबाल गनी, गजेन्द्र शाक्य सहित कई लोग मौजूद रहे।

## डबल इंजन सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना हमारा संकल्प : राजीव कुमार गुप्ता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूँ/समरेर। भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे ल्लग्राम/बस्ती चलो अभियान के तहत ब्लॉक समरेर के ग्राम कमां में संवाद कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने स्वच्छता अभियान चलाकर कार्यकर्ताओं के साथ श्रमदान किया तथा ग्राम के गणमान्य नागरिकों/वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया तथा उन्होंने चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान हेतु आश्वस्त करते हुए संबोधित किया। साथ ही कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर उनका कुशलक्षेम जाना। इसी क्रम में जनपद के विभिन्न ग्रामों में ल्लग्राम/बस्ती चलो अभियानङ्क के तहत जनप्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं के माध्यम से व्यापक स्तर पर कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता की जा रही है, जिससे संगठन और समाज के बीच संवाद और अधिक मजबूत हो रहा है। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित योजनाओं ने आमजन के जीवन में ठोस और व्यापक परिवर्तन लाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत करोड़ों गरीब परिवारों की महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए, जिससे उन्हें पारंपरिक ईंधन के धुएं से राहत मिली और उनके स्वास्थ्य व जीवन स्तर में सुधार हुआ। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से परिवारों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा मिली, जिससे गंभीर बीमारियों के इलाज में बड़ी सहायता प्राप्त हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उनका जीवन सुरक्षित और सम्मानजनक बना है। जनधन योजना ने गरीबों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे उनके खातों तक पहुंचाया है। वहीं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण और स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाकर गांवों और शहरों में स्वच्छ वातावरण का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है तथा विकास कार्यों को निरंतर गति मिली है, जिससे प्रदेश की छवि में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र गुर्जर, चंद्र प्रकाश, अवनीश सोलंकी, बालवीर सिंह, अंकित भदौरिया, गजेंद्र प्रताप सिंह, अशोक कुमार सिंह, मोहन राजपूत, अमित कुमार सिंह, सोनू सिंह, दिनेश कुमार सिंह, लालाराम कश्यप, चिम्मन राठौर, विपिन कुमार, राज्यपाल दिवाकर, महेश पाल सिंह तथा पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## 72 घंटे में फसल नुकसान की सूचना दें किसान

बदायूँ। उप कृषि निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद बदायूँ में विगत दिनों से लगातार हो रही वर्षा के कारण रबी की विभिन्न फसलों में हानि होने तथा उपज में कमी होने की सम्भावना है। जनपद के जिन किसानों द्वारा वर्ष 2025-26 में रबी की फसलों का बीमा कराया गया है वह किसान अपनी फसल में हुये नुकसान की सूचना लिखित रूप से जनपद की बीमा कम्पनी इफ्को टोक्यों के प्रतिनिधि या कृषि विभाग के विकास खण्ड व तहसील एवं जिला स्तरीय किसी भी कार्यालय में तत्काल 72 घटें के भीतर उपलब्ध करा दें। उन्होंने किसानों से कहा है कि बीमा कम्पनी के टोल फ्री न0-14447 पर कॉल करके भी अपनी फसल के नुकसान की सूचना दे सकते है। कृषि विभाग के कार्यालय में या टोल फी नम्बर पर सूचना देने के पश्चात फसल बीमा कम्पनी द्वारा सर्वेक्षण कार्य कर वास्तविक नुकसान क्षति का आंकलन कराते हुये क्षतिपूर्ति की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## फार्मर आईडी नही तो नहीं मिलेगा उर्वरक, बीज पेस्टीसाइड, किसान क्रेडिट कार्ड आदि का लाभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।जिला कृषि अधिकारी नरेन्द्र पाल ने समस्त कृषकों को अवगत कराया कि सरकार के द्वारा विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के लिए फार्मर आईडी किसान पहचान पत्र अनिवार्य कर दिया है। जनपद में लगभग 20 प्रतिशत कृषकों के द्वारा अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नही करायी गई है। ऐसे सभी किसानों को अपनी फार्मर रजिस्ट्री दिनांक 30.04.2026 से पूर्व करानी है। कृषि विभाग तथा राजस्व विभाग के द्वारा विभिन्न ग्रामों में 06 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक कैम्प लगाकर फार्मर आई0डी0 बनाने का अभियान चलाया जा रहा है, कृषक कैम्पों में अथवा जनसेवा केन्द्रों के माध्यम से अपनी फार्मर आई0डी0 तैयार करा सकते है। शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि दिनांक 01.05.2026 से लाभार्थी परक योजनाओं जैसे-बीज, उर्वरक, कीटनाशी, कृषि यंत्र, फसल बीमा, किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय किये जाने वाले कृषि उत्पाद (गेहूँ, धान, दाले, सरसों इत्यादि) के क्रय के लिये किसान पहचान पत्र फार्मर आईडी अनिवार्य कर दिया हैं। इसके साथ साथ उद्यान, सिंचाई, खाद्य एवं रसद, सहकारिता, पशुपालन, मत्स्य, लघु सिंचाई विभाग की योजनाओं का लाभ भी किसान पहचान पत्र फार्मर आईडी कृषकों को ही मिलेगा।जनप के उन समस्त कृषकों से अनुरोध है कि जिनकी फार्मर आई0डी0 अभी तक नही बनी है, वह तत्काल अपनी फार्मर आईडी किसान पहचान पत्र बनवा लें।

## एक बार फिर बनी अनीता तिवारी महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ द्वारा जनपद में महिला शिक्षक संघ को मजबूती प्रदान करने के लिए पुनः जिलाध्यक्ष की कमान डॉ0 अनीता तिवारी को सौंपी है। पूर्व में भी तीन बार महिला शिक्षक संघ की अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष के पद पर महिला शिक्षकों का नेतृत्व कर चुकी।उनके द्वारा हर बार महिला शिक्षकों की समस्याओं को पुरजोर तरीके से सरकार के समक्ष रखा गया है।जनपद में यह एकमात्र संगठन है जो सदैव महिला शिक्षकों के हितों के प्रति पूर्ण समर्पित है। लगातार चौथी बार जिलाध्यक्ष बनने पर नवनियुक्त अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 सुलोचना मौर्य तथा जनपद की सभी शिक्षक बहनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि हमेशा की तरह इस बार भी वह महिला शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण और हितों की रक्षा हेतु पूर्ण तत्परता से कार्य करेंगी। प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 सुलोचना मौर्य के इस विश्वास पर महिला शिक्षकों के बीच उत्साह का माहौल है। जनपद में महिला शिक्षकों की हर समस्या को लेकर उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ सदैव सक्रिय रहा है। महामंत्री डॉ0 आराधना कश्यप ने बताया कि शीघ्र ही संघ की बैठक बुलाई जायेगी ताकिआगे की कार्ययोजना तैयार की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी कार्य कारिणी बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा हेतु मिशन शक्ति हेतु कार्यक्रम चलायेगी।

इसके साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभा मिश्रा, उपाध्यक्ष माहेनूर, सुनीता कार्की, सरोज जायसवाल, रश्मि तिवारी मंत्री,, डॉ0 जयकिरण वरिष्ठ संगठन मंत्री, प्राझी अग्रवाल संगठन मंत्री ,भारती संतवानी,रेनू गुप्ता, ताहिरा फरहत, वंदना द्विवेदी संयुक्त मंत्री,अंशु, अर्शी नाज, सुरभि भारद्वाज सह संगठन मंत्री,, नीलिमा शुक्ला, मिनाक्षी चौधरी **कोषाध्यक्ष, कल्पना मिश्रा मीडिया प्रभारी,डॉ0 श्रुतिकीर्ति यादव निशात कौसर को भी संगठन में पदाधिकारी नियुक्त किया गया है।**

### उसावा ब्लाक में कोटेदार एक यूनिट पर डेढ़ किलो राशन दे रहा कम

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता । उसावा ब्लाक के ग्राम तरसुरा में राशन को लेकर बड़ा घोटाला हो रहा है इसकी शिकायत पहले भी एक गांव के व्यक्ति ने की थी लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा आपको बताते चले कि ग्राम तरसुरा के पप्पू कोटेदार डीलर बाल्टी से तौल कर देते हैं राशन जो कि डेढ़ किलो राशन एक बार में जाता है कम और दो बार तौलते है तो 3 किलो कम देते हैं अगर गांव वाले कोई आवाज उठाने की बात करते हैं तो उन्हें धमकाते हैं जो कि इतनी शक्ति होते हुए भी कोटेदार डीलर कब तक यह धांधली चलाएंगे क्यों नहीं हो रही है इन पर कार्रवाई जोकि सरकार एक यूनिट पर 5 किलो राशन देती है लेकिन कोठेदार डीलर एक यूनिट पर 4 किलो राशन देते हैं। यह सब धांधली क्यों आप वीडियो और फोटो में साफ देख सकते हैं बाल्टी दिख रही है। क्यों नहीं हो रही है इन पर कोई कार्रवाई आपको बताते चले पूरा मामला उसावां ब्लॉक ग्राम पंचायत मसूदपुर की तरसुरा गांव का है।

### भाजपा के संस्थापक सदस्य रहे वरिष्ठ नेताओं का किया सम्मान

बदायूं/कुंवरगांव कैनविज टाइम्स संवाददाता । भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर अटल विचार मंच के पदाधिकारिओ ने भाजपा के संस्थापक सदस्य रहे वरिष्ठ नेताओं का सम्मान किया। भाजपा आपदा राहत सेवा विभाग के जिला संयोजक एवं अटल विचार मंच के सचिब अजय शर्मा , प्रांतीय परिषद सदस्य जितेंद्र कुमार कश्यप एडवोकेट, चौधरी विजय पाल सिंह, ठाकुर रिशिपाल सिंह , मदन लाल गुप्ता, डॉ पंकज सिंह आदि ने भाजपा के सस्थापक सदस्य रहे सदस्यों का अंग वस्त्र एवं माला पहना कर सम्मान किया। संस्थापक सदस्यों में भाजपा के वरिष्ठ नेता हर प्रसाद सिंह पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रोफ़ेसर होत राम वर्मा एडवोकेट, प्रथम महामंत्री ठाकुर महेंद्र पाल सिंह, और सलारपुर के मंडल अध्यक्ष सहित वरिष्ठ पत्रकार विष्णु देव चांडक का माल्यार्पण कर अंग वस्त्र भेज कर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर अटल मंच के कार्यकर्ताओं ने संस्थापक सदस्यों से पार्टी के संघर्ष के दिनो के स्मरण भी सुन कर उनका मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। ज्ञात रहे कि भारतीय जनता पार्टी का 1980 में प्रथम राष्ट्रीय अधिवेशन मुंबई में हुआ था जिसमें भाजपा के जिला अध्यक्ष रहे डॉक्टर राजेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में संस्थापक सदस्यों ने मुंबई जाकर अधिवेशन में भाग लिया था।

### बेमौसम बरसात में किसानों को हुआ नुकसान सपा कार्यकर्ताओं ने मुआवजा की करी मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । सपा कार्यकर्ताओं ने बे मौसम हुई वर्षा से फसल के हुए नुकसान के मुआवजे की मांग कीद्य सपा जिला सचिव और पूर्व सभासद तौफ़ीक़अहमद क़ादरी ने कहा की कि बे मौसम हुई बरसात और तूफानी तेज हवाओं के चलने से किसानों क़ी खड़ी फसल गेहूं क़ी फसल लेट गई और ख़राब हो गई है किसान परेशान है साधन संपन्न किसानों ने अपनी फसल बचा ली परन्तु छोटे निर्धन किसान अपनी फसल नही बचा पाए उनकी फसलों को नुकसान पंहुचा उन्होंने सरकार से मांग करते हुए जनपद पीलीभीत मे फसलों क़ी सर्वे कराने क़ी मांग की और उचित मुआवजा दिए जाने की भी मांग की इस दौरान सपा नेता अंग्रेज सिंह सभसाद नादिर रज़ा बरकाती ,वर्जपाल यादव, सत्यपाल वर्मा, अमन यादव ,सभासद नुसरत परवीन क़ादरी ,ओमकार यादव, सुरेश भैया , अफजल अंसारी, पप्पू शाह, अहीद खान सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे है।

### बेमौसम बारिश से प्रभावित गेहूॅ की फसल में हुये नुकसान का जिलाधिकारी ने लिया जायजा

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने न्यूरिया क्षेत्र में पहुंचकर बेमौसम बारिश से प्रभावित गेहूं की फसल का स्थलीय निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हुई बेमौसम बारिश और तेज हवाओं के कारण जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में गेहूं की फसल को नुकसान हुआ है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि तेज हवाओं और जलभराव के कारण गेहूं की तैयार फसल जमीन पर गिर गई है, जिससे उत्पादन और गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खेतों में जाकर फसल की स्थिति देखी और किसानों से वार्ताकर उनकी समस्याओं को सुना और लेखपाल को गेहूॅ की फसल में हुये नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को फसल में हुए नुकसान का मुआवजा दिलाया जा सके। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, उप जिलाधिकारी सदर श्रद्धा सिंह, लेखपाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## शराब पीने के बाद हुए विवाद में घायल बुजुर्ग की चौथे दिन मौत, तीन पर मुकदमा दर्ज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बल्दीराय/सुलतानपुर। हलियापुर थाना क्षेत्र के उसकामऊ गांव में शराब पीने के बाद हुए आपसी विवाद में घायल एक बुजुर्ग की इलाज के दौरान चौथे दिन मौत हो गई। पुलिस ने परिजन की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार उसकामऊ मजरे तौधिकपुर निवासी झुरहू प्रसाद (लगभग 50 वर्ष) रविवार को गांव के ही दयाराम मौर्य के यहां दिहाड़ी मजदूरी करने गए थे। काम समाप्त होने के बाद रात करीब आठ बजे दयाराम की मशीन पर कुछ लोगों के साथ शराब का सेवन किया जा रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। मृतक के पुत्र अनिल कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि दयाराम मौर्य, ओमप्रकाश कोरी तथा राजकुमार उर्फ माले रैदास ने मिलकर उनके पिता पर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर जब परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल अवस्था में परिजन उन्हें इलाज के लिए सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर अयोध्या रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान बुधवार को उनकी मौत हो गई। बुधवार रात शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गुरुवार सुबह परिजनों की मांग पर पुलिस और तहसीलदार अरविंद तिवारी मौके पर पहुंचे और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

थाना प्रभारी वंदना अग्रहरि ने बताया कि घायल के दौरान दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। आरोपीयों की तलाश जारी है।

## थाना मूसाझाग क्षेत्र में क्रेस्टा गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं/मूसाझाग। जिले के गांव मनिकापुर नई सड़क गंगा एक्सप्रेस वे रोड पर तेज रफ्तार क्रेस्टा फोर व्हीलर गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए नजदीकी जिला अस्पताल बदायूं में रेफर किया गया। घायल युवक की हालत ज्यादा सीरियस होने पर जिला अस्पताल के चिकित्सको ने घायल व्यक्ति को बरेली रेफर किया। थाना मूसाझाग क्षेत्र के मनिकापुर निवासी सन्जीव ने बताया कि रामू शर्मा 32 वर्षीय पुत्र प्रेमपाल शर्मा निवासी गांव पलिया थाना दातागंज जोकि वह अपने साढू राजीव शर्मा निवासी मनिकापुर कौर थाना मूसाझाग क्षेत्र से गुरुवार की सुबह लगभग 11:00 बजे को बाइक की सर्विस करवाने के लिए बदायूं जा रहे थे। इस दौरान जब वे गांव मनिकापुर कौर से गंगा एक्सप्रेसवे सर्विस रोड के बीच पहुंचे तो पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार क्रेस्टा फोर व्हीलर गाड़ी ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद गाड़ी चालक को मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों ने दबोच लिया। ग्रामीणों की सूचना पर डायल 112 पुलिस टीम ने पहुंच कर घायल बाइक सवार रामू शर्मा को बदायूं जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बरेली अस्पताल रेफर कर दिया। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी से पता चला है कि पुलिस ने क्रेस्टा फोर व्हीलर गाड़ी चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

इस संबंध में थाना मूसाझाग प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह तोमर से जानकारी लेना चाह लेकिन उनका कॉल रिसीव नहीं हुआ।

# आपात्रों को आवास की राशि देने पर सचिवों से होगी धनराशि की रिकवरी : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने विकास वि भाग के संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए मेडिकल कॉलेज ओपीडी शिफ्ट डाक्टरों की कमी,डायनिंग,नर्स स्टाफ,मेडीको लीग मेडिकल कॉलेज वाटर लागिंग की समस्या,सीएच सी ओपीडी,डिलीवरी, ऑक्सीजन प्लांट कितने ल गे है,कुल कितने पद सृजित हैं आदि के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जिलाधिकारी ने गहन समीक्षा की।समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्राप्त सूचना के अनुसार जनपद में सीएचसी अधीक्षकों द्वारा सीएचसी पर रात्रि निवास नहीं कि या जा रहा है।जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नारा जगी व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग के वरिष्ठ अ धिकारियों द्वारा रात्रि में रैंडम चेकिंग की जाय और फोटोग्राफ के साथ बैठक में रिपोर्टप्रस्तुत की जाय




बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में हेल्थ एवं वेल नेस सेंटर पर तैनात सीएचओ की आनलाइन लाइ व लोकेशन की उपस्थिति प्रतिदिन लेने के निर्देश दिये हैं उन्होंने कहा है कि सुबह दस बजे और दो पहर तीन बजे इनकी उपस्थिति ली जाय,तथा डि टेल्स तैयार कर जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में फोटोग्राफ के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिये हैं कि जनपद के 297 ग्राम पंचायतों में तैनात सीएचओ की उपस्थिति के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप तैयार करके उपस्थिति ली जाय।आंगनबाड़ी विभाग की समीक्षा करते हुए डीपीओ कार्यक्रम को निर्देश दि ये गए हैं कि जितने भी आवेदन लंबित है उनको तत्काल निस्तारित किया जाय।आयुष्मान भारत कार्ड बनाने की समीक्षा की गई, तथा कार्ड बनाने की पात्रता क्या है, के संबंध में जानकारी ली, तथा खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि आयुष्मान भारत कार्ड के मृतक कार्ड धारकों की जांच कराकर रिपोर्ट तैयार की जाय।समीक्षा बैठ क में उन्होंने कहा है कि तहसीलवार जनपद स्तरी य अधिकारियों को नोडल के रूप में लगाया जाय, ताकि ये आयुष्मान भारत कार्ड तथा फैमिली आई डी बनाने की समीक्षा करते हुए समय से कार्य को पूर्ण करायें।बैठक में आभा आईडी की भी समीक्षा की गई,तथा निर्देश दिये गए कि ब्लॉकवार कैम्प लगवा कर सभी मजदूरों एवं पात्र व्यक्तियों का आ भा आईडी बनवाया जाय। उन्होंने ग्राम पंचायतों में फंागिग कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये हैं कि सभी विकास खण्डों में दवा उपलब्ध क रवा कर ग्राम पंचायतों में फंागिग कराना सुनिश्चित करें।बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया है कि आयु ष्मान आरोग्य मेला का रोस्टर बनाया जाय और ब्लॉकवार जनप्रतिनिधियों को बुलाया जाय, उनके ही द्वारा मेला का शुभारंभ कराया जाय।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सीएचसी अधीक्षक को यह निर्देश दिये हैं कि महीने में एक बार अपने ब्लाक से संबंधित जनप्रतिनिधियों को आंमत्रित करके आयुष्मान आरोग्य मेला का शुभारंभ कराया जा य।प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि जिन ग्राम पंचायत सचिवों के गांव का सत्यापन लंबित है उनका वेतन बाधित करते हुए तत्काल वेरिफिके शन कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया जाए,इसके साथ ही यह निर्देश दिया गया है कि जिन ग्राम पंचायत सचिव के द्वारा आपात्र लाभार्थियों को आवास का भुगतान दिया गया है उन ग्राम पंचायत सचिवों की सूचना तैयार करके खिलाफ नियमा नुसार विभागीय कार्यवाही करते हुए संबंधित ग्राम पंचायत सचिव से रिकवरी करने के लिए आदेश जारी किया जाए।आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण की स मीक्षा करते हुए विकासखंड छपिया में आंगनबाड़ी निर्माण की खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बीडीओ छपिया मनु लाल यादव को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।जिलाधिकारी ने विकास विभाग की समीक्षा की।समीक्षा में ख ण्ड विकास अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों द्वारा विका स कार्यो में अपेक्षित सहयोग एवं रुचि नहीं ली जा रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिये है कि जनपद के जिन ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों द्वारा विकास कार्यों में अपेक्षित सहयोग एवं रुचि नहीं ली जा रही है,उन ग्राम प्र धानों को चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ 95 (1) जी के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही करने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी जाए।बैठक में मनरेगा योजना की समीक्षा की गई, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा जनार्दन प्रसाद को निर्देश दिए हैं कि वित्तीय वर्षवार कुल कितनी आ ईडी ऐसी है जिस पर कोई भी मस्टर रोल जारी न हीं है।इसके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि कुल कितनी आईडी है कि जिस पर शतप्रति शत भुगतान हो गया है।इसकी वित्तीय वर्षवार सू चना तैयार कर उपलब्ध कराया जाए।

# खतरे में है लोकतंत्र के प्रहरी सरकारें कर रही नजर अंदाज

## पत्रकारों का हो रहा उत्पीड़न,सच सामने लाना पड़ रहा भारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । हमारे लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ जिसे मीडि या भी कहा जाता है औ? जिसको लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में दर्ज़ा मिला है।उस स्तम्भ में हम पत्रकार समाहित हैं।वह स्तम्भलगातार खतरे को शिद्दत से महसूस कर रहा है।पत्रकार जो कि जनता तथा शासन दोनों के बीच एक माध्यम एक आईने का काम करता है लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहलाता है।पत्रकार जिसकी वजह से अपने देश तथा अपने समाज में हो रही सभी घटनाओं की संपूर्ण जानकारी हमें घर बैठे प्राप्त होती है,फिर खबर चाहे हमारे देश के हालातो से जुडी हो या हमारे समाज में नित्य प्रति घटित हो रही अप्रिय घटनाओं की,एक बेबाक पत्रकार की निष्पक्ष कल म ही सारा सच हमारे सामने लाती है।लेकिन हमा रे देश में निष्पक्षता से पत्रकारिता करना मानो एक आप सा बनता जा रहा है,निष्पक्ष तरिके से सच ज नता के सामने लाना हर उस पत्रकार को महंगा पड़ता है, जिसकी कलम



आपराधिक प्रवत्ति के लोगों का काला सच सामने लेन के लिए उठती है. मजबूरन उस पत्रकार को सच से विमुख होना पड़ ता है, तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही उसकी जंग में उसे अपने हाथ खड़े करने पड़ जाते है।देश में आज यो पत्रकार भी सुरक्षित नहीं है जो अपनी जान दाव पर लगा कर माफियाओं, अपराधियों त था भ्रष्टाचार करने वालो का सच जनता तथा शा सन प्रशासन के सामने लाते है काले कारनामों का खुलासा करने के बाद उन्हें मिलती है तो सिर्फ जा न से मारने की धमकी,कभी कभी तो ऐसा भी हो ता है कि पत्रकारों की खुले आम हत्या भी कर दी जाती है जिसके बाद उनका पूरा परिवार बेसहारा हो जाता है और न्याय के लिए दर दर भटकता है.

आखिर ऐसा क्यों होता है..? एक पत्रकार जिसकी कलम हमेशा सत्य और निष्पक्षता के लिए चलती है वो हमेशा हमारे समाज तथा हमारे देश में हर उ स इन का दुश्मन बन जाता है जिसका सरोकार भ्रष्टाचार तथा गलत कामों से होता है काला सब सामने आने के डर से आपराधिक प्रवत्ति के लोग पहले उसे तरह तरह की धमकियां देते है इसके बाद भी यदि उनके गुनाहों का राज सबके सामने आता दिखाई देता है तो फिर एक बेकसूर पत्रकार को मौत के घाट उतार दिया जाता है,सरकारों से निवेदन है कि हर उस पत्रकार को उसका हक मि लना चाहिए जो पूरी तरह से निष्पक्ष होकर सच जनता के सामने लाता है तथा जिसकी कलम ह मेशा सच के लिए चलती है ताकि आने वाले समय में लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ पूर्ण रूप से मजबूत बना रहे और किसी निर्दोष पत्रकार को गुनेहगारो का काल सब सामने लाने पर अपनी जान न गवा नी पड़े।

### भ्रामक प्रचार से बचें, गो संरक्षण में कोई कमी नहीं : महेश शुक्ला

मीरजापुर। विंध्याचल स्थित अष्टभुजा डाक बंगला सभागार में गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ला ने स्पष्ट कहा कि गो संरक्षण को लेकर सरकार पूरी तरह संवेदनशील है और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ छद्म प्रचारक भ्रामक सूचनाएं फैलाकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर निराश्रित गोवंश की सेवा और संरक्षण में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। सरकार जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्य कर रही है और नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। उपाध्यक्ष ने बताया कि जिले में 49 गौ आश्रय स्थल संचालित हैं, जहां 14,575 गोवंश का संरक्षण किया जा रहा है। वहीं सहभागिता योजना के तहत 518 प्रगतिशील गोपालकों ने 1,645 गोवंश को अपनाकर सराहनीय पहल की है।

# एटीपीएल के फाइनल मैच में जगदीशपुर के सिर सजा जीत का ताज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । अमेठी टीचर प्रीमियर लीग के रोमांचक फाइनल मुकाबले में जंगबाज जगदीशपुर ने तिलोई वॉरियर्स को छह विकेट से करारी शिकस्त देकर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। खिताबी भिड़ंत में जगदीशपुर के आलराउंड प्रदर्शन के आगे तिलोई की टीम पूरी तरह पस्त नजर आई।फाइनल मुकाबले में चंदन शुक्ला ने चौतीस गेंदों पर नाबाद इकहत्तर रनों की विस्फोटक पारी खेलकर मैच का रुख एकतरफा कर दिया। उनकी इस शानदार पारी के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, वहीं पूरे टूर्नामेंट में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का खिताब भी उनके नाम रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए तिलोई वॉरियर्स की टीम ने चौदह ओवर तीन गेंदों में एक सौ पांच रनों पर सिमट गई। टीम की ओर से विनीत विन्नी ने इक्कीस रनों का योगदान दिया जबकि जगदीशपुर के वीरेंद्र वर्मा ने



**अमेठी टीचर प्रीमियर लीग के फाइनल मैच के प्लेयर आफ द टूर्नामेंट बने चंदन शुक्ला**

घातक गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके और राहुल गिरी ने तीन विकेट हासिल किये।जवाब में जंगबाज जगदीशपुर ने दस ओवर पांच गेदों में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। चंदन शुक्ला की तूफानी पारी में छह छक्के और सात चौके शामिल रहे, जिससे मैच पूरी तरह एकतरफा हो गया। फाइनल मैच में भेंटुआ के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजः सत्यार्थ पाण्डेय, जगदीशपुर के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज अभ्येन्द्र सिंह, सिंहपुर के सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक देवेन्द्र पटेल को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। मैच का शुभारम्भ भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने किया। विजेता एवं उप विजेता टीम को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।फाइनल मैच के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह, रामकिशन कश्यप, विवेक शुक्ला, धीरेंद्र सिंह, डीबी सिंह, बब्बन यादव, धीरेंद्र सिंह बघेल, दिलीप शुक्ला, सत्येंद्र तिवारी, उबैद अहमद, संतोष तिवारी, शिव भूषण शुक्ला सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।आयोजन समिति से प्रमोद तिवारी, आशीष पांडेय, अमन, अभिषेक, अजय सिंह एवं सत्येंद्र तिवारी सहित अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अवैध निर्माण पर चला योगी सरकार का बुलडोजर

ैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा जिला प्रशासन ने सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सदर तहसील क्षेत्र के खोरहंसा में डेढ़ बीघा ग्राम समाज नवीन परती जमीन पर बने एक मदरसे, तीन दुकानों और एक मकान को बुलडोजर से ध्वस्त कर खाली कराया गया।यह कार्रवाई सदर तहसील अंतर्गत खोरहंसा में की गई, जहां लगभग डेढ़ बीघा सरकारी नवीन परती जमीन पर अवैध रूप से एक बड़ा मदरसा संचालित हो रहा था।

इसी जमीन पर तीन दुकानें बनाकर अवैध रूप से चलाई जा रही थीं, जिनसे आर्थिक लाभ कमाया जा रहा था। साथ ही, एक मकान बनाकर भी लोग रह रहे थे। गोंडा सदर तहसीलदार मनीष कुमार की अदालत




ने ग्राम समाज की नवीन परती जमीन पर बने मदरसे, दुकानों और मकान को तोड़कर अवैध कब्जा हटाने का आदेश जारी किया था।एसडीएम सदर अशोक गुप्ता, सदर तहसीलदार मनीष कुमार, गोंडा सीओ सदर शिल्पा वर्मा और सीओ नगर आनंद राय के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई है।इस दौरान कई थानों की पुलिस फोर्स भी मौके पर मौजूद थी। अवैध कब्जा करने वालों को पहले भी कई बार नोटिस और चेतावनी दी गई थी, लेकिन उन्होंने नियमों को दरकिनार कर सरकारी जमीन पर कब्जा बनाए रखा। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि दोबारा इस डेढ़ बीघा जमीन पर कोई कब्जा करता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।एसडीएम सदर अशोक गुप्ता ने बताया कि हम लोगों की मौजूदगी में भारीपन संख्या में फोर्स के साथ अवैध कब्जा खाली कराया गया है।सदर तहसीलदार के कोर्ट से सरकारी जमीन खाली कराई जाने को लेकर के आदेश दिया गया था इस आदेश का आज हम लोगों द्वारा पालन कराया गया है।

# बिना नंबरप्लेट के सड़क पर फर्राटा भर रहे ओवर लोड वाहन, नजरअंदाज कर रहे जिम्मेदार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । ओवरलोड पर अंकुश लगाने के लिए मुख्यमं त्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त निर्देश दिए हैं, लेकि न मुख्यमंत्री के आदेश का असर जिम्मेदार अधि का रियों पर नहीं पड़ रहा है। नतीजा ओवरलोड वाहन नंबर प्लेट छुपाते हुए बेखौफ होकर दिनदहा ड़े ऊंचाहार तहसील मुख्यालय की सड़कों से गुजर ते रहते हैं।वहीं, जिम्मेदार इन पर कार्रवाई करने के बजाय ओवरलोडिंग को नजरअंदाज कर देते हैं।इ ससे सड़क क्षतिग्रस्त होने के साथ ही अक्सर दुर्घट नाएं भी घटित होती रहती है।क्षेत्र में सुबह से ही मौरंग व गिट्टी तथा मिट्टी लदे डंपर सड़कों पर फर्रा टा भरते दिखने लगते हैं। इन डंपरों में कहने को नंबर प्लेट तो लगी होती है, लेकिन वह



दिखाई नहीं पड़ती है।इनके द्वारा आनलाइन चालान से बचने के लिए नंबर प्लेट को छिपा दिया जाता है। कई डंपर में तो नंबर प्लेट के अंक को भी खुरेंच दिया गया है।सबसे बड़ी बात बिना नंबर प्लेट वाले ओवरलोड डंपर कस्बा चौराहा से लेकर तहसील मुख्यालय के द्वारा से होकर गुजरते हैं।कागजी खानापूर्ति को यातायात तथा परिवहन विभाग द्वारा महीने में एक दो बार एक या दो डंप रों पर कार्यवाही कर वापस चले जाते हैं।वहीं तह सील प्रशासन तथा पुलिस इन डंपरों को देख कर दूसरी ओर मुंह घुमा लेते हैं,यह तस्वीर अक्सर देख ने को मिलती रहती है।पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में भी ओवरलोड डीसीएम गोंडा-बलरामपुर रोड मार्ग पर बेखौफ फर्राटा भरते रहते हैं। यातायात पुलिस व परिवहन विभाग की ओवरलोड वाहनों पर कार्रवा ई महज कागजों तक ही सीमित है।जिम्मेदार बिना नंबर प्लेट के फर्राटा भर रहे ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही को लेकर कितना गंभीर है इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता, एआरटीओ ने बताया कि ओवरलोड वाहनों का चालान कर ओवरलोडिं ग बंद कराने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। बिना नंबर प्लेट के वाहन संचालित मिलने पर जुर्माना लगाने के प्रावधान है।

# गांव-गांव भ्रमण कर फार्मर रजिस्ट्री शिविर का एसडीएम नानपारा ने लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने तहसील नानपारा अन्तर्गत ग्राम उमरिया व चनैनी सहित अन्य ग्रामों का भ्रमण कर फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत गांव-गांव लगाये गये शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने शिविर में मौजूद लेखपालों व कृषि विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिया कि कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री के साथ-साथ खतौनी में नाम की त्रुटि, अंश निर्धारण, नाम मिसमैच जैसी समस्याओं का भी गुणवत्तापूर्ण समाधान कराया जाय ताकि सभी सम्बन्धित कृषक निर्बाध रूप से योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त



कर सकें। एसडीएम ने किसानों से कहा कि फार्मर रजिस्ट्री एक अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज है। भविष्य में पीएम किसान सम्मान निधि, खाद-बीज पर सब्सिडी, कृषि यंत्रों पर छूट जैसी सभी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य होगी। फार्मर रजिस्ट्री बन जाने पर फसलों की बिक्री (गेहूं, धान, सरसों) में आसानी होगी, किसान क्रेडिट कार्ड मात्र 3 दिनों में बन सकेगा, फसल क्षति पर मुआवजा प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी, सभी सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी समस्या के मिल सकेगा। उन्होंने कृषकों को सुझाव दिया कि अपने आधार लिंक मोबाइल नंबर, आधार कार्ड और खतौनी/गाटा संख्या के साथ नजदीकी कैंप, जनसेवा केंद्र या लेखपाल से संपर्क कर तत्काल फार्मर रजिस्ट्री करा लें।

### अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन आज

बहराइच । उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का अन्तिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 को किया जायेगा। श्री कुमार ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार जनपद की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की अन्तिम निर्वाचक नामावलियों का एक-एक सैट मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों अध्यक्ष/मंत्री से अपेक्षा की है कि 10 अप्रैल 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, बहराइच में अपने प्राधिकार पत्र के साथ उपस्थित होकर अन्तिम मतदाता सूचियों का एक-एक सैट प्राप्त कर लें।

### सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, जिलाधिकारी से की शिकायत

बिजनौर। उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर के नजीबाबाद तहसील क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे और निर्माण का एक गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर पूरे प्रकरण की जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता भाजपा उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक अरोड़ा ने आरोप लगाया है कि ग्राम हरवाड़ा तहसील नजीबाबाद स्थित खसरा संख्या 31, जो भारत सरकार की करोड़ों रुपये मूल्य की शत्रु संपत्ति है, उस पर भू-माफियाओं द्वारा अवैध निर्माण कर कब्जा कराया जा रहा है। इस मामले में तहसीलदार संतोष यादव, नायब तहसीलदार अमित कुमार तथा हल्का लेखपाल अभिषेक द्विवेदी की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं। शिकायत में कहा गया है कि उक्त भूमि को लेकर पूर्व से विवाद चल रहा है और उपजिलाधिकारी न्यायालय में वाद भी विचाराधीन है।

### उप मुख्यमंत्री पाठक विजय बहादुर पाठक के आवास पहुंच कर पिता के निधन पर जताया दुख, अर्पित की श्रद्धांजलि

आज़मगढ़ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही गुरुवार को आजमगढ़ जिले के ग्राम बड़सरा खालसा स्थित एमएलसी विजय बहादुर पाठक के आवास पहुंचे; उन्होंने भाजपा नेता पाठक के दिवंगत पिता स्वर्गीय राधेश्याम पाठक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया और दुख की घड़ी में सरकार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने स्वर्गीय राधेश्याम पाठक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह अपूरणीय क्षति है और सरकार हर परिस्थिति में परिवार के साथ खड़ी है।

# स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली को एमएलसी ने दिखायी हरी झण्डी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । नवीन शैक्षिक सत्र 2026-27 में 06 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं का परिषदीय विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन कराये जाने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर 01 से 15 अप्रैल 2026 तक संचालित किये जा रहे अभियान अन्तर्गत एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर से स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में बाल शिक्षा निकेतन, तारा गर्ल्स इण्टर कालेज, आर्यकन्या इण्टर कालेज, प्रा.वि.




ढपालीपुरवा सहित अन्य परिषदीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आधी रोटी खाएंगे-स्कूल पढ़ने जाएंगे' 'मम्मी पापा हमें पढ़ाओ-स्कूल चलकर नाम लिखाओ' एवं 'शिक्षा है अनमोल रतन-पढ़ने का सब करो जतन' आदि गगन भेदी नारों के माध्यम से जनमानस को सभी बच्चों का विद्यालयों में नामांकन कराने का संदेश दिया गया। जागरूकता रैली का नेतृत्व बलाक हुजूरपुर अन्तर्गत कम्पोजिट विद्यालय बसंतपुर के बच्चों के बैण्ड ग्रुप द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा जनपदवासियों से शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन कराये जाने की अपील की गई। डीएम ने कहा कि देश के मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का संकल्प है कि 06 से 14 वर्ष आयु वर्ग के शत-प्रतिशत बालक-बालिकाओं का नामांकन हो। कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न होने पाए। निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदेश के सभी बच्चों का मौलिक अधिकार ही नहीं बल्कि उनके जीवन का आधार है। शिक्षा ही किसी राज्य की सकल पूंजी होती है जिस पर ही राष्ट्र का भविष्य निर्भर होता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे विधान परिषद सदस्य डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने बच्चों और उनके अभिभावकों से बात कर प्रतिदिन विद्यालय भेजने की अपील की, कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग मिश्रा सहित सभी विकास क्षेत्रों के खंड शिक्षा अधिकारी और सभी जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

# हर गांव, हर गली तक खुशहाली का संकल्पः पूरनपुर ब्लॉक बैठक में विकास को मिली नई दिशा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।पूरनपुर के ब्लॉक सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत बैठक का शुभारंभ विधिवत रूप से दीप प्रज्वलन के साथ किया गया इस महत्वपूर्ण बैठक में क्षेत्र के सम्मानित ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों तथा जिला पंचायत सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे बैठक का माहौल गंभीर और विकासोन्मुख बना रहा बैठक के दौरान क्षेत्र के चहुंमुखी विकास को लेकर व्यापक चर्चा की गई विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, बिजली, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने पर जोर दिया गया इसके साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने योजनाओं की प्रगति, चुनौतियों और उनके समाधान को लेकर अपने विचार साझा किए। जनप्रतिनिधियों ने जमीनी स्तर पर आ रही समस्याओं को उठाते हुए अधिकारियों से त्वरित कार्रवाई और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की अपेक्षा जताई वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि पंचायत स्तर पर विकास की स्पष्ट रूपरेखा तैयार करना और जनहित के मुद्दों पर खुलकर चर्चा करना लोकतंत्र की असली ताकत है। जब जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर काम करते हैं, तो विकास की गति तेज होती है और उसका लाभ सीधे आम जनता तक पहुंचता है बैठक में यह भी तय किया गया ।

कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक हर हाल में पहुंचाया जाएगा। साथ ही, सभी जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाने का आह्वान किया गया बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि निर्विकार सिंह उर्फ अपूर्व सिंह ने की उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सभी को मिलकर ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा अंत में यह आशा व्यक्त की गई कि यह बैठक पूरनपुर क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेगी और हर गांव, हर गली तक खुशहाली पहुंचाने का संकल्प जल्द ही धरातल पर साकार होता नजर आएगा।

# मंत्री प्रतिनिधि से ग्रामीणों ने की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।ग्राम टांडा विजैसी के गणमान्य कृषकों के प्रतिनिधिमंडल ने मझोला जनसहयोग कार्यालय पर आकर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल से शिष्टाचार भेंट कर उनको ग्राम से होकर निकलने वाली रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से खड़ी हुई समस्याओं के विषय में चर्चा की ज्ञापन सौंपा और बताया कि इस क्रॉसिंग के बंद होने से दूसरी ओर के सैकड़ों लोगों को बड़ी समस्या खड़ी हो गई है अब मुख्यमार्ग से मात्र 50 मीटर दूर बैठे लोगों को मुख्य मार्ग हेतु आने के लिए दो किलोमीटर घूम कर आना पड़ रहा है स्कूल के बच्चों को और किसी आपात स्थिति में पीलीभीत अस्पताल जाने वालों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। रोड के दूसरी ओर स्थित गुरुद्वारे तक नित्य पूजा हेतु जाने में महिलाओं और बच्चों को बड़ी दिक्कत हो रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि इस रेलवे क्रॉसिंग पर अंडर पास बनाकर समस्या का हल कराया जा सकता हम यह मार्ग पीलीभीत टाइगर रिजर्व समेत भरतपुर, गुलड़िया, न्यूरिया कॉलोनी आदि समेत दर्जनों ग्रामों तक भी जाता है। प्रतिनिधि मंडल ने इस समस्या के निस्तारण हेतु जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल से सहयोग का आग्रह किया। प्रकरण रेलवे विभाग से संबंधित होने के कारण जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री और सांसद जितिन प्रसाद को मामले से अवगत कराकर इसका समाधान कराने हेतु आग्रह किया, मंत्री जितिन प्रसाद ने प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए इस पर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। शिष्टमंडल में वरिष्ठ कृषक बलविंदर सिंह, अनमोल सिंह, राजेंद्र पाल सिंह, हुजूर सिंह, प्रतिपाल सिंह, रिंकू सिंह आदि सम्मिलित थे।

# श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व भव्य कलश शोभायात्रा, भक्ति में सराबोर दिखा जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के बरसावां गांव में श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। सरस्वती शुक्ला एवं राम मनोरथ शुक्ल के निज आवास से निकली इस शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्ति और उत्साह के रंग में रंग दिया।

शोभायात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर मंगल कलश रखा और गाजे-बाजे की धुन पर नाचते-गाते हुए भाग लिया। यात्रा बरसावां गांव से निकलकर लंगड़ी बाजार और बघौना बाजार होते हुए काली माई गोलन भवानी मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। इसके पश्चात शोभायात्रा पुनः यज्ञ स्थल पहुंचकर संपन्न हुई।

इस धार्मिक आयोजन की अध्यक्षता अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास, राष्ट्रीय वक्ता श्याम सारथी जी महाराज ने की। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा सनातन धर्म की प्राचीन परंपरा है, जो किसी भी धार्मिक अनुष्ठान से पूर्व वातावरण को पवित्र एवं सकारात्मक बनाती है। कार्यक्रम में प्रियंका पांडेय, नीशा शुक्ला, माया पांडे, नीलम पांडे, रामलाल शुक्ल, कुलदीप शुक्ल, दरोगा तिवारी, रमाशंकर मिश्र, सुरेश चंद्र मिश्र, शिवाकांत शुक्ल, उमाकांत, प्रदीप कुमार, आशुतोष, इशांत, दिव्यांश, निशांत, अंश सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। अंत में संतोष शुक्ल ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि आज से प्रतिदिन सायं 4 बजे से 7 बजे तक कथा व्यास श्याम सारथी जी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कराया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का लाभ लेने की अपील की।

# कंपोजिट मदिरा की दुकान को लेकर व्यापारियों और नागरिकों में आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। शहर के गोराबारिक क्षेत्र में स्थित कंपोजिट मदिरा की दुकान को लेकर स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, उत्तर प्रदेश के बैनर तले व्यापारियों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर दुकान के संचालन पर गंभीर सवाल उठाए हैं। व्यापारियों का आरोप है कि दुकान पर शराब खरीदने आने वाले लोग परिसर के बाहर ही खड़े होकर शराब का सेवन करते हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल बिगड़ रहा है। नशे में धुत लोग गाली-गलौज करते हैं और कई बार अशोभनीय हरकतें करते हैं, जिससे खासकर महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा1 है।बताया गया कि दुकान के पास ही अस्पताल, मंदिर और मस्जिद जैसे महत्वपूर्ण स्थल स्थित हैं। इसके बावजूद दुकान के बाहर ही शराब पिलाने की व्यवस्था किए जाने से धार्मिक और सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। साथ ही सड़क किनारे वाहनों के खड़े होने से यातायात व्यवस्था भी बाधित हो रही है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि दुकान के कर्मचारी ग्राहकों को पानी, गिलास आदि उपलब्ध कराते हैं, जिससे वे वहीं बैठकर शराब पीते हैं। विरोध करने पर दुकानदार और कर्मचारी अभद्रता करते हैं और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हैं।उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की जांच कर संबंधित दुकान के लाइसेंस की समीक्षा की जाए और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही दुकान के बाहर शराब पीने पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने की मांग की गई है।इस दौरान प्रदेश महामंत्री मनोज अग्रवाल, जिलाध्यक्ष खलीक खान, रहमान, मो. आजाद खान, नन्हे लाल समेत दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दो गूलर और छह सागौन के पेड़ काटने पर मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना जगदीशपुर क्षेत्र के गांव पिछूती जनपद अमेठी विषय ग्राम पिछूती में दिनदहाड़े लकड़ी कारोबारियों द्वारा प्रतिबंधित पेड़ो की कटान करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। स्थानीय पुलिस ने वन विभाग के वीट प्रभारी की तहरीर पर लकड़ी कारोबारी और बाग स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। थाना क्षेत्र के गांव पिछूती में बेखौफ लकड़ी कारोबारियों द्वारा दिनदहाड़े गूलर और सागौन के पेड़ों पर आरा चलाया जा रहा था और ट्रैक्टर ट्राली से लकड़ी की ढुलाई कर उसे ठिकाने लगाया जा रहा था लेकिन हल्का के सिपाहियों को इसकी भनक नही लगी और वन विभाग के अधिकारियों तक जब मामला पहुंचा तो वीट प्रभारी विजेंद्र प्रसाद ने मौके पर पहुंचकर देखा कि दो वृक्ष गूलर तथा छह वृक्ष सागौन के कटे बूट थे जिसकी समस्त प्रकाष्ठ मौके से गायब थी उक्त कटे वृक्षों का बूट माप कर स्थानीय पुलिस और वन विभाग के आला अधिकारियों को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। वन विभाग के रानीगंज वीट प्रभारी विजेंद्र प्रसाद ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि आसपास जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त कटे वृक्ष जगदेव पुत्र शोभनाथ निवासी ग्राम भूलीनगर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक के द्वारा अवैध रूप से काटा गया था जिसे सूरज मौर्या पुत्र स्व राजकरन निवासी ग्राम पिछूती थाना जगदीशपुर के द्वारा बेचा गया था चूंकि उक्त कटे गूलर तथा सागौन प्रजाति के वृक्ष प्रतिबंधित प्रजाति में आते हैं इसलिये लकड़ी कारोबारी और बाग स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिये पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी तो कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र कुमार यादव ने अवैध कटान को गम्भीरता से लेते हुये लकड़ी कारोबारी और बाग स्वामी के खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम के तहत अभियोग दर्जकर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# प्रदेश सरकार द्वारा भूमाफियाओं के विरूद्ध की गई कड़ी कार्यवाही से पीड़ितों को मिला न्याय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जमीन का विवाद सदियों से जगजाहिर रहा है। एक देश दूसरे देश को जीतता था तो उस देश की पूरी भूमि का हक विजेता देश की हो जाती थी। जमीन ऐसी सम्पदा रही जो व्यक्तियों के लिए खाने के लिए अन्न, पशुओं को चारा आदि सभी प्राकृतिक व भौतिक वस्तुओं का उत्पादन करती रही, साथ ही जमीन के मालिकाना हक से व्यक्ति की आर्थिक स्थिति और सामाजिक सम्पन्नता आंकी जाती थी। भूमि की महत्ता हर काल में रही है। आज भी भूमि की बड़ी महत्ता है। वह भूमि चाहे खेती, बागवानी या आवासीय हो, सभी जमीन की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्ता है। समाज में हर तरह के लोग रहते हैं। गरीब, मध्यवर्ग, अमीर वर्ग और अच्छे, बुरे लोग भी हैं। प्रदेश में कई दबंग, गुण्डे आदि लोगों ने गरीबों, अनुसूचित जातियों, कमजोर वर्गों, ग्राम समाज व सरकारी शहरी जमीनों पर अवैध कब्जा कर अपना हक बना लिया था। हजारो एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा कर लोग मालामाल हो रहे थे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने गरीबों कमजोरों और ग्राम पंचायत, शहरी जमीनों, सार्वजनिक सम्पत्तियों पर अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध पूरे प्रदेश में एण्टी भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन करते हुए एण्टी भू-माफिया अभियान चलाया। प्रदेश में सार्वजनिक सम्पत्तियों पर हुये अवैध कब्जों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कराये जाने हेतु 1 मई, 2017 द्वारा चार स्तरीय-राज्य, मण्डल, जनपद एवं तहसील स्तरीय एण्टी भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन किया गया है। प्रदेश में अवैध कब्जे से सम्बन्धित शिकायतों को ऑनलाइन दर्ज किये जाने एवं कृत कार्यवाही का प्रभावी अनुश्रवण किये जाने हेतु एण्टी भू-माफिया पोर्टल का विकास किया गया है, जिसमें दर्ज शिकायतों पर सम्यक कार्यवाही करते हुए वैधानिक कार्यवाही की गई है। प्रदेश में एण्टी भू-माफिया पोर्टल पर अवैध कब्जे से सम्बन्धित कुल 4.22 लाख शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमें से सभी शिकायतें निस्तारित करते हुए वास्तविक भूमालिकों को कब्ज़ा दिलाया गया। प्रदेश में चलाये गये एण्टी भू-माफिया अभियान के अन्तर्गत कुल 72,029.46 हेक्टेयर क्षेत्रफल अवैध अतिक्रमण से अवमुक्त कराया गया है।

प्रदेश में चलाये गये इस अभियान के अन्तर्गत 24892 राजस्व वाद, 1135 सिविल वाद व 4742 एफ0आई0आर0 दर्ज करायी गयी है। 1331 अतिक्रमणकर्ताओं को भू-माफिया के रूप में चिन्हित किया गया है, वर्तमान में 211 भू-माफिया जेल में निरूद्ध हैं। प्रदेश में इस अभियान के तहत 1165 अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत, 259 के विरूद्ध दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत, 06 के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत, 86 के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत, 319 के विरूद्ध गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत तथा 3213 के विरूद्ध अन्य धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की गई है।

## मोहनगंज पुलिस ने स्मैक के साथ कारोबारी को भेजा जेल

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज पुलिस ने मादक पदार्थो की बिक्री करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करते हुये एक कारोबारी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से पचहत्तर ग्राम स्मैक बरामद हुई है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत गुरुवार को क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान रामसुफल पुत्र राम खेलावन निवासी पूरे मुकुन्द मजरे रमई थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र सैंतालीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में कारोबारी के कब्जे से पचहत्तर ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।उन्होंने बताया कि उक्त युवक के खिलाफ ग्यारह अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## अमेठी में चौंतीस आबकारी दुकानों को ई-लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया गया आवंटित

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद अमेठी में गुरुवार को चौंतीस आबकारी दुकानों की ई लाटरी स्वच्छ एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न की गई।कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, आबकारी आयुक्त द्वारा नामित सहायक आबकारी आयुक्त ए के राय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता की उपस्थिति में आबकारी दुकानों की ई लाटरी प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। इस अवसर पर आवेदकगण भी मौजूद रहे। जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश कुमार आर्य ने बताया कि जनपद अमेठी में रिक्त कुल छत्तीस दुकानों के सापेक्ष कुल एक हजार छह सौ चार आवेदन प्राप्त हुये जिनमें बाइस देशी दुकानों के लिये नौ सौ पचपन आवेदन, नौ कम्पोजिट दुकानों के लिये छह सौ छियालिस आवेदन तथा पांच भांग की दुकानों के लिये तीन आवेदन प्राप्त हुये थे। दो भांग की दुकानों पर कोई भी आवेदन प्राप्त न होने के कारण दुकानें अभी रिक्त हैं। कुल चौंतीस दुकानों का आज ई लाटरी की प्रक्रिया के माध्यम से स्वच्छ एवं पारदर्शी तरीके से आवंटन किया गया।

## मिशन में गेहूं खरीद को लेकर किसान संगठनों का ऐलान कोतवाली का घेराव कर देगे गिरफ्तारी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूं की खरीद न होने से किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के प्रदेश सचिव स्वराज सिंह एवं चंढूनी गुट के जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह और अराजनैतिक मंजीत सिंह ने गुरुवार दोपहर तीन बजे वीडियो जारी कर आंदोलन की चेतावनी दी। नेताओं ने बताया कि मंडी समिति और क्रय केन्द्रों पर गेहूं खरीद न होने से किसान परेशान हैं। आरोप लगाया कि किसान संगठनों को प्रशासन द्वारा मंडी समिति व क्रय केन्द्रों पर जाने से रोका जा रहा है। विरोध करने पर किसान नेताओं पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई भी की जा रही है, जिससे किसानों में आक्रोश बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसी के विरोध में संयुक्त किसान संगठन शुक्रवार सुबह 9 बजे पूरनपुर कोतवाली का घेराव करेगा और गिरफ्तारी देगा। किसान नेताओं ने पीलीभीत पुलिस व प्रशासन को आंदोलन को लेकर तैयार रहने की चेतावनी भी दी है।

## छात्र के सर्वांगीण विकास किए बालक और बालिकाओं का एकमात्र कॉलेज एपी इंटर कॉलेज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के रामलीला मैदान के पास स्थित आर्य पाठशाला इंटर कॉलेज में वाणिज्य वर्ग कला वर्ग विज्ञान वर्ग हेतु प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। प्रवेश के लिए प्रवेश फॉर्म कॉलेज में स्थित कार्यालय से प्रातः 9:00 से प्राप्त कर सकते हैं। कॉलेज में वाणिज्य वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए विशेष छूट का प्रावधान प्रबंधक द्वारा किया गया है।कक्षा 9 से कक्षा 12 तक स्मार्ट क्लासेस की सुविधा भी कॉलेज में उपलब्ध कराई जा रही है। कला वर्ग में सिलाई एवं वाणिज्य वर्ग में गणित एवं प्रारंभिक शाखियकी का विकल्प छात्र छात्राएं चुन सकते हैं कॉलेज में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में शिक्षण कार्य एवं परीक्षा की व्यवस्था लागू है।

# निजी स्कूलों की लूट के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जनपद में निजी विद्यालयों की मनमानी और अभिभावकों के कथित आर्थिक व मानसिक शोषण के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना दिया। प्रदर्शन के दौरान अभिषेक सिंह राणा ने आक्रामक तेवर अपनाते हुए निजी स्कूलों पर शिक्षा को धंधा बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रेशन, एडमिशन फीस, किताब-कॉपी और ड्रेस के नाम पर अभिभावकों से खुलेआम वसूली की जा रही है, जिससे आमजन परेशान हैं। उन्होंने प्रशासन पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह वसूली तंत्र प्रशासन की शह पर चल रहा है। बताया कि बीते दिनों मांग पत्र देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके चलते कांग्रेस कार्यकर्ताओं को धरने पर बैठना पड़ा। धरने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे आला अधिकारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को समझाने और मामले को शांत कराने में जुटे रहे। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक नहीं लगाई गई, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## बाल श्रम के खिलाफ चले अभियान में प्रतिष्ठानों को दी गई सख्त चेतावनी

अमेठी । उपजिलाधिकारी गौरीगंज के दिशा-निर्देशन में जनपद में बाल श्रम उन्मूलन के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ,चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं मानव तस्करी रोधक इकाई (एएचटीयू) की संयुक्त टीम ने टिकरिया चौराहा, होटलों, धान मिलों और विभिन्न दुकानों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने सभी प्रतिष्ठान संचालकों को बाल श्रम के प्रति जागरूक करते हुये कड़ी चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी स्थिति में नाबालिग बच्चों से कार्य न कराया जाए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बाल श्रम कराना एक दंडनीय अपराध है और यदि भविष्य में ऐसा कोई मामला सामने आता है तो संबंधित के खिलाफ बाल श्रम अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान राहत की बात यह रही कि किसी भी दुकान, होटल या अन्य प्रतिष्ठान में कोई भी नाबालिग बालक या बालिका कार्यरत नहीं पाया गया। इस अभियान में चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव, रुचि सिंह, सुपरवाइजर रोशन, एएचटीयू टीम के प्रभारी रामराज कुशवाहा, हेड दरोगा रामकृष्ण, कांस्टेबल शिव प्रताप सिंह एवं महिला आरक्षी अंकिता सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विशाल भंडारा का किया गया आयोजन, भक्ति भाव से श्रद्धालुओं ने भंडारा में किया सहयोग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर । थाना गोसाईगंज के गेड़ौरा गांव में रविवार को श्री रामदूत अतुलित बलशाली पवनसुत श्री हनुमान जी महाराज के नवनिर्मित मंदिर के उपलक्ष्य में एक विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। वर्षों पहले भव्य हनुमान मंदिर के लिए देखा गया सपना गांव के लोगों व क्षेत्र वासियों के सहयोग से साकार हुआ सपने को साकार हुआ देख गांव के लोगों व क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर हैं। यद्यपि मंदिर निर्माण में सभी का सहयोग सराहनीय हैं परन्तु कपिल देव पाण्डेय की भूमिका अविस्मरणीय और अत्यंत सराहनीय हैं जैसे हनुमान जी को रामभक्ति के अतिरिक्त कोई दूसरा लक्ष्य नहीं वैसे ही कपिल देव पाण्डेय को हनुमान मंदिर निर्माण के अतिरिक्त कोई दूसरा लक्ष्य कभी दिखा ही नहीं उनके इसी लगन अथक परिश्रम और श्रद्धा भाव के परिणामस्वरूप अब श्री हनुमान जी महाराज मंदिर में विराजमान हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने की तैयारी तेज जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में अहम बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। आगामी 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को जनपद न्यायालय परिसर में एक महत्वपूर्ण विचार-विमर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव ने की। बैठक में न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों के नोडल अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए रणनीतियों, तैयारियों और समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई।

**सस्ता और त्वरित न्याय दिलाने का सशक्त माध्यम**

डीजे श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम जनता को सुलभ, सस्ता और त्वरित न्याय उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक इसका लाभ पहुंच सके।

**व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर**

बैठक में निर्देश दिए गए कि लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। इसके लिए आशा बहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पीएलवी, बैंक मित्र और लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राओं की मदद से गांव-गांव तक जानकारी पहुंचाने की योजना बनाई गई है।

**लंबित मामलों के निस्तारण पर विशेष ध्यान**

प्री-लिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) मामलों के शीघ्र निस्तारण पर जोर

पुलिस विभाग को नोटिस एवं सम्मन की 100% तामीला सुनिश्चित करने के निर्देश

बैंकों को ऋण वसूली से जुड़े मामलों को प्राथमिकता से चिन्हित कर निस्तारण का प्रयास करने को कहा गया

**पिछली लोक अदालत का विश्लेषण प्रस्तुत**

अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी श्री कृष्णचन्द्र सिंह ने पिछली राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित मामलों का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए इस बार और बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य निर्धारित करने पर बल दिया।

**सभी विभागों के सहयोग से ऐतिहासिक सफलता की उम्मीद**

प्रभारी सचिव श्रीमती शाम्भवी यादव ने पोस्टर, बैनर और हैंडबिल के माध्यम से जन-जागरूकता बढ़ाने की अपील की।

बैठक में विश्वास व्यक्त किया गया कि सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करेगी और अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति से निस्तारण कर वादकारियों को राहत प्रदान करेगी।

# सूचना आयुक्त ने आरटीआई मामलों का किया भौतिक परीक्षा, जताया असंतोष

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रामसनेहीघाट बाराबंकी। राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम ने गुरुवार को तहसील रामसनेहीघाट व विकास खण्ड बनीकोडर में जन सूचना अधिकार अधिनियम के प्राप्त ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रार्थना पत्रों की निस्तारण मामलों का गहराई से परीक्षण किया।आयुक्त सबसे पहले विकासखंड बनीकोडर पहुंचे, जहां उन्होंने खंड विकास अधिकारी विनय कुमार मिश्रा से विभिन्न रजिस्टर व अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा। अभिलेखों की गहन जांच के दौरान रजिस्टरों में क्रमांक और सूचनाओं के अंकन में खामियां पाई गईं। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करने और आवश्यकतानुसार नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सूचना अधिकार से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद आयुक्त तहसील पहुंचे,जहां उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह और तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय से शिकायत व सूचना रजिस्टरों की विस्तृत जांच की। उन्होंने दोनों अपीलीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए और लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाये जाने को कहा।उन्होंने जन शिकायतों व सूचना संबंधी प्रकरणों के पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण के कड़े निर्देश दिए।

# आरटीआई,! ऑफलाइन व ऑनलाइन आवेदन पत्रों का समयबद्ध हो निस्तारण : मो. नदीम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बैठक में सूचना आयुक्त ने कसे पेज, खुली पोल पट्टी**




बाराबंकी। राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम ने आज गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जनपद के समस्त विभागों के जन सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ विभागों में जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त होने वाले ऑफलाइन व ऑनलाइन आवेदन पत्र के समयबद्ध निस्तारण के संबंध में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जनपद के समस्त विभागों के प्रथम अपीलीय अधिकारियों के पास सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत माह मार्च 2026 तक ऑफलाइन व ऑनलाइन पंजीकृत प्रकरणों की अद्यतन स्थिति, विभागों से संबंधित जो द्वितीय अपील व शिकायतें माननीय आयोग में प्रचलित है जिनके शीघ्र निस्तारण हेतु की गई कार्यवाही की स्थिति, सूचना आयोग द्वारा प्रकरणों में अर्थ दंड वसूली और क्षतिपूर्ति की कार्यवाही की स्थिति, आवेदन पत्रों के निस्तारण के दौरान आने वाली समस्याओं व कठिनाइयां के निस्तारण इत्यादि प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मा0 आयुक्त ने समस्त जन सूचना अधिकारियों को जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त होने वाले ऑफलाइन व ऑनलाइन आवेदन पत्रों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# पोषण पखवाड़ा शुरू, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। बदोसराय पंचायत भवन में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ग्राम प्रधान निसार मेहंदी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने बताया कि यह अभियान नौ से 23 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर, पोषण जागरूकता, कहानी वाचन और व्यंजन प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों ने इसमें सक्रिय भागीदारी की।

## विश्व णमोकार दिवस पर मंदिर में गूंजा महामंत्र, सामूहिक पाठ से बना भक्तिमय माहौल

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में विश्व णमोकार दिवस के अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर में उमड़ पड़ी और पूरे परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण णमोकार महामंत्र का सामूहिक पाठ रहा, जो करीब 1 घंटा 35 मिनट तक निरंतर चला। सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चों ने एक साथ बैठकर श्रद्धा और अनुशासन के साथ मंत्रोच्चार किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। जैन समाज के अध्यक्ष सचिन जैन ने बताया कि णमोकार महामंत्र जैन धर्म का मूल मंत्र है, जिसके जाप से मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है।

उन्होंने कहा कि इस दिवस का उद्देश्य समाज में शांति, प्रेम और सहिष्णुता का संदेश फैलाना है। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर सुख-समृद्धि की कामना की तथा प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इस अवसर पर लल्ला जैन, ऋषभ जैन, आलोक जैन, संदीप जैन, पंकज जैन सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ओवर ब्रिज निर्माण, पेड़ हटाने का काम शुरू

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। चौकाघाट रेलवे क्रासिंग निर्माणाधीन ओवरब्रिज परिक्षेत्र के पेड़ों की कटाई का कार्य शुरू हो गया है।वन निगम द्वारा पेड़ों काटा जा रहा है।वन विभाग के उपनिरीक्षक सचिन पटेल ने बताया कि सड़क की सीमा में आने वाले पेड़ों को नियमानुसार हटाया जा रहा है ताकि निर्माण कार्य पूर्ण हो सके।पेड़ों के स्वामित्व को लेकर आपत्ति तथा पेड़ों की कटाई को लेकर ग्रामीणों व वन कर्मियों के मध्य विवाद की स्थिति भी बनी।ग्राम मड़ना निवासी अजय गौतम गणेश मिश्र आशुतोष कुमार रामकृपाल देवदास पांडे कृपाल गौतम अमित मिश्र आशुतोष मिश्र रामविलास गौतम आदि ने पेड़ों पर अपना स्वामित्व जताते हुए कटाई का विरोध किया।विवाद बढ़ने पर ग्रामीणों ने 112 पर सूचना दी पुलिस के सामने वन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति पेड़ों पर अपना दावा करता है तो उसे वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। वैध्य दस्तावेज अभाव में किसी ने सरकारी कार्य में बाधा की, सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मसलों की फिलहाल गहन पड़ताल की जा रही है

## पंचायत! किसानों की समस्याओं पर चर्चा

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में गुरुवार को भाकियू टिकैत ब्लाक इकाई की मासिक पंचायत संगठन के जिला अध्यक्ष हौंसला प्रसाद की अध्यक्षता में हुई । जिसमें संगठन विस्तार समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। पंचायत में भाकियू के सिद्धौर ब्लाक अध्यक्ष राम मदन रावत ,पूर्व जिला सचिव,मुन्ना लाल,रामशरन, कृष्ण कुमार, दुर्गा प्रसाद, समेत संगठन के तमाम लोग मौजूद रहे।

## विद्यालय में वार्षिकोत्सव, मेधावी छात्र सम्मानित

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कंपोजिट विद्यालय मुश्काबाद में वार्षिकोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान कक्षा 1 से 8 तक के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। निपुण लक्ष्य प्राप्त करने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया तथा निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक, अभिभावक व ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## प्रतिभा सम्मान समारोह 11 अप्रैल को

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा सिद्धौर के दीनपनाह तिराहा स्थित भारत माता इंटर कॉलेज में 11 अप्रैल को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. रविंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद शर्मा होंगे। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।

## 11.45 लाख की लागत से बना सीसी मार्ग लोकार्पित

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। असेना संपर्क मार्ग से असेना गांव तक 170 मीटर लंबे सीसी मार्ग का लोकार्पण गुरुवार को किया गया। जिला पंचायत सदस्य अभिषेक वर्मा व भाजपा नेता जवाहरलाल वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मार्ग का उद्घाटन किया। इस दौरान वक्ताओं ने प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कुड़वार पंचायत भवन में फार्मर रजिस्ट्री का निरीक्षण

कुड़वार/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पंचायत भवन कुड़वार में चल रही फार्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया का निरीक्षण एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी द्वारा किया गया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक शिवप्रसाद, लेखपाल राजेश श्रीवास्तव तथा कृषि अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने रजिस्ट्री कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना गया। अधिकारियों ने उपस्थित किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इससे किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से और पारदर्शिता के साथ मिल सकेगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे समय रहते अपना पंजीकरण अवश्य कराएं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## सोशल मीडिया पर फर्जी पोस्ट से सियासी हलचल, आपना दल (एस) जिलाध्यक्ष ने दी शिकायत

सुलतानपुर। जनपद में सोशल मीडिया पर वायरल एक कथित फर्जी पोस्ट ने सियासी माहौल गरमा दिया है। आपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष एवं अधिवक्ता राकेश वर्मा ने इस मामले में जिला प्रशासन को लिखित शिकायत देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पत्र के अनुसार, विधान सभा क्षेत्र 191 कादीपुर से जुड़ी एक फ़ेसबुक पोस्ट में पार्टी के एक नेता के नाम और फोटो का दुरुपयोग कर भ्रामक एवं आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित की जा रही है। आरोप है कि इस पोस्ट के जरिए पार्टी की छवि धूमिल करने और आम जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। राकेश वर्मा ने अपने पत्र में स्पष्ट किया कि संबंधित पोस्ट पूरी तरह फर्जी है और इसका पार्टी या उसके किसी अधिकृत पदाधिकारी से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तरह की हरकतें न सिर्फ राजनीतिक वातावरण को दूषित करती हैं ।

# स्कूल चलो अभियान जागरूकता वैन पहुंची गांवों में

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जागरूकता वैन विभिन्न गांवों में पहुंची। एलईडी स्क्रीन और बैनर के माध्यम से लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। अभिभावकों को 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों का निःशुल्क नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। इस मध्य गांवों में लोगों ने वैन के माध्यम से दी जा रही जानकारी को ध्यानपूर्वक सुना और बच्चों के नामांकन को लेकर उत्साह भी देखा गया। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़कर सशक्त समाज का निर्माण करना है। अवसर पर नीरज यादव, अनु यादव ,मनीष कुमार, रीना यादव, अजय कुमार, हरिकेश, जगन्नाथ, सत्रोहन लाल ,जयश कुमार ,सृष्टि, रौनक ,स्वरा, गुड़िया,संजय आदि उपस्थित रहे।

## साकेंद्र ने किया ग्रामीणों से सीधा संवाद, ग्राम बस्ती चलो अभियान

फतेहपुर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र कुर्सी के ग्राम रसूलपनाह में ''ग्राम बस्ती चलो अभियान'' के तहत जनसंपर्क एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा बूथ अध्यक्ष हरिभजन वर्मा के आवास पर पहुंचे और ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, बिजली, आवास, शौचालय, राशन वितरण व पेंशन से जुड़ी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक ने संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांव-गांव तक विकास पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और यह अभियान उसी का हिस्सा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं की जानकारी हर घर तक पहुंचाएं, ताकि पात्र लोगों को पूरा लाभ मिल सके। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रंजीत कुमार लोधी, जिला पंचायत सदस्य हंसराज वर्मा, भाजपा नेता विजय जायसवाल, पंडित विनीतेनंद शास्त्री मिश्रा, संतोष कश्यप, प्रमोद वर्मा, संदीप वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन






कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा/बड्डूपुर बाराबंकी। विकासखंड निंदूरा के प्राथमिक विद्यालय मुनीमपुर बरतरा में बच्चों का परीक्षा फल वितरण एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महिला शिक्षक संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुलोचना मौर्य के नेतृत्व में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बाराबंकी नवीन कुमार पाठक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों एवं जनसमूह का मन मोह लिया। कक्षा 1 से 5 तक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, वरिष्ठ शिक्षक संदीप वर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष महिला शिक्षक संघ सुलोचना मौर्य द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कक्षा एक में नव प्रवेशित बच्चों का रोली-चंदन लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही वर्ष 2026 में विकासखंड निंदूरा के सेवानिवृत्त होने वाले पांच शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि नवीन कुमार पाठक ने कहा कि बच्चे राष्ट्र की नींव होते हैं। उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में ग्रामीण एवं कमजोर आय वर्ग के बच्चे अध्ययन करते हैं, ऐसे में शिक्षकों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है कि वे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करें। उन्होंने यह भी कहा कि माता-पिता के बाद शिक्षक ही बच्चों के सबसे बड़े मार्गदर्शक और शुभचिंतक होते हैं, इसलिए सभी को अपने दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम में सुलोचना मौर्य ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान संदीप वर्मा, शिवशंकर सिंह 'कौशल' एवं हरि प्रकाश शुक्ल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन प्रीति सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुलोचना मौर्य, हरि प्रकाश शुक्ल, अभिषेक गिरी, ग्राम प्रधान रामानंद यादव सहित सैकड़ों छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों का सराहनीय योगदान रहा।

## मौसम बदलने से बढ़े सर्दी-जुकाम के मरीज

रामनगर बाराबंकी। बेमौसम बारिश और तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण क्षेत्र में सर्दी, जुकाम, खांसी और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अस्पतालों और निजी क्लीनिकों में मरीजों की भीड़ देखी जा रही है। विशेष रूप से बच्चे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। चिकित्सकों ने लोगों को बदलते मौसम में सावधानी बरतने की सलाह दी है।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा केवीपी में खाता खुशी पुत्री ब्रजेश कुमार शुक्ला के नाम से खुला था जबकि मेरे मूल दस्तावजों में मेरा नाम शिप्रा शुक्ला पुत्री ब्रजेश कुमार शुक्ला दर्ज है ये दोनों नाम मेरे है अतः मुझे शिप्रा शुक्ला नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

प्रार्थीनी- शिप्रा शुक्ला उर्फ खुशी, पुत्री ब्रजेश कुमार शुक्ला, ग्राम व पोस्ट सेमरौता तिलोई, जिला अमेठी



# बिजनेस/स्पोर्ट्स



## आरसीबी और रॉयल्स के मुकाबले में नजरें शीर्षक्रम के बल्लेबाजों पर

एजेंसी




गुवाहाटी। यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी से मिल रही आक्रामक शुरूआत के साथ राजस्थान रॉयल्स शुक्रवार को यहां गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ आईपीएल के मैच में अपना दबदबा कायम रखना चाहेगी जबकि आरसीबी की उम्मीदें फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल पर टिकी होंगी। दो साल पहले टी20 क्रिकेट से विदा लेने के बावजूद आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के प्रदर्शन में कमी नहीं आई है। उनके मार्गदर्शन में आरसीबी ने संतुलित शीर्षक्रम तैयार कर लिया है और पिछले मैच में फिल साल्ट ने भी उम्दा पारी खेली थी। तीसरे नंबर पर उतर रहे पडिक्कल ने घरेलू क्रिकेट का अपना फॉर्म कायम रखते हुए संतुलित आक्रामकता के साथ बल्लेबाजी की है। आईपीएल में अपने पदार्पण सत्र में आरसीबी के लिये 473 रन बनाने वाले पडिक्कल बाद में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के साथ उस सफलता को दोहरा नहीं सके थे। पिछले सत्र में वह आरसीबी में लौटे और पहली बार उसे आईपीएल खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस सत्र में भी उन्होंने पहले चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 29 गेंद में 50 और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 26 गेंद में 61 रन बनाये। कप्तान रजत पाटीदार और आस्ट्रेलिया के टिम डेविड मध्यक्रम को मजबूती देते हैं। आरसीबी के गेंदबाजों ने भी इस सत्र में प्रभावित किया है। जैकब डफी ने जोश हेजलवुड की कमी पूरी की है तो बीच के ओवरों में कृणाल पंड्या और सुयश शर्मा ने रन रोके हैं। वहीं रॉयल्स इस सत्र में सबसे आक्रामक बल्लेबाजी ईकाई के रूप में सामने आई है जिसका श्रेय जायसवाल और सूर्यवंशी को जाता है। दोनों ने टीम को शानदार शुरूआत देकर विरोधी गेंदबाजों को दबाव में ला दिया है। सूर्यवंशी ने पिछले मैच में जसप्रीत बुमराह को पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर अपने बेखौफ खेल का फिर परिचय दिया था। रॉयल्स के गेंदबाज भी रणनीति पर अमल करने में कामयाब रहे हैं।

टीमें : राजस्थान रॉयल्सः रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रवींद्र जड़ेजा, एडम मिल्ने, ब्रिजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः रजत पाटीदार (कप्तान), अभिनंदन सिंह, भुवनेश्वर कुमार, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, विराट कोहली, वेंकटेश अय्यर, मंगेश यादव, कनिष्क चौहान, विहान मल्होत्रा, विक्की ओस्तवाल, सात्विक देसवाल।

## नितेश को रजत, सचिन और प्रिंस ने कांस्य पदक जीते

एजेंसी




नयी दिल्ली। भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों ने बुधवार को किर्गिस्तान के बिश्केक में 2026 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में देश की पदक संख्या में एक रजत और दो कांस्य पदक जोड़े।

नितेश ने 97 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता जबकि सचिन सहरावत (67 किग्रा, ग्रीको रोमन) और प्रिंस (82 किग्रा, ग्रीको रोमन) ने कांस्य पदक अपने नाम किए। बुधवार को तीन पदक जीतने के साथ ही भारत के पास दो रजत और तीन कांस् पदक हो गए। दो महिला पहलवानों ने भी कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में जगह बनाई। बुधवार को सभी की निगाहें नितेश पर थी। 23 साल के नितेश का मुकाबला मौजूदा चैंपियन मोहम्मदहादी सारावी से था और वह वैसा जादू नहीं दिखा सके जिससे वह फाइनल में पहुंचे थे और फाइनल मुकाबले में 1-7 से हार गए। इससे पहले सचिन ने दूसरे राउंड में 3-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कांस्य पदक के मुकाबले में उज्बेकिस्तान के अब्दुमालिक अमीनोव को 6-5 से हराकर पदक जीता। इसके बाद प्रिंस ने दिन का दूसरा कांस्य पदक भारत की झोली में डाला जब उन्होंने 82 किग्रा वर्ग में तुर्कमेनिस्तान के दीदार अमनजारोव पर 10-1 से जबरदस्त जीत दर्ज की। महिलाओं की कुश्ती प्रतियोगिता में हंसिका लांबा (55 किग्रा) और नेहा (59 किग्रा) अपने-अपने सेमीफाइनल हारने के बाद कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेंगी। हंसिका को गत रजत पदक विजेता चीन की युक्सुआन ली ने 11-1 से हराया। वह कांस्य पदक के प्ले ऑफ में अरुके कादिरबेक काइजी के खिलाफ उतरेंगी। नेहा को पूर्व एशियाई चैंपियन मेंग्यू जी ने 12-5 से हराया। वह अब कांस्य पदक के मुकाबले में मंगोलिया की बोलोरतुया खुरेलखू से भिड़ेंगी। नीलम के पास भी कांस्य पदक जीतने का मौका हो सकता है क्योंकि उन्होंने 50 किग्रा वर्ग में रेपेचेज दौर में जगह बनाई है।

## डेविड मिलर की मंशा में कमी नहीं निकाल सकते : गावस्कर

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के रोमांचक मैच में एक रन लेने से इनकार करने वाले दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज डेविड मिलर का बचाव करते हुए कहा कि उनकी मंशा में कमी नहीं निकाल सकते। जीत के लिये 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली को दो गेंद में दो रन की जरूरत थी लेकिन आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर मिलर ने एक रन लेने से इनकार कर दिया। वह आखिरी गेंद पर चूके लेकिन एक रन के लिये भागे लेकिन जोस बटलर के थ्रो पर कुलदीप यादव रन आउट हो गए। गावस्कर ने 'जियो हाटस्टार' से कहा ,'' डेविड मिलर बहुत अच्छा खेल रहा था और उसे खुद पर भरोसा था कि वह मैच फिनिश करेगा। उसकी मंशा में कमी नहीं निकाल सकते। प्रसिद्ध कृष्णा ने एक शानदार धीमा बाउंसर डाला जिसे वह खेल नहीं सका। दबाव के हालात में ऐसा हो जाता है। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने गावस्कर ने कहा कि दबाव के हालात में मैच की स्थिति को लेकर चौकस रहना काफी अहम है जो भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 1986 में टाई रहे मैच में दिखाई थी। चेन्नई में उस मैच में भारत 348 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहा था। शास्त्री ने नाबाद 48 रन बनाये और सही समय पर एक रन लेकर भारत को 347 रन तक पहुंचाया जबकि आखिरी गेंद पर मनिंदर सिंह आउट हो गए।

## खोई लय हासिल कर ली है, टेस्ट में भविष्य को लेकर ज्यादा उम्मीद नहीं : राशिद

एजेंसी



नयी दिल्ली। राशिद खान का मानना है कि उन्होंने आखिरकार अपनी खोई लय हासिल कर ली है जिसके लिये वह 2023 में कमर के आपरेशन के बाद से जूझ रहे थे। टी20 क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में शुमार राशिद पिछले आईपीएल सत्र में गुजरात टाइटंस के लिये 15 मैचों में नौ ही विकेट ले सके थे। इससे पहले 2024 में भी उनका प्रदर्शन खास नहीं रहा था। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बुधवार को चार ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट लेने वाले राशिद ने नीतिश राणा, समीर रिजवी और अक्षर पटेल को पवेलियन भेजा। गुजरात ने यह रोमांचक मुकाबला एक रन से जीता। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में राशिद ने कहा ,'' याद मत दिलाओ यार, बहुत बुरा सीजन था (2025)। लेकिन एक सत्र खराब होने के यह मायने नहीं है कि आप खत्म हो गए। यह लाइन और लैंग्थ के बारे में है। उन्होंने कहा ,'' पिछले साल इसकी कमी खली। इस बार मैं इसी पर फोकस कर रहा था। पिछले आईपीएल के बाद मैने अपनी फिटनेस पर काम किया था। सर्जरी के बाद कमर में तकलीफ थी लेकिन फिर ब्रिटेन में द हंड्रेड में मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा। राशिद ने डॉक्टरों की सलाह अनसुनी करके 2023 वनडे विश्व कप खेला। उसके बाद उन्हें चलने में भी दिक्कत हो रही थी जिसकी वजह से आपरेशन कराना पड़ा। उन्होंने कहा ,'' सर्जरी के बाद जब मैने वापसी की तो कमर को लेकर काफी एहतियात बरत रहा था। इससे मेरे गेंदबाजी एक्शन और रिलीज पर फर्क पड़ा। मेरी लय चली गई। मैने तीन चार महीने धीमी गेंदबाजी की कोशिश की क्योंकि कमर में दर्द था। अब पूरी तरह से फिट होने के बावजूद राशिद ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट खेलना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा ,'' इस समय लाल गेंद का क्रिकेट खेलना मुश्किल लग रहा है। एक साल में एक टेस्ट ठीक है लेकिन ज्यादा नहीं खेल सकूंगा।

### गुजरात टाइटंस की धीमी ओवरगति के लिये गिल पर 12 लाख रूपये जुर्माना

नयी दिल्ली। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में धीमी ओवरगति के लिये 12 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। गुजरात ने बुधवार को एक रन से मुकाबला जीता जो आईपीएल के इस सत्र में उसकी पहली जीत है। आईपीएल ने एक विज्ञप्ति में कहा ,'' दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम में हुए आईपीएल 2026 के मैच नंबर 14 के दौरान गुजरात टाइटंस की धीमी ओवरगति के लिये कप्तान शुभमन गिल पर जुर्माना लगाया गया है। इसमें कहा गया ,'' इस आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2 . 22 के तहत उनकी टीम का पहला अपराध था जिसके लिये गिल पर 12 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है।''

### भारत के खिलाफ जून में टेस्ट से बाहर रह सकते हैं राशिद खान

**नयी दिल्ली।** कमर के आपरेशन के बाद टेस्ट क्रिकेट से दूर रहने की डॉक्टर की सलाह के बाद अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान ने संकेत दिये हैं कि वह जून में भारत के खिलाफ मुल्लांपुर में होने वाले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं। राशिद ने कहा कि उनकी प्राथमिकता 2027 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले वनडे विश्व कप के लिये फिट रहने की है। 27 वर्ष के राशिद ने 2023 वनडे विश्व कप के बाद कमर की सर्जरी कराई थी। उन्होंने कहा कि डॉक्टर ने उन्हें टेस्ट क्रिकेट से दूर रहने की सलाह दी है लेकिन इसके बावजूद पिछले साल उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ एक टेस्ट खेलकर 54 ओवर डाले और 11 विकेट लिये थे। राशिद ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बृहस्पतिवार को गुजरात टाइटंस की एक रन से जीत के बाद कहा ,'' यह काफी कठिन सवाल है। डाक्टर ने मुझे सबसे पहले टेस्ट क्रिकेट से दूर रहने के लिये ही कहा था। इसके बावजूद मैने जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट खेला।

## सर्राफा बाजार में तेजी का रुख सोना और चांदी की बढ़ी कीमत

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज बुधवार के शुरुआती कारोबार की तुलना में 3,670 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 4,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। इसी तरह चांदी कीमत में भी कल के शुरुआती कारोबार की तुलना में 10,200 रुपये प्रति किलोग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। सोने की कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,53,830 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,54,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,41,010 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,42,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी के भाव में तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,60,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,53,980 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,160 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,53,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,53,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,54,920 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,42,010 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,53,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,53,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,41,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,53,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,41,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी कतर दौरे पर

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी गुरुवार (9 अप्रैल) को दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर कतर रवाना हो रहे हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि पश्चिम एशिया संकट के बीच मंत्री हरदीप पुरी 9-10 अप्रैल को दो दिवसीय कतर के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। चूंकि, भारत अपनी जरूरत का एक बड़ा हिस्सा कतर से मंगवाता है, इसलिए यह यात्रा भारत की रसोई और इंडस्ट्री के लिए बेहद अहम है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 40 फीसदी लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) कतर से आयात करता है। पश्चिम एशिया संकट के दौरान ईरान ने कतर के बड़े नेचुरल गैस प्लांट्स पर मिसाइल हमला किया, जिससे कतर की 17 फीसदी एक्सपोर्ट कैपेसिटी प्रभावित हुई है। कतरएनर्जी के मुताबिक इन प्लांट्स को ठीक होने में 3 से 5 साल लग सकते हैं। ऐसे में भारत के लिए गैस की बिना रुकावट सप्लाई सुनिश्चित करना सबसे बड़ी चुनौती है, जिस पर चर्चा करने के लिए हरदीप पुरी कतर के अधिकारियों से मिलेंगे। उल्लेखनीय है कि घरेलू रसोई गैस सप्लाई को लेकर फैल रही चिंताओं के बीच पेट्रोलियम मंत्रालय ने साफ किया है कि देश में एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है। सात अप्रैल को एक ही दिन में रिकॉर्ड 53.5 लाख से अधिक घरेलू रसोई गैस सिलेंडर डिलीवर किए गए। ऑनलाइन बुकिंग में 95 फीसदी का उछाल आया है।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.6 फीसदी रहने का जताया अनुमान

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अनुमान को 6.3 फीसदी से बढ़ाकर 6.6 फीसदी कर दिया है। ये वृद्धि दर मजबूत घरेलू मांग और आर्थिक मजबूती का संकेत है, जबकि वैश्विक चुनौतियों के बीच भी भारत की अर्थव्यवस्था विकास की राह पर है। विश्व बैंक ने गुरुवार को जारी अपने ताजा दक्षिण एशिया इकोनॉमिक अपडेट में बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2025-26 में 7.6 फीसदी की दर से बढ़ सकती है, जो वित्त वर्ष 2024-25 के 7.1 फीसदी से ज्यादा है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक इस ग्रोथ को मजबूत घरेलू मांग और एक्सपोर्ट का सपोर्ट मिलेगा। विश्व बैंक ने अपनी 'दक्षिण एशिया इकोनॉमिक अपडेट' रिपोर्ट में कहा कि मजबूत घरेलू मांग और एक्सपोर्ट में मजबूती के चलते भारत की ग्रोथ वित्त वर्ष 2024-25 के 7.1 फीसदी से बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 (1 अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2026) में 7.6 फीसदी होने का अनुमान है। अपनी रिपोर्ट में विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ अनुमान को थोड़ा बढ़ाकर 6.6 फीसदी कर दिया है। हालांकि, विश्व बैंक ने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से वित्त वर्ष के शुरुआती महीनों में कंज्यूमर डिमांड बढ़ेगी, लेकिन पश्चिम एशियाा से पैदा होने वाली रुकावटें ग्रोथ को नुकसान पहुंचा सकती हैं। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक में देश की आर्थिक वृद्धि दर 6.9 फीसदी रहने का अनुमान जताया है, जो विश्व बैंक के अनुमान से थोड़ा ज्यादा है। भारत के ग्रोथ अनुमान में बढ़ोतरी की मुख्य वजह देश में मजबूत घरेलू मांग और बेहतर एक्सपोर्ट परफॉर्मेंस को माना गया है।



## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि में वृद्धि

**रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि को निम्नानुसार बढ़ाने का निर्णय लिया गया है :-**

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 09465 | अहमदाबाद जं. | दरभंगा जं. | साप्ताहिक - शुक्रवार | 27.03.2026 | 15.05.2026 से 26.06.2026 तक |
| 09466 | दरभंगा जं. | अहमदाबाद जं. | साप्ताहिक - सोमवार | 30.03.2026 | 18.05.2026 से 29.06.2026 तक |
| 09451 | गांधीधाम जं. | भागलपुर जं. | साप्ताहिक - शुक्रवार | 27.03.2026 | 15.05.2026 से 26.06.2026 तक |
| 09452 | भागलपुर जं. | गांधीधाम जं. | साप्ताहिक - सोमवार | 30.03.2026 | 18.05.2026 से 29.06.2026 तक |
| 09093 | उधना जं. | अयोध्या छावनी | साप्ताहिक - शुक्रवार | 27.03.2026 | 15.05.2026 से 31.07.2026 तक |
| 09094 | अयोध्या छावनी | उधना जं. | साप्ताहिक - शनिवार | 28.03.2026 | 16.05.2026 से 01.08.2026 तक |
| 09097 | उधना जं. | अयोध्या छावनी | साप्ताहिक - मंगलवार | 24.03.2026 | 19.05.2026 से 28.07.2026 तक |
| 09098 | अयोध्या छावनी | उधना जं. | साप्ताहिक - बुधवार | 25.03.2026 | 20.05.2026 से 29.07.2026 तक |
| 09189 | मुम्बई सेन्ट्रल | कटिहार जं. | साप्ताहिक - शनिवार | 28.03.2026 | 16.05.2026 से 25.07.2026 तक |
| 09190 | कटिहार जं. | मुम्बई सेन्ट्रल | साप्ताहिक - मंगलवार | 31.03.2026 | 19.05.2026 से 28.07.2026 तक |
| 09183 | मुम्बई सेन्ट्रल | बनारस | साप्ताहिक - बुधवार | 25.03.2026 | 20.05.2026 से 29.07.2026 तक |
| 09184 | बनारस | मुम्बई सेन्ट्रल | साप्ताहिक - शुक्रवार | 27.03.2026 | 22.05.2026 से 31.07.2026 तक |

नोटः- शेष जानकारी पूर्ववत् है

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय-सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

1184/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## सीजफायर विफल होने की आशंका से कच्चे तेल में उबाल

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में सीजफायर को लेकर बनी असमंजस की स्थिति के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल (कच्चे तेल) के भाव में एक बार फिर तेजी का रुख बन गया है। ब्रेंट क्रूड आज 2.50 प्रतिशत से अधिक उछल गया। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड ने भी आज 3.50 प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई। पश्चिम एशिया में सीजफायर का ऐलान होने के कुछ घंटे बाद ही अमेरिका ने ईरान की शर्तों को बेतुका और बचकाना बता दिया। दूसरी ओर, इजरायल ने बुधवार को लेबनान पर जोरदार हमला किया, जिससे करीब 250 लोगों की मौत हो जाने की खबर आई। अमेरिका के तीखे बयान और इजरायल के हमले से भड़के ईरान ने एक बार फिर हॉर्मुज स्ट्रेट को बंद करने की धमकी दे दी। ईरान की ओर से कहा गया है कि सीजफायर की शर्तों का उल्लंघन हुआ है। ऐसी स्थिति में अगर हॉर्मुज स्ट्रेट से होकर कोई जहाज गुजरा, तो उसे उड़ा दिया जाएगा। ईरान की चेतावनी के बाद से ही हॉर्मुज स्ट्रेट एक बार फिर ठप हो गया है, जिसके कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी आ गई है। ब्रेंट क्रूड ने आज 2.22 डॉलर प्रति बैरल की तेजी के साथ 96.97 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से आज के कारोबार की शुरुआत की। थोड़ी देर में ही इसकी कीमत 97.89 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गई। भारतीय समय के मुताबिक सुबह 10:30 बजे ब्रेंट क्रूड 2.53 डॉलर प्रति बैरल यानी 2.67 प्रतिशत उछल कर 97.28 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई क्रूड ने आज 2.49 डॉलर प्रति बैरल की तेजी के साथ 96.90 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से आज के कारोबार की शुरुआत की। थोड़ी देर में ही इसकी कीमत 98.38 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गई। भारतीय समय के मुताबिक सुबह 10:30 बजे डब्ल्यूटीआई क्रूड 3.31 डॉलर प्रति बैरल यानी 3.51 प्रतिशत उछल कर 97.72 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है की सीजफायर का ऐलान होने के बावजूद बुधवार को ज्यादातर समय हॉर्मुज स्ट्रेट ब्लॉक पड़ा हुआ था। सीजफायर की घोषणा होने के कुछ घंटे बाद ही अमेरिका के तीखे बयान और ईरान के जवाबी बयान की वजह से सीजफायर के भविष्य को लेकर ऊहापोह की स्थिति बन गई। इसके साथ ही इजरायल ने लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला कर हालात को और बिगाड़ दिया आज ईरान की ओर से सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात और इजरायल समेत खाड़ी के कई देशों में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल हमले होने की खबर भी आई। इसकी वजह से दो सप्ताह तक पश्चिम एशिया में सीजफायर जारी रहने की बात को लेकर आशंका बन गई है। फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनिल भंसाली का कहना है कि सीजफायर अगर विफल हुआ, तो पश्चिम एशिया में हालत काफी हद तक बिगड़ सकते हैं। अमेरिका पहले ही ईरान पर जोरदार हमला करने की चेतावनी दे चुका है। दूसरी ओर, ईरान भी लगातार अमेरिका को जोरदार जवाब देने की धमकी देता रहा है। इन दोनों पक्षों की खेमेबंदी की वजह से दुनिया भर में क्रूड ऑयल और नेचुरल गैस की सप्लाई पर असर पड़ने लगा है। हॉर्मुज स्ट्रेट ठप होने के कारण क्रूड ऑयल और नेचुरल गैस की 20 से 30 प्रतिशत आपूर्ति पूरी तरह से रुक गई है। इसके साथ ही खाड़ी देशों पर ईरान के हमले की वजह से क्रूड ऑयल और नेचुरल गैस के उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। ऐसे में सीजफायर विफल हो जाने की आशंका ने एक बार फिर दुनिया भर में एनर्जी क्राइसिस का डर बना दिया है। यही कारण है कि आज कच्चे तेल की कीमत में उछाल का रुख नजर आ रहा है।

# चारधाम यात्रा की तैयारियां

## अतिक्रमण हटाओ अभियान, 100 से अधिक झोपड़ियां ध्वस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। चारधाम यात्रा को सुगम और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा शहर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में गुरुवार को सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान के नेतृत्व में नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने पंतद्वीप घाट और उसके आसपास के क्षेत्रों में व्यापक कार्रवाई की।

अभियान के दौरान घाट और आसपास के क्षेत्रों में अवैध रूप से बनाई गई लगभग 100 से अधिक झोपड़ियों और खोखों को ध्वस्त किया गया। प्रशासन की टीम ने मौके पर मौजूद लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में इन स्थानों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया



जाएगा। यदि दोबारा अतिक्रमण किया गया तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान ने बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान हरिद्वार में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, ऐसे में सड़कों, फुटपाथ, पैदल मार्ग और गंगा घाटों पर अतिक्रमण होने से आवागमन बाधित होता है और श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय लोगों और दुकानदारों से नियमों का पालन करने तथा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने में सहयोग करने की अपील भी की। इस दौरान उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी, हरकी पैड़ी चौकी प्रभारी संजीत कंडारी, रोड़ी बेलवाला चौकी प्रभारी नवीन चौहान, मुख्य सफाई निरीक्षक संजय शर्मा, सफाई निरीक्षक धीरेंद्र सेमवाल सहित संबंधित अधिकारी और भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# जनगणना कार्य को लेकर डीएम सख्त, अधिकारियों को कार्मिकों की सूची तुरंत देने के निर्देश

■ जनगणना 2027 का प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) उत्तराखंड में 25 अप्रैल से 24 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। जनपद में आगामी जनगणना 2027 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी मयूर दीक्षित ने सभी विभागों के कार्यालयाध्यक्षों को अधिकारियों और कार्मिकों की सूची तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने बताया कि जनगणना 2027 का प्रथम चरण (मकान सूचीकरण



एवं मकानों की गणना) उत्तराखंड में 25 अप्रैल से 24 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) 09 फरवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण और समयबद्ध राष्ट्रीय कार्य है, जिसे निर्धारित समय में पूरा करना आवश्यक है। यह कार्य पर्यवेक्षकों और प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर किया जाता है, जिसके लिए पर्याप्त कार्मिकों की आवश्यकता होती है। डीएम ने यह भी बताया कि कुछ विभागों द्वारा अब तक अपेक्षित कार्मिकों की सूची चार्ज अधिकारियों को उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिससे पर्यवेक्षकों और प्रगणकों की नियुक्ति तथा प्रशिक्षण में विलंब हो रहा है। उल्लेखनीय है कि इन कार्मिकों का प्रशिक्षण 10 अप्रैल 2026 से प्रस्तावित है। शासन द्वारा जनपद के सभी तहसीलदार, नगर पालिका व नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी तथा नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त को चार्ज जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो अपने-अपने क्षेत्रों में पर्यवेक्षक और प्रगणकों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि अधिकारियों और कार्मिकों की सूची उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध जनगणना अधिनियम 1948 के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों से जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में पूर्ण सहयोग देने की अपील की है।

# टीआरई-4 में विलंब कर लाखों युवाओं के जीवन से खिलवाड़ बंद करे राजग सरकार : तेजस्वी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई)-4 में विलंब कर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार लाखों युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है।

उन्होंने मांग की कि शिक्षक भर्ती के लिए टीआरई-4 की रिक्तियां अविलंब निकाली जाएं। बयान जारी कर यादव ने कहा कि 17 महीनों की महागठबंधन सरकार के दौरान उनकी पहल पर शिक्षा विभाग ने युद्ध स्तर पर टीआरई-1 तथा टीआरई-2 के तहत निर्धारित समय सीमा के भीतर बिना किसी पेपर लीक के, पारदर्शी तरीके से 2.20 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया था। उन्होंने दावा किया कि टीआरई-3 की प्रक्रिया भी शुरू कराई गई थी, लेकिन जनवरी 2024 में उनकी सरकार के हटने के बाद पेपर लीक के कारण परीक्षा रद्द कर दी गई और बाद में यह परीक्षा भी विलंब से आयोजित हुई। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि चुनावी वर्ष 2025 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की रिक्तियों की गणना कर जल्द ही टीआरई-4 परीक्षा आयोजित करने का वादा किया था, लेकिन उस घोषणा को लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक रिक्तियां जारी नहीं की गई हैं। यादव ने कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) कैलेंडर के अनुसार, यह परीक्षा अगस्त 2024 में हो जानी चाहिए थी, लेकिन विभिन्न कारणों से इसे टाल दिया गया। बाद में अक्टूबर 2025 में परीक्षा कराने की बात कही गई, परंतु आचार संहिता लागू होने के कारण परीक्षा फिर स्थगित हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव संपन्न होने और सरकार बनने के बाद भी शिक्षक अभ्यर्थियों को इंतजार करना पड़ रहा है। राजद नेता ने कहा कि उनके उपमुख्यमंत्री रहते हुए 17 महीनों में पांच लाख युवाओं को नौकरी दी गई और 3.5 लाख से अधिक नौकरियों की प्रक्रिया शुरू कराई गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार बार-बार परीक्षाएं टालकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है, जिससे अभ्यर्थियों की आयु सीमा पार हो रही है और उनमें निराशा बढ़ रही है। यादव ने कहा कि टीआरई-4 की रिक्तियां लाखों युवाओं के भविष्य से जुड़ा मामला है। उन्होंने राजग सरकार से अपील की कि इस प्रक्रिया को जल्द शुरू कर युवाओं की उम्मीदों को पूरा किया जाए।

# दिल्ली के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री जीजीएसआईपीयू के दीक्षांत समारोह में हुए शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता गुरुवार को गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) के 18वें दीक्षांत समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर कुलपति डॉ. महेश वर्मा उपस्थित रहे। उपराज्यपाल ने दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, जिज्ञासा और समर्पण ने उनको आज इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने तेजी से हो रहे तकनीकी परिवर्तन के इस युग में स्नातकों से आग्रह किया कि वे डिग्री से आगे बढ़कर सीखने, अनुकूलनशीलता और नवाचार की आजीवन यात्रा को अपनाएं। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया को समस्या-समाधानकर्ताओं की आवश्यकता है। विद्यार्थी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकासित भारत और एक विकसित दिल्ली के विजन में सार्थक योगदान देने के लिए तैयार रहें। उपराज्यपाल ने कहा कि युवा गुरु गोविंद सिंह की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते




हुए ईमानदारी और सेवा भावना के साथ नवाचार का उदाहरण प्रस्तुत करते रहें। मुख्यमंत्री ने आज यहां मेडल और डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी 'विकसित भारत' के संकल्प को आगे ले जाने वाली शक्ति हैं। उनकी सफलता ही देश की सफलता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था में नए बदलाव तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली का शिक्षा बजट बढ़कर 19,326 करोड़ रुपये हो गया है। स्कूल बेहतर हो रहे हैं, कक्षाएं आधुनिक बन रही हैं और छात्रों को नई तकनीक के साथ पढ़ाई के अवसर मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवाओं को जिस तरह की शिक्षा चाहिए, जैसी सुविधाएं चाहिए, हमारी सरकार उसी पर फोकस कर रही है।

# पटियाला के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं जांच जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटियाला। पंजाब के पटियाला में कई स्कूलों को बृहस्पतिवार को बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल प्राप्त हुए, जिसके बाद अधिकारियों ने जांच शुरू की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ते, खोजी कुत्ते और पुलिस दल स्कूलों की ओर तुरंत रवाना हुए। उन्होंने बताया कि परिसर में तलाशी अभियान जारी है। यह खबर हाल के हफ्तों में पंजाब और हरियाणा के कई स्थानों से मिली ऐसी ही धमकियां मिलने की खबरों के बाद आई है, जिनमें बाद में यह ईमेल झूठे साबित हुए थे। कुछ दिनों पहले चंडीगढ़ के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल मिले थे, लेकिन जांच के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया।

# अशोक सम्राट भवन निर्माण से 40 परिवारों पर पुनर्वास का संकट, वैकल्पिक जमीन की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

किशनगंज। ठाकुरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के खोपरापट्टी में प्रस्तावित अशोक सम्राट भवन निर्माण को लेकर करीब 40 परिवारों के सामने पुनर्वास का संकट खड़ा हो गया है। वर्षों से सरकारी भूमि पर रह रहे ये परिवार अब बेघर होने की आशंका से चिंतित हैं और प्रशासन से वैकल्पिक जमीन उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं। इसी मांग को लेकर प्रभावित परिवारों के प्रतिनिधियों ने नगर पंचायत के मुख्य पार्षद सिकंदर पटेल के नेतृत्व में ठाकुरगंज अंचल कार्यालय पहुंचकर अंचलाधिकारी मृत्युंजय कुमार से मुलाकात की। इस दौरान सभी 40 परिवारों की ओर से संयुक्त आवेदन सौंपते हुए खुद को



भूमिहीन बताते हुए रहने के लिए वैकल्पिक जमीन उपलब्ध कराने की मांग की गई। परिवारों का कहना है कि वे कई वर्षों से उक्त स्थान पर रहकर अपना जीवन यापन कर रहे थे। अब अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया और अशोक सम्राट भवन निर्माण की योजना सामने आने के बाद वे अचानक बेघर होने की स्थिति में पहुंच गए हैं। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि भवन निर्माण से पहले उनके पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्य पार्षद सिकंदर पटेल ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन गरीब और भूमिहीन परिवारों के अधिकारों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जब तक प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था नहीं होती, तब तक उन्हें विस्थापित नहीं किया जाए। साथ ही उन्होंने परिवारों को हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिया। वहीं अंचलाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने बताया कि 40 परिवारों की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आधार पर सभी परिवारों की स्थिति की जांच कराई जाएगी। यदि जांच में परिवार भूमिहीन पाए जाते हैं, तो सरकारी नियमों के तहत उन्हें जमीन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# खनुआ नाला और ड्रेनेज सिस्टम का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सारण। आगामी मानसून और बरसात के मौसम में शहरवासियों को जलजमाव से निजात दिलाने के लिए जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने नगर निगम, बुडको, आरसीडी और पुल निर्माण निगम के अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न हिस्सों, खनुआ नाला और प्रमुख ड्रेनेज प्वाइंट्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खनुआ नाले पर बनी अवैध झोपड़ियों और अतिक्रमण को देख नाराजगी जताई। उन्होंने अंचलाधिकारी सदर को प्राथमिकता के आधार पर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। रूपगंज स्थित आईपीएस-1 और स्लुइस गेट की जांच करते हुए उन्होंने पाया कि निर्मित नाले और आईपीएस के बीच लगभग 50 मीटर का गैप है।

डीएम ने इस हिस्से में तत्काल पक्का नाला निर्माण को कार्ययोजना में शामिल करने का आदेश दिया। साथ ही जटहि पोखरा के पास जल निकासी में बाधा बन रहे अतिक्रमण को भी शीघ्र साफ करने को कहा। डीएम ने स्पष्ट किया कि वर्षा ऋतु में भी एसटीपी और आईपीएस पूरी क्षमता के साथ क्रियाशील रहने चाहिए। इसके लिए उन्होंने आवश्यकतानुसार जाली और फिल्टर लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी भिखारी ठाकुर चौक, छोटी तेलपा, गड़खा ढाला और 50 बी ढाला भी पहुंचे। उन्होंने रेलवे लाइन के किनारे स्थित नालों की सफाई के लिए रेलवे के साथ समन्वय स्थापित कर कलवर्ट से सीधे जोड़ने की बात कही। इसके अलावा, कारिंगा में तेल नदी तक नाले की गहरी उड़ाही मनरेगा के माध्यम से कराने हेतु उपविकास आयुक्त को जिम्मेदारी सौंपी गई। शहर की ड्रेनेज व्यवस्था को और सटीक बनाने के लिए पूरे छपरा शहर का ड्रोन सर्वे कराया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस सर्वे के आधार पर नगर निगम के साथ पुनः बैठक कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जल निकासी की व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर नगर आयुक्त, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, बुडको के परियोजना निदेशक और आरसीडी के कार्यपालक अभियंता समेत कई जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिहार के फारबिसगंज में ठेला लगाने के सवाल पर हुए विवाद में डबल मर्डर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** बिहार में अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र के कृषि उत्पादन बाजार समिति के गेट संख्या दो के पास ठेला लगाने के सवाल पर ठेला दुकानदार और पिकअप के ड्राइवर विवाद में दोनों की हत्या हो गई। पुलिस के मुताबिक ठेला चालक दुकानदार राहुल चौहान जो फारबिसगंज थाना क्षेत्र के ही चौहान टोला वार्ड संख्या चार का रहने वाला था। जिसने ड्राइवर से विवाद के बाद उसकी गला काटकर हत्या कर दी। ड्राइवर जोगबनी नगर परिषद क्षेत्र के अमौना वार्ड संख्या 21 नबी हुसैन पिता मो मुद्दीन था। ठेला दुकानदार प्रतिदिन ठेला लगाकर सत्तू और अनानास बिक्री करने का काम करता था। घटना को अंजाम देने के बाद ठेला दुकानदार कृषि उत्पादन बाजार समिति में बन रहे गोदाम की ओर झाड़ी में छिप गया। जहां मौके पर



पहुंची पुलिस और भीड़ ने झाड़ी से उसे बाहर निकाला।पुलिस जब आरोपी ठेला दुकानदार को लेकर सुरक्षित ठिकाने की ओर ले जा रहा था तो आक्रोशित भीड़ ने पुलिस कस्टडी से आरोपी ठेला दुकानदार को छीनकर उनकी पिटाई कर दी और पीटते पीटते उनकी हत्या कर दी।जिसके बाद मौके पर फारबिसगंज एसडीएम अभय कुमार तिवारी और एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा,फारबिसगंज थानाध्यक्ष मनोज कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस अधिकारी और बल मौके पर पहुंच मामले की तफ्तीश में जुट गए हैं।पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में ले लिया है। घटना के बाद पुलिस प्रशासन और अवैध ऑटो स्टैंड के सवाल पर आक्रोशित लोगों ने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है।कृषि उत्पादन बाजार समिति (विघटित) के दरवाजे के साथ ही सुभाष चौक अन्य स्थानों पर सड़क जाम कर दिया और आगजनी कर प्रदर्शन कर रहे हैं।लोगों ने घटना के बाद पुलिस प्रशासन को सूचना देने के बावजूद काफी देर बाद पहुंचने का आरोप लगाया है। मौके पर एसडीएम अभय कुमार तिवारी,एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा,थानाध्यक्ष मनोज कुमार सहित कई थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर आक्रोशित लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। मामले को लेकर फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने तत्काल कहा कि ठेला लगाने के सवाल पर हुए विवाद में घटना हुई है।पहले पिकअप ड्राइवर की गला रेतकर धड़ से सर को अलग कर दिया गया और उसके बाद आरोपी ठेला दुकानदार की पिटाई से हत्या की गई है।

# जनकपुरी हादसाः दिल्ली पुलिस ने दाखिल की चार्जशीट 30 अप्रैल को सुनवाई

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने द्वारका कोर्ट में जनकपुरी में दिल्ली जल बोर्ड के खुले गड्ढे में गिरकर बाइक सवार की मौत के मामले में चार्जशीट दाखिल की है। जुडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास हरजोत सिंह औजला ने चार्जशीट पर 30 अप्रैल को सुनवाई करने का आदेश दिया। कोर्ट ने 30 अप्रैल को जांच अधिकारी और एसएचओ को तलब किया है। दिल्ली पुलिस ने चार्जशीट में आपराधित साजिश और गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाया है। दिल्ली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 05, 238ए, 238(बी), 61(2) और 340(2) के तहत आरोप लगाए हैं। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में राजेश कुमार प्रजापति और योगेश प्रजापति समेत तीन लोगों को आरोपित बनाया है। कोर्ट ने 8 अप्रैल को ठेकेदार राजेश कुमार प्रजापति की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। राजेश प्रजापति ने पुलिस थाने में गैरकानूनी रुप से हिरासत में रखने का आरोप लगाया था। कोर्ट ने कहा था कि सामने वाले गेट की सीसीटीवी फुटेज, गिरफ्तारी मेमो, जनरल डायरी एंट्री और कॉल डिटेल ये साबित करते हैं कि आरोपित को गैरकानूनी रुप से हिरासत में नहीं रखा गया था।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063